WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 268 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

नजर लागी राजा तोरे बंगले पर...की इस तर्ज पर भाजपा ने नई दिल्ली के भूतपूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल के शीशमहल को मुद्दा बना लिया है। जवाब में आम आदमी पार्टी के खास नेताओं ने प्रधानमंत्री आवास को लेकर बयानबाजी शुरू कर दी है। नई दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी अपने बंगले को लेकर अलग ही रोना रो रही हैं। कुल मिलाकर नई विधानसभा चुनाव में शीशमहल बनाम राजमहल को लेकर सियासत होने लगी है। आपीये यह गा रहे हैं- ये तेरा घर ये मेरा घर किसी को देखना हो गर तो पहले आकर मांग ले तेरी नजर, मेरी नजर।

सर्चिंग में मृत ड्राइवर के शव का अवशेष, परिजनों ने दोबारा किया अंतिम संस्कार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश । बीजपुर जिले के कुटरू अंबेली में नक्सलियों के आईईडी बम ब्लास्ट में 8 जवान और एक सिविलियन ड्राइवर शहीद हुआ था। बंद ताबूत में मृतक ड्राइवर तुलेश्वर राणा के शव का अंतिम संस्कार उसके गृहग्राम आरापुर में ससम्मान किया गया। घटना स्थल पर डीआरजी के जवान लगातार सर्चिंग कर रहे। आज जवानों को मृतक वाहन चालक के शव का एक अवशेष पास की ही नाला में मिला. इस अवशेष को दंतेवाड़ा पुलिस ने मृतक तुलेश्वर राणा के परिजनों को सुपुर्द किया। मृतक ड्राइवर के शव के अवशेष का आज परिजनों ने गीदम श्मशान गृह में दोबारा अंतिम संस्कार किया।

हाल ही में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर डीआरजी जवानों से भरी स्कार्पियो को उड़ा थी, जिसमें 8 जवानों शहीद हुए थे. वहीं बस्तर जिले

के केशलूर थाना क्षेत्र के आरापुर गांव का एक सिविलियन ड्राइवर तुलेश्वर राणा की मौत हुई थी। 7 जनवरी को सभी शहीद जवानों और सिविलियन ड्राइवर तुलेश्वर राणा को सलामी दी गई, जिसके बाद बंद ताबूत में मृतक तुलेश्वर राणा के शव का अंतिम संस्कार उसके गृहग्राम में किया गया। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने बताया, ब्लास्ट वाली जगह पर लगातार सर्चिंग की जा रही थी। इस दौरान डीआरजी जवानों को मृत ड्राइवर तुलेश्वर राणा के शरीर का और अवशेष अंबेली नाला में दिखा। इसकी फॉरेंसिक कार्यवाही पूरी करने के बाद परिजनों को सौंपा गया। इधर मृतक तुलेश्वर राणा के परिजन में बड़ा भाई लखीराम राणा, बड़े पिताजी का बड़ा बेटा वरुण कुमार राणा और मामा पहुंचे थे, जिन्होंने पुलिस के बीच में शव के शेष अवशेष का दोबारा गीदम श्मशान गृह में दाह संस्कार किया।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान आज दुर्ग में किसान मेला में शामिल होंगे

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 10 जनवरी को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। प्रवास के दौरान कृषि मंत्री प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री आवास की सौगात देंगे, इसके अलावा कुम्हारी में किसान मेला में शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का मिनट टू मिनट शेड्यूल जारी हुआ है। जिसके अनुसार, केंद्रीय मंत्री सुबह 11.15 बजे रायपुर पहुंचकर नगपुरा के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12.10 से 12.25 मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। दोपहर 12.40 से 12.55 प्रधानमंत्री आवासीय योजना कार्यक्रम में शामिल होंगे।

राष्ट्रपति मुर्मु की मेघालय यात्रा रद्द

शिलांग (वार्ता) । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गुरुवार को निर्धारित मेघालय यात्रा खराब मौसम के कारण रद्द हो गई है। राष्ट्रपति को मेघालय के री-भोई जिले के उमियाम में पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन करना था। आईसीएआर के एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति ने खराब मौसम के कारण राज्य का अपना दौरा रद्द कर दिया है। उनकी यात्रा की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

माता-पिता से अपनी पढ़ाई का खर्च वसूल सकती है बेटी

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक दंपति के विवाद को लेकर सुनवाई करते हुए अहम फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेटी को अपने माता-पिता से पढ़ाई का खर्च वसूलने का पूरा अधिकार है। माता-पिता को उनके आय के साधनों के भीतर आवश्यक धनराशि प्रदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है। 26 साल से अलग रह रहे दंपति के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। दंपति की बेटी आयरलैंड में पढ़ रही थी। बेटी ने पिछले दिनों अपनी मां को दिए जा रहे कुल गुजारा भत्ते के हिस्से के रूप में अपने पिता द्वारा उसकी पढ़ाई के लिए दिए गए 43 लाख रुपए लेने से इनकार कर दिया था।

अमेरिकी राजदूत गार्सेटी ने भारत में अपने कार्यकाल को बताया अद्भुत

मुंबई(ए.)। अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने भारत में अपने कार्यकाल, भारत-अमेरिका के बीच के संबंध और कनाडा में राजनीतिक अस्थिरता पर बात की। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में काम करना मेरे जीवन का सबसे अद्भुत काम रहा है। अमेरिका-भारत सीमाओं का सम्मान करना जानते हैं। उन्होंने कहा कि शांति बनाए रखने का सबसे बड़ा तरीका युद्ध को रोकना है। सबसे बड़ी चुनौती उन लोगों से है जो अपने शक्ति के आधार पर नियमों को परिभाषित करते हैं, चाहे वह दक्षिण चीन सागर हो, भारतीय महासागर हो या लाल सागर। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और भारत दोनों यह समझते हैं कि सीमाओं का सम्मान किया जाना चाहिए और शांति बनाए रखने का एकमात्र तरीका सही नियमों का पालन करना है।

केंद्र सरकार ने जाट समुदाय को धोखा दिया: केजरीवाल

नयी दिल्ली (वार्ता)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर दिल्ली के जाट समुदाय के साथ धोखा देने का आरोप लगते हुए कहा कि कई बार वादों के बावजूद जाट समुदाय को केंद्र की ओबीसी सूची में नहीं डाला गया। जिससे उन्हें शिक्षा और नौकरियों में लाभ नहीं मिल रहा है। केजरीवाल ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली के जाट समुदाय दिल्ली के अंदर ओबीसी के अंतर्गत आते हैं लेकिन केंद्र की सूची में वह ओबीसी में नहीं आते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की तरफ़ से कई मौकों पर दिल्ली के जाट समुदाय को केंद्र की ओबीसी सूची में डालने का वादा किया लेकिन अब तक उसे पूरा नहीं किया गया।

लोहा फैक्ट्री की चिमनी गिरने से छह मजदूरों की मौत

25 से ज्यादा मलबे में दबे होने की आशंका

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली जिले के सरगांव में बीते गुरुवार की शाम निर्माणाधीन कुसुम प्लांट में चिमनी गिरने से कई मजदूर चपेट में आ गए। 25 से ज्यादा मजदूर दब गए हैं। वही आधा दर्जन मजदूरों के मौत की खबर है। जानकारी के मुताबिक हादसा सरगांव थाना क्षेत्र के रामबोड़ इलाके में स्थित निर्माणाधीन कुसुम प्लांट फैक्ट्री में हुआ है। कुसुम प्लांट में लोहे की पाइप बनाने वाली फैक्ट्री है।

गुरुवार को फैक्ट्री निर्माण का कार्य चल रहा था। कई मजदूर निर्माण कार्य में जुटे हुए थे, तभी अचानक फैक्ट्री की चिमनी गिर गई, इसकी चपेट में काम कर थे दर्जनों मजदूर आ गए। घटना के बाद फैक्ट्री में लोगों की चीख पुकार मच गई।

बताया जा रहा है 25 से ज्यादा मजदूर दब गए हैं। वही 6 से ज्यादा लोगों के मौत की खबर है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। मलबे में फंसे लोगो को निकालने की कोशिश जारी है। हादसे के बाद घटनास्थल के पास बड़ी संख्या में स्थानीय और परिजन जुट गए हैं, उनकी मांग है कि हादसे की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। प्रभावित परिवारों ने प्लांट प्रबंधन से मुआवजे की मांग की है।

एसपी का कहना है : मुंगेली एसपी भोजराज पटेल ने बताया कि पुलिस प्रशासन और प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। फिलहाल, तीन से चार लोगों के दबे होने की आशंका है। मलबा हटने के बाद ही पूरी स्थिति साफ हो पायेगी। आपदा प्रबंधन और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर बचाव कार्य में लगी है।

हमारा भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में है : मोदी

■ संस्कृति और मूल्यों को जीवंत बनाए रखते हैं प्रवासी भारतीय

भुवनेश्वर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि हमारी विरासत हमें सिखाती है कि भविष्य युद्ध में नहीं बल्कि बुद्ध में है। साथ ही उन्होंने प्रवासी भारतीयों को भारत का सच्चा राष्ट्रदूत बताते हुए कहा कि वे जिस भी देश में जाते हैं, वहां भारतीय संस्कृति और मूल्यों को जीवंत बनाए रखते हैं।

मोदी ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में जनता मैदान में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का भव्य उद्घाटन करते हुए यह बात कही।

दुनियाभर से आए प्रवासी भारतीय इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। भारत की प्रगति, संस्कृति और विकास यात्रा से जुडऩे का अवसर ओडिशा ने प्राप्त किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में ओडिशा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को भारत की समृद्ध परंपरा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, ओडिशा की भूमि पर हर कदम पर

■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) के आयोजन स्थल जनता मैदान से गुरुवार को विशेष अत्याधुनिक पर्यटक ट्रेन प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस की उद्घाटन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यह विशेष पर्यटक ट्रेन विशेष रूप से भारतीय प्रवासियों के लिए डिज़ाइन की गई है। मोदी ने इस अवसर पर कहा कि विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाना 1915 में महात्मा गांधी की दक्षिण अफ्रीका से भारत वापसी की वर्षगांठ के साथ मेल खाता है। इसी दिन 1915 में महात्मा गांधी लंबे समय तक विदेश में रहने के बाद भारत लौटे थे।

सुकमा-बीजापुर सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

सुकमा (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिलों की सीमा से लगे कोर माओवादी क्षेत्र में गुरुवार की सुबह सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ के दौरान तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया गया।

सुकमा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण चव्हाण ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ के बारे में आगे की जानकारी ऑपरेशन पूरा होने के बाद अलग से जारी की जाएगी।

सुकमा डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन (कोबरा) की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को शुरू किया गया यह ऑपरेशन, क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया था। पूरे दिन छिटपुट गोलीबारी की खबरें मिलती रहीं। इस बीच बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने कहा कि माओवादियों के कोर जोन में यह मुठभेड़ हो रही है। सुकमा

■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलियों के मंसूबों पर फिरा पानी, जवानों ने आईईडी किया निष्क्रिय

बीजापुर में सुरक्षाबलों और जवानों ने एक फिर से नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेरा है। नक्सलियों द्वारा पगडंडी रास्ते पर प्लांट की गई दो आईईडी को जवानों ने बरामद कर उसे निष्क्रिय कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उसूर ब्लॉक के आवापल्ली थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ और आवापल्ली थाना की संयुक्त पार्टी आरओपी व डिमाइनिंग ड्यूटी पर निकली थी। इस दौरान ग्राम मुरदण्डा के पास पगडंडी रास्ते पर नक्सलियों द्वारा बीयर बॉटल में लगी रखी दो आईईडी को जवानों ने बरामद किया और सुरक्षाबलों की टीम ने उसे मौके पर ही सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। जवानों की सतर्कता और सूझबूझ से समय पर आईईडी बरामद कर उसे नष्ट किया गया।

बेटे समेत लखमा से ईडी की पूछताछ

■ ईडी के छापे में मिले हैं घोटाले से जुड़े महत्वपूर्ण इनपुट

रायपुर/नवप्रदेश। शराब घोटाला मामले में कवासी लखमा और उनके पुत्र हरीश लखमा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। 28 दिसंबर को ईडी ने पूर्व मंत्री लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा के ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी में ईडी ने नकद लेनदेन के सबूत मिलने की जानकारी दी थी।

3 जनवरी को दोनों को पूछताछ के बाद छोड़ा गया था। गुरुवार को फिर कवासी लखमा और उनके बेटे

हरीश लखमा ईडी दफ्तार पहुंचे हैं, जहां ईडी दोनों से फिर पूछताछ कर रही।

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2 हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) गुरुवार को दूसरी बार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा से पूछताछ कर रही। इससे पहले 3 जनवरी को ईडी ने दोनों से पूछताछ की थी। इस दौरान कुछ दस्तावेजों के लिए पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने ईडी से समय मांगा था।

बता दें कि इस मामले में रायपुर के मेयर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर सहित कई अधिकारी और शराब व्यवसायी शराब घोटाले के मामले में जेल में बंद हैं।

शंभू बॉर्डर पर किसान ने पिया जहर, अस्पताल में तोड़ा दम

तीन दिन पहले मोर्चे में आए थे रेशम

पटियाला/मोगा (पंजाब) (ए.)। खनौरी और शंभू बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों के सब्र का बांध टूटने लगा है। वीरवार को किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के किसान ने शंभू मोर्चा पर सल्फास (जहर) निगल लिया। किसान ने आत्महत्या की कोशिश की है। किसान के सल्फास निगलने के तुरंत बाद उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे

अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। पंजाब के तरनतारन के किसान रेशम सिंह शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में बीते तीन दिन पहले ही शामिल हुए थे।

■ शेष पृष्ठ 6 पर

उत्तराखंड में इसी माह लागू होगा समान नागरिक संहिता कानून

विधेयक तैयार, बरेली में बोले सीएम धामी

बरेली (ए.)। उत्तराखंड जनकल्याण समिति की ओर से आयोजित उत्तरायणी मेले में शामिल हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि लैंड जेहाद बड़ी समस्या थी इसपर अंकुश के लिए कानून के तहत पांच हजार एकड़ जमीन कब्जा मुक्त कराई। वहीं, थूक जेहाद पर भी कार्रवाई की। क्योंकि दुनियाभर में देवभूमि शुद्धता के लिए पहचानी जाती

है। लिहाजा थूक जेहाद पर कार्रवाई का नियम बनाया। बाबा साहब ने संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिकता कानून का प्रावधान किया था। ताकि प्रदेश और देश ने समान नागरिक कानून संहिता लागू हो।

गरमा-गरम

अयोध्या... रामलला के वस्त्र की बुनाई-कढ़ाई सोने-चांदी के तारों से की जा रही, 11 जनवरी को होगा भव्य अभिषेक

प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर पीतांबरी पोशाक पहनेंगे रामलला

अयोध्या(ए.)। प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव पर 11 जनवरी को राम मंदिर में विराजमान बालकराम पीतांबरी पहनकर दर्शन देंगे। रामलला की उत्सव मूर्ति व बालक राम के लिए दिल्ली में विशेष वस्त्र तैयार किए जा रहे हैं। इन वस्त्रों की बुनाई व कढ़ाई सोने-चांदी के तार से की जा रही है। साथ ही जगह-जगह चांदी की छाप भी बनाई जा रही है। यह वस्त्र 10 जनवरी तक अयोध्या पहुंच जाएंगे।रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर तीन दिवसीय समारोह 11, 12 व 13 जनवरी को आयोजित होगा। 11 जनवरी को समारोह का शुभारंभ रामलला के अभिषेक से होगा।

सुबह 10 बजे से रामलला के पूजन व अभिषेक का सिलसिला शुरू होगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जिस विधिविधान से रामलला का अभिषेक किया गया था, उसी तर्ज पर प्रतिष्ठा द्वादशी पर भी रामलला का अभिषेक पंचामृत, सरयू जल आदि से किया जाएगा। अभिषेक-पूजन के बाद ठीक 12.20 बजे रामलला की महाआरती होगी। 22 जनवरी को 12.20 बजे ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान हुआ था। वहीं रामलला के लिए वस्त्र डिजाइनर मनीष त्रिपाठी विशेष वस्त्र तैयार कर रहे हैं। ट्रस्ट की ओर से मिली जानकारी के अनुसार रामलला के वस्त्र की बुनाई-कढ़ाई सोने-चांदी के तारों से की जा रही है। यह वस्त्र अन्य कई रत्नों से जड़ित

■ शेष पृष्ठ 6 पर

आरती में शामिल हो पा रहे श्रद्धालु

श्रद्धालुओं को रामलला की आरती में भी शामिल होने का मौका मिल रहा है। रामलला की तीन आरती में शामिल होने के लिए पास की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा वीआईपी दर्शन के लिए दो तरह के पास भी जारी किए जाते हैं। तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र परिसर में अपोलो की ओर से आधुनिक सुविधा से युक्त इमरजेंसी अस्पताल भी खोल दिया गया है। दर्शन के दौरान बीमार होने पर श्रद्धालुओं को तत्काल इलाज मिल सकेगा। दर्शन पथ पर मोबाइल चार्जिंग सेंटर भी बनाए गए हैं। खोया पाया कैंप, जगह-जगह सेल्फी पॉइंट की भी सुविधा है।

भव्यता में भी अव्वल राम मंदिर

अयोध्या का राम मंदिर न सिर्फ भव्यता बल्कि सुविधाओं के मामले में भी अव्वल साबित हो रहा है। रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने को हैं। एक साल में राम मंदिर में कई सुविधाएं विकसित की गई हैं। अब श्रद्धालुओं को रामलला के सुगम दर्शन प्राप्त हो रहे हैं। इसके चलते श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ी है। रोजाना एक लाख भक्त पहुंच रहे हैं।

महाकुंभ से पहले अलर्ट मोड में रेलवे, ट्रेन-स्टेशन से लेकर ट्रैक की सुरक्षा के लिए प्लान तैयार

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 और गणतंत्र दिवस के अलावा प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को लेकर देशभर की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर है। इसी को लेकर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और 11 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस अफसरों की मीटिंग में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान तय किया गया कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले महाकुंभ के लिए आने वाली सभी ट्रेनों की सघन तलाशी ली जाएगी।

ताकि देश विरोधी ताकतें किसी तरह की गड़बड़ी में कामयाब नहीं हो सकें। इसे देखते हुए राजधानी दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज समेत यूपी के अधिकांश रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

दरअसल, आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी कर महाकुंभ को टारगेट करने की धमकी दे रखी है। खुफिया इनपुट भी हैं कि आतंकी दहशत फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। राजधानी दिल्ली से 32 स्पेशल और 21 अनारक्षित ट्रेनें महाकुंभ के दौरान चलेंगी। ऐसे में बैठक में अफसरों का कहना था कि, आतंकी ट्रेनों को टारगेट कर सकते हैं। इसलिए हर ट्रेन को अच्छी तरह से चेक किया जाए। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के खास इंतजाम हो, ताकि आतंकी मंसूबे कामयाब नहीं हो सकें। सभी राज्यों ने महाकुंभ को लेकर रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने का भरोसा दिया।

रेलवे अधिकारियों ने अमर उजाला से चर्चा में कहा कि, महाकुंभ के मद्देनजर भारतीय रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर रखा है। न केवल प्रयागराज, बल्कि आसपास के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा एजेंसियां मुस्तैद हैं। रेलवे स्टेशनों, सर्कुलेटिंग एरिया और ट्रेनों में लगातार चेकिंग की जा रही है। जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस के जवान रेलवे ट्रैक पर भी पेट्रोलिंग कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर जीआरपी और आरपीएफ के जवानों के साथ ही अतिरिक्त फोर्स भी बढ़ा दी गई है। इसमें यूपी होमगार्ड के जवानों के साथ ही पीएससी बटालियन भी शामिल हैं। जीआरपी और आरपीएफ के जवान लगातार रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म, ट्रेनों और सर्कुलेटिंग एरिया में गश्त कर रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि,रेलवे स्टेशन और ट्रेनों की चैकिंग के अलावा रेलवे ट्रैक पर भी आरपीएफ और जीआरपी के जवान गश्त कर रहे हैं। इतना ही नहीं आरपीएफ और जीआरपी के जवान ट्रेन में सफर कर रहे लोगों से लगातार यात्रा के दौरान सतर्क रहने की अपील भी कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से होकर प्रयागराज की ओर जाने वाली ट्रेनों में रेलवे से जुड़ी सुरक्षा एजेंसियां विशेष सतर्कता बरत रही हैं।

महाकुंभ में आरपीएफ के 500 जवानों की तैनाती

उधर, प्रयागराज मेले के दौरान ट्रैक की निगरानी के लिए रेलवे सुरक्षा बल के 500 जवानों को लगाया गया है। इतना ही नहीं, बल को आधुनिक उपकरणों से भी लैस किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के आईजी आरपीएफ अमिय नंदन सिन्हा का कहना है कि आरपीएफ हर मोर्चे को संभालने के लिए तैयार है। अलग-अलग शिफ्ट में जवान 24 घंटे विभिन्न स्थानों पर ट्रैक की निगरानी करेंगे। इसके अलावा आरपीएफ की विशेष कोरस कंमाडो ड्रोन कैमरों और एक हजार सीसीटीवी से निगरानी करेंगे। आईजी आरपीएफ के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस कैमरों में अपराधियों व संदिग्ध आंतकियों को ट्रेस करने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण एवं भगदड़ के लिए रेलवे ने दो प्लान तैयार किए हैं। एक आंतरिक और दूसरा बाहरी। स्टेशनों पर आगजनी, बमबाजी या विस्फोट जैसी घटनाओं को रोकने लिए पहले से तैयारी चल रही है।

■ न्यूज गैलरी

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के लिये अब तक 2.8 करोड़ पंजीकरण

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के लिये अब तक देश-विदेश के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से 2.79 करोड़ से अधिक पंजीकरण कराये गये हैं।यह जानकारी मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में दी गयी। पीपीसी का यह आठवां संस्करण है। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण माईगोवडॉटइन पर 14 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हुआ और 14 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। परीक्षा के सीजन में विद्यार्थियों का तनाव कम करने के उद्देश्य से हर साल आयोजित किया जा रहा यह कार्यक्रम लोकप्रिय होता जा रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह इंटरैक्टिव कार्यक्रम शिक्षा का एक बहुप्रतीक्षित उत्सव बन गया है। मंत्रालय ने कहा है कि इस कार्यक्रम के लिये पंजीकरण के नये रिकॉर्ड बन रहे हैं और यह एक जन आंदोलन के रूप में इसकी लोकप्रियता को प्रदर्शित करता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पीपीसी की भावना के अनुसार, 12 जनवरी, राष्ट्रीय युवा दिवस से 23 जनवरी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती तक पूरे देश में स्कूल स्तर पर कई आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें स्वदेशी खेल प्रतियोगिताएं, मैराथन दौड़, मीम प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, योग और ध्यान सत्र, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रेरणादायक फिल्मों का प्रदर्शन, मानसिक स्वास्थ्य कार्यशालाएं और परामर्श सत्र तथा कविता, गीत आदि का गायन-प्रदर्शन शामिल हैं।

घायलों को श्री वेंकटेश्वर रामनारायण रुइया सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में भगदड़ 6 लोगों की मौत की खबर, 40 घायल

अमरावती। आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में बुधवार को भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भगदड़ वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट वितरण केंद्र के पास मची, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। वहीं घटना में 40 लोग घायल हुए हैं। घायलों को श्री वेंकटेश्वर रामनारायण रुइया सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह से करीब 4000 श्रद्धालु तिरुपति में विभिन्न टिकट केंद्रों पर वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट के लिए कतार में खड़े थे। यह घटना तब हुई जब श्रद्धालुओं को बैरागी पट्टी पार्क में टोकन वितरण के लिए कतार में लगने के लिए कहा गया था।

मृतकों में एक की पहचान मल्लिका के रूप में हुई है। मल्लिका के पति ने बताया, जब मेरी पत्नी और अन्य लोग वैकुंठ द्वार दर्शन के लिए टिकट लेने की कोशिश कर रहे थे, तभी भगदड़ मच गई, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड (टीटीडी) के अध्यक्ष बीआर नायडू ने कहा कि 'भगदड़ में छह लोगों के मारे जाने की खबर है।' नायडू ने घटना के बाद आपात बैठक की। एक दिन पहले टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव ने 10 से 19 जनवरी तक होने वाले वैकुंठ एकादशी और वैकुंठ द्वार दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी थी।

मृतकों के परिजनों को मिलेगा 25 लाख रुपये मुआवजा

आंध्र प्रदेश के तिरुमाला हिल्स पर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ एकादशी उत्सव शुरू होने से दो दिन पहले मची भगदड़ को लेकर राज्य सरकार सतर्क है। घटना में छह श्रद्धालुओं की मौत बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद सीएम चंद्रबाबू नायडू तिरुपति मंदिर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद सीएम चंद्रबाबू नायडू घायलों से मिलने एसवीआईएमएस अस्पताल पहुंचे। उधर, आंध्र प्रदेश सरकार ने भगदड़ में मरने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा देने का एलान किया है।

पहली एफआईआर में एक महिला का नाम शामिल

पहले मामले में तमिलनाडु के मेट्टूर सलेम जिले के निवासी 50 वर्षीय आर मल्लिगा शामिल है जो विष्णुनिवासम में दर्शन टोकन के लिए कतार में गिर गई। बलैयापल्ली मंडल के एक तहसीलदार पी. श्रीनिवासुलु ने एक शिकायत दर्ज कराई , जिसमें उन्होंने बताया कि मल्लिगा भक्तों की भीड़ के बीच बेहोश हो गई थी। उसे श्री वेंकटेश्वर रामनारायण रुइया सरकारी जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दूसरी एफआईआर में पांच भक्तों का नाम शामिल

दूसरी एफआईआर, नारायणवनम मंडल के 61 वर्षीय तहसीलदार एम. जयारामुलु द्वारा दर्ज कराई गई, जिसमें पांच अन्य भक्तों की मौत की जानकारी दी गई है। पीड़ितों में कांदिपिलि सांथी, गुडला रजनी, बोड्डेती नायडू बाबू, सूरी सेट्टी लावण्या स्वाथी और निर्मला का नाम शामिल है। कतार में अचानक धक्कामुक्की के कारण वे गिर पड़े। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अमेरिकी राजदूत गार्सेटी ने भारत में अपने कार्यकाल को बताया अद्भुत

मुंबई। अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने भारत में अपने कार्यकाल, भारत-अमेरिका के बीच के संबंध और कनाडा में राजनीतिक अस्थिरता पर बात की। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में काम करना मेरे जीवन का सबसे अद्भुत काम रहा है।

'अमेरिका-भारत सीमाओं का सम्मान करना जानते हैं'

उन्होंने कहा कि शांति बनाए रखने का सबसे बड़ा तरीका युद्ध को रोकना है। सबसे बड़ी चुनौती उन लोगों से है जो अपने शक्ति के आधार पर नियमों को परिभाषित करते हैं, चाहे वह दक्षिण चीन सागर हो, भारतीय महासागर हो या लाल सागर। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और भारत दोनों यह समझते हैं कि सीमाओं का सम्मान किया जाना चाहिए और शांति बनाए रखने का एकमात्र तरीका सही नियमों का पालन करना है। भारत में अपने कार्यकाल के बारे में गार्सेटी ने कहा, 'यह मेरे जीवन का सबसे अद्भुत काम रहा है। मुझे सही समय पर, सही जगह पर और सही रिश्ते के साथ यहां होने का मौका मिला। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि भारत उनके लिए दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण देश है, जो पहले किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने नहीं कहा था।' उन्होंने कहा, 'अगर भविष्य पर काम करना है, तो भारत आओ। वहीं, मैंने यह भी देखा है कि भारत अब अमेरिका में निवेश और सैन्य सहयोग बढ़ा रहा है। यह रिश्ता सीमाओं से परे और अनगिनत संभावनाओं वाला है। हम अगले सप्ताह बंगलूरू में नया वाणिज्य दूतावास खोलने जा रहे हैं। भारत में आशा और प्रगति को देखकर हमें खुशी हो रही है। व्यक्तिगत तौर पर, भारत ने मेरा दिल जीत लिया है।' कनाडा में राजनीतिक अस्थिरता पर उन्होंने कहा, 'यह नेताओं के लिए चुनौतीपूर्ण समय है। लोग अब रातों-रात समाधान चाहते हैं। वे चाहते हैं कि जटिल समस्याओं का हल जल्दी मिले।

महायुति को राहत तो शिवसेना यूबीटी को झटका

मुंबई। महाराष्ट्र में लंब समय से चले आ रहे एक विवाद में महायुति को बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. विवाद राज्यपाल द्वारा मनोनीत 12 एमएलसी से जुड़ा था. उद्धव ठाकरे गुट के नेता और कोल्हापुर शहर अध्यक्ष सुनील मोदी ने विधान परिषद में 12 सीटों को भरे जाने में हो रही देरी और नियुक्तियों को चुनौती दी थी. दरअसल, साल 2022 में तत्कालीन एकनाथ शिंदे सरकार ने पहले की एमवीए सरकार द्वारा मनोनीत नामों की लिस्ट वापस ले ली थी, जिसके बाद शिवसेना यूबीटी ने 'अतिक्रमण' और 'राज्यपाल की निष्क्रियता' का आरोप लगाया था।

अब बॉम्बे हाई कोर्ट ने शिवसेना यूबीटी द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि महायुति सरकार का सूची वापस लेने का फैसला सही है. साल 2020 में इसे लेकर तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और तत्कालीन महाविकास अघाड़ी सरकार के बीच लंबा विवाद चला था।

महायुति का दावा-कैबिनेट बैठक में हुआ था फैसला

एमवीए सरकार ने 6 नवंबर 2020 को तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को 12 मनोनीत एमएलसी की सूची भेजी थी. उस दौरान राज्यपाल ने इस सूची पर कोई कार्रवाई नहीं की थी. इसके बाद 5 सितंबर 2022 को एकनाथ शिंदे की महायुति सरकार ने लिस्ट वापस ले ली थी. महायुति सरकार ने हाई कोर्ट में दावा किया था कि सूची वापस लेने का फैसला कैबिनेट की बैठक में लिया गया था।

हालांकि, शिवसेना यूबीटी की जनहित याचिका में दावा किया गया था कि बिना कारण बताए कैबिनेट ने सूची वापस लेने का फैसला ले लिया, जो कि गलत है।

सीपी राधाकृष्णन ने दी थी 7 नए नामों को मंजूरी

जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस अमित बोरकर की बेंच ने इस बात पर ध्यान दिया कि नामांकनों में राज्यपाल की भूमिका क्या था और क्या अलग-अलग मंत्रिमण्डलों द्वारा लिए गए फैसलों के बीच अंतर होना चाहिए?

वहीं, मौजूदा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले 7 एमएलसी की एक नई लिस्ट को मंजूरी दी थी. इस दौरान सुनील मोदी ने तर्क दिया था कि जब तक कोर्ट में फैसला लंबित है, राज्यपाल इन नामों को मंजूरी नहीं दे सकते थे।

चिंतन शिविर आज उदयपुर में शुभारंभ

नयी दिल्ली(वार्ता)। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी शुक्रवार को राजस्थान के उदयपुर में चिंतन शिविर का उद्घाटन करेंगी, जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास विभागों के मंत्री भी शामिल होंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि 10 से 12 जनवरी तक राजस्थान के उदयपुर शहर में चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

हिंदू धार्मिक स्थलों पर मस्जिदों का निर्माण 'घाव', इसकी 'सर्जरी' जरूरी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर अदालत के आदेश का जोरदार बचाव किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अदालत ने सर्वे का आदेश इसलिए दिया था कि जिससे यह पता लग सके कि संभल की शाही जामा मस्जिद हिंदू मंदिर के ऊपर बनाई गई थी। उन्होंने हिंदू धार्मिक स्थलों पर मस्जिदों के निर्माण को एक 'घाव' बताया और कहा कि इसकी 'सर्जरी' किए जाने की जरूरत है। योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि अगर इसे नजरअंदाज किया गया तो यह कैंसर बन सकता है। याद दिलाना होगा कि पिछले साल नवंबर के महीने में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा हुई थी। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी और 20 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। इसे लेकर कई दिनों तक बीजेपी और मुख्य विपक्षी दल सपा के बीच जुबानी जंग देखने को मिली थी। भारत के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वह किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं हैं और हर उस जगह का सम्मान करते हैं, जहां पर लंबे वक्त से पूजा-प्रार्थना की जा रही हो लेकिन अगर किसी समुदाय के पूजा स्थल को तोड़ा जाता है तो इसकी जोरदार ढंग से आलोचना की जानी चाहिए।

संभल को दे दिया इस्लामिक रूप

योगी ने कहा, "आप देखिए कि संभल को कैसे इस्लामिक रूप दे दिया गया है। हमारे धर्म के सभी प्रतीक चिह्नों को नष्ट कर दिया गया है, उन्हें छुपा दिया गया है या उन्हें सीमेंट से ढक दिया गया है।" योगी ने कहा कि साल 2017 से पहले संभल में लगातार दंगे होते थे।

उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले लिखे गए हिंदू साहित्य में भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि के भविष्य में प्रकट होने का उल्लेख किया गया है। योगी ने ऐतिहासिक पुस्तकों जैसे- आईने अकबरी का हवाला देते हुए कहा कि मुगल बादशाह अकबर के शासनकाल में संभल के कल्कि मंदिर को मस्जिद बना दिया गया था।

अफगानिस्तान में विकास को फिर से रफ्तार देगा भारत,धीरे-धीरे पिघली रिश्तों पर जमी

नई दिल्ली। भारत अपने दशकों पुराने मित्र अफगानिस्तान में विकास को नए सिरे से फिर रफ्तार देगा। दुबई में विदेश सचिव विक्रम मिस्री की अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी के साथ हुई अहम बैठक में इस पर सहमति बनी। बैठक में अफगानिस्तान ने भारत की सुरक्षा चिंताओं को वरीयता देने का आश्वासन दिया और दोनों देशों के बीच क्रिकेट के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी। मुलाकात के संदर्भ में विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि बैठक में दोनों देशों की ऐतिहासिक मित्रता, लोगों के बीच सदियों पुराना मजबूत संपर्क, क्षेत्रीय विकास और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। मानवीय सहायता के लिए मुत्ताकी ने भारत के नेतृत्व की सराहना की। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारत अफगानिस्तान में चल रहे मानवीय सहायता कार्यक्रम के अलावा निकट भविष्य में विकास योजनाओं में शामिल होने पर विचार करेगा। बैठक में व्यापार और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए चाबहार बंदरगाह के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी। भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र और शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए मानवीय मदद बढ़ाने का आश्वासन दिया। भारत ने अब तक तालिबान सरकार को आधिकारिक रूप से मान्यता नहीं दी है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि भारत थोड़ा इंतजार करेगा। अगर तालिबान का रुख वाकई सकारात्मक रहा तब चरणबद्ध तरीके से वहां की सरकार को आधिकारिक मान्यता देने के अलावा फिर से दूतावास खोलने, नई दिल्ली स्थिति बंद पड़े अफगान दूतावास में तालिबान सरकार के राजनयिक की नियुक्ति पर हामी भरेगा।

दिल्ली चुनावी दंगल...

प्रवेश वर्मा ने का आप पर बड़ा आरोप,मुझे देशद्रोही कहा और जाटों का अपमान किया

केजरीवाल मिले मुख्य चुनाव आयुक्त से, कहा प्रवेश वर्मा के चुनाव लड़ने पर लगाएं रोक

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले और चिट्ठी सौंपी। चिट्ठी में उन्होंने नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के घर पर तुरंत रेड करने की बात कही है।

केजरीवाल ने पत्र में आरोप लगाया है कि प्रवेश वर्मा महिलाओं को खुले में 1100 रुपये बांट रहे हैं। वो सरासर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। प्रवेश वर्मा नौकरियों का झांसा देकर वोट मांग रहे हैं। इसके अलावा डीईओ को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड और ट्रांसफर किया जाए।

यूपी-बिहार से लाकर बनाए जा रहे फर्जी वोटर

चुनाव आयुक्त से मिलकर बाहर आने पर प्रेस से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि प्रवेश वर्मा जॉब कार्ड बनवा रहे हैं। यूपी-बिहार से लोगों को लाकर फर्जी वोटर बनवाए जा रहे हैं। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर 13 हजार नए वोटर कैसे बने, बहुत बड़े पैमाने पर घोटाला हो रहा है। प्रवेश वर्मा को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। वहीं प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने मुझे देशद्रोही कहा और जाटों का अपमान किया। दिल्ली में पहली बार जाट मुख्यमंत्री पूजनीय डॉ. साहिब सिंह जी को भाजपा ने ही बनाया था। मुझे देशद्रोही कहा, देशभक्त जाटों का अपमान किया और अब जब नई दिल्ली की सीट खिसकती दिखी, तो जाट आरक्षण का 'नाटक' करने लगे। अरविंद केजरीवाल जी, जाट समाज आपकी सियासी चालों को बखूबी समझ चुका है। अब नई दिल्ली की सीट छोड़कर भाग मत जाना। इस बार जाट के हत्थे चढ़ गए हो, पूरी नई दिल्ली की 36 बिरादरी आपकी जमानत जब्त कराने के लिए तैयार है। और हां, हर बार जाटों को आरक्षण भाजपा ने ही दिया। इतिहास के पन्ने उठा कर देख लो। अरविंद केजरीवाल ने कहा, दिल्ली सरकार की ओबीसी लिस्ट में जाट समाज का नाम आता है लेकिन केंद्र सरकार की लिस्ट में दिल्ली का जाट समाज नहीं आता है। ये हमारे दिल्ली के जाट भाई-बहनों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। पिछले 10 सालों में 4 बार इन्होंने दिल्ली के जाट समाज को आरक्षण देने का केवल वादा किया है। दिल्ली में दिल्ली के जाटों को आरक्षण नहीं मिलता मगर बाहर वालों को मिलता है।

अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी को लिखा खत

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के जाट समुदाय को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए पीएम मोदी को पत्र लिखा। केजरीवाल ने लिखा कि केंद्र सरकार पिछले 10 सालों से लगातार जाट समाज के साथ धोखा कर रही है। केंद्र सरकार की वादाखिलाफी की वजह से दिल्ली के ओबीसी समाज के हजारों युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है।

महिला के शरीर पर टिप्पणी भी यौन उत्पीड़न', केरल हाईकोर्ट

कोच्चि। केरल हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि किसी महिला के शरीर की बनावट पर की गई टिप्पणी यौन उत्पीड़न के तहत आती है और इसे एक दंडनीय अपराध माना जाएगा। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने एक याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को भी रद्द करने से इन्कार कर दिया। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस ए बदरुद्दीन ने केरल राज्य बिजली बोर्ड (केएसईबी) के एक पूर्व कर्मचारी की याचिका खारिज कर दी। याचिका में पूर्व कर्मचारी ने अपने खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के मुकदमे को रद्द करने की मांग की थी। अपने फैसले में जस्टिस बदरुद्दीन ने कहा, ऐसी टिप्पणी को यौन उत्पीड़न का अपराध मानते हुए कार्रवाई की जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने अभियोजन पक्ष के तर्कों को स्वीकार करते हुए कहा कि आरोपी के संदेशों और टिप्पणियों में यौन उत्पीड़न के सभी तत्व मौजूद थे। महिला के सम्मान और गरिमा को ठेस पहुंचाने का इरादा स्पष्ट था और यह अपराध की श्रेणी में आता है।

न्यूज गैलरी

विधायक मोतीलाल साहू ने किया 57 लाख के नए विकास कार्यों का भूमि पूजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तहत नगर निगम रायपुर के जोन 10 के तहत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 एवं रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 55 में विभिन्न 6 स्थानों पर विकास शुल्क मद, सामान्य मद, ग्रामीण विधायक निधि मद से लगभग 57 लाख रू. की स्वीकृत लागत के नये विकास कार्यो का वार्ड 52 के गौतमी विहार, शिवम विला, राजेन्द्र पार्क विद्यानगर , वार्ड 55 के कृष्णा नगर एवं अमलीडीह में फल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर, रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक नंदकुमार साहू, पूर्व वार्ड पार्षद संध्या नानू ठाकुर, लीलाधर चंद्राकर, जोन 10 कमिष्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों की उपस्थिति के मध्य भूमिपूजन करते हुए वार्डवासियों को शानदार सौगात दी। नये विकास कार्य विभिन्न 6 स्थान पर नई रोड एवं नई नाली का निर्माण करने शीघ्र करवाये जायेंगे।

भाजपा सरकार गौठान बंद करके गौ तस्करी को बढ़ावा दे रही : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार गौठानों को बंद करके गौ तस्करी को बढ़ावा दे रही है। भाजपा सरकार के एक साल में 10000 से अधिक गौवंशी पशुओं की तस्करी हुई है। कांग्रेस सरकार के दौरान भाजपा ने गौठानों का विरोध किया था, आज उनकी मंशा स्पष्ट समझ में आ रही है कि वह तस्करों को मदद करने के लिए गायों के संरक्षण के लिए बनाए गए गोठान का विरोध कर रहे थे और सरकार बनते ही पहला कदम उन्होंने गोठनों को बंद किया है जिसके चलते पूरे प्रदेश में गौ तस्करी बढ़ी है गौवंशों की सड़क पर दुर्घटना और भूख से मौत हो रही है और गौ माता के नाम से राजनीति करने वाले भाजपा आंख मूंदे बैठी हुई है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 1 साल से गोठाने बंद है सरकार उसे चालू करने के लिए अभी तक कोई फैसला नहीं कर पाई है कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि गौठानों को तत्काल चालू किया जाए और पूर्व की तरह ही वहां से चलने वाली योजनाओं को भी शुरू किया जाए।

जोन 9 ने कई बार नोटिस देने के बाद भी काम बंद नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 9 के जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय द्वारा जोन नगर निवेश विभाग की ओर से प्राप्त जन शिकायत जोन क्षेत्र में सही मिलने पर दुबे कालोनी मोवा मुख्य मार्ग पर दीपक आटा चक्की को कई बार नोटिस दी गई किंतु इसके उपरांत भी संबंधित व्यवसायी ने कार्य बंद नहीं किया। जबकि उसके पीछे के घर में अत्यधिक वाइब्रेशन और दीवाल में क्रेक की समस्या आ रही थी। इस पर आज नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पांडेय ने स्थल पर पहुंचकर कार्यपालन अभियंता पदमाकर वास, सहायक अभियंता ओपी वर्मा, उपअभियंता अबरार खान की उपस्थिति में संबंधित दीपक आटा चक्की को ताला लगाकर सीलबंद करने की कार्यवाही की एवं प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया ।

धान खरीदी : रिकार्ड में हेराफेरी मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

■ धान खरीदी केंद्रो में 7 से शुरू हो गया है भौतिक सत्यापन

रायपुर/नवप्रदेश। आज कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास सोसायटी सभाकक्ष में धान खरीदी केंद्रो के भौतिक सत्यापन के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि यदि धान खरीदी के दौरान भौतिक सत्यापन के बाद रिकार्ड में कोई हेराफेरी या अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्यापन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और इसे 31 जनवरी तक पूरा किया जाए।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में 7 जनवरी से भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह सत्यापन सुनिश्चित करेगा कि सभी किसानों का धान सही तरीके से खरीदा जा रहा है और कोई अनियमितता नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि धान का उठाव जल्द से जल्द करें ताकि केंद्रों पर बोझ कम किया जा सके और खरीदी प्रक्रिया को समय पर पूरा किया जा सके। बैठक में जिले के सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए और किसानों की सुविधा के लिए सभी तैयारियों को पूरी तरह से सुनिश्चित करने की बात कही गई।

कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन तत्पर रहेगा।

अमलीडीह में आत्मनिर्भर बनाने 30 हितग्राहियों को निःशुल्क टेक्सटाईल प्रशिक्षण प्रारंभ

■ ऐसी व्यवस्था देने वाला रायपुर नगर निगम छत्तीसगढ़ का पहला नगरीय निकाय

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर छत्तीसगढ़ राज्य का पहला ऐसा नगरीय निकाय आज बन गया है, जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसके आवासों के रहवासी हितग्राहियों को जीवन में स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु पूरी तरह निःशुल्क टेक्सटाईल प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में अमलीडीह के प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर में रहवासी 30 हितग्राहियों के साथ निःशुल्क प्रशिक्षण देने एक बैच प्रारंभ की गई है। शीघ्र ही इसका विस्तार कर 30-30 हितग्राहियों की 2 बैच प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों के रहवासी हितग्राहियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ कर दी जाएगी। एक वर्ष तक हितग्राहियों को निःशुल्क टेक्सटाईल प्रशिक्षण दिया जाएगा। जानकारी दी गई है कि इसमें शत प्रतिशत प्लेसमेंट की व्यवस्था है।

जानकारी के अनुसार टेक्सटाईल प्रषिक्षण हेतु लगभग 70 से 80 हजार रुपए का व्यय आता है।

यशवंत और मनोज की आक्रामक बल्लेबाजी ने दिलाई जीत

नवा रायपुर प्रीमियर लीग के विजेता बना वन विभाग

आर्थिक सांख्यिकीय की टीम ने 46 रन बनाकर फाइनल में बनाई जगह

आर्थिक सांख्यिकीय की टीम 3 विकेट के नुकसान पर 46 रन बनाकर फाइनल में जगह बना ली।टीम की ओर से आरती और अनिता ने शानदार बैटिंग करते हुए 34 रन बनाए। आर्थिक सांख्यिकीय के आरती को शानदार बैटिंग कर 24 रन बनाने के लिए वूमेन ऑफद मैच का खिताब दिया गया।

■ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए एनपीएल का आयोजन काफी सराहनीय – महादेव कावरे

रायपुर/नवप्रदेश। विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया।उक्त आयोजन में संचालनालय,मंत्रालय, निगम,बोर्ड, आयोग में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों ने हिस्सा लिए।

नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा एवं सहसंयोजक जय कुमार साहू और संतोष कुमार वर्मा ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि महादेव कावरे, संभागायुक्त रायपुर ने नवा रायपुर प्रीमियर लीग के आयोजकों को बधाई देते हुए कहां कि शासकीय सेवकों को क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान किया जाता है ।साथ ही विभिन्न शासकीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच परस्पर परिचय के साथ ही उनके शारीरिक व मानसिक क्षमताओं में वृद्धि करने का मौका भी मिलता है।

नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा ने अपने स्वागत भाषण में कहां कि इस आयोजन के माध्यम विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालयों, मंत्रालय में कार्यरत उत्कृष्ट खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास भी किया जाता है, ताकि हमारे शासकीय सेवक छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर सके। क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रभारी संतोष कुमार वर्मा ने कार्यक्रम संचालन करते हुए समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

पहला सेमीफाइनल मैच महिला क्रिकेट आर्थिक सांख्यिकीय और स्वास्थ्य संचालनालय के मध्य खेला गया। स्वास्थ्य संचालनालय ने पहले बैटिंग करते हुए 8 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 43 रन बनाए, जिसमें नंदिनी ने 23 और पूजा ने 10 रन बनाए। स्मृति ने 10 रन देकर 3 विकेट चटकाए

दूसरा फाइनल मैच जीएसटी विभाग और वन विभाग के मध्य खेला गया। जीएसटी पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार पारी खेलते हुए 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 60 रन बनाए।

निराश्रित पेंशन एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के सभी आवेदनों को करें स्वीकृत : आयुक्त

■ लंबित प्रकरणों की समीक्षा के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में अपर आयुक्त सर्व राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू.एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, उपायुक्तगणों, अधीक्षण अभियंतागणों, कार्यपालन अभियंताओं, विभागों के प्रभारी अधिकारियों की बैठक साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यों की जानकारी लेकर समीक्षा की एवं जनहित में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की समाज हितकारी निराश्रित पेंशन और राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत आवेदनों की नियमानुसार शत प्रतिशत संख्या में समय पर स्वीकृति सुनिष्चित करें । ताकि किसी भी पात्र हितग्राही को पेंशन के लिये भटकना ना पड़े।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को नगर निगम के मूलभूत कार्यों सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट प्रबंधन का राजधानी शहर के अनुरूप सुचारू संचालन सतत मॉनिटरिंग कर करवाने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने नगर निगम में आमजनों को दी जा रही सभी जनसुविधाओं की व्यवस्था का सुचारू संचालन जनहित में सतत मॉनिटरिंग कर प्राथमिकता से करने कहा है।

छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का सम्मेलन, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की पावन धरा पर छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का ऐतिहासिक अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह 11 और 12 जनवरी को विधानसभा रोड सफायर ग्रीन के पास लोटस रिसोर्ट में आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन समाज की एकता, समृद्धि और योगदान को समर्पित होगा। जिसमें प्रदेश के मुखिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , कार्यक्रम की अध्यक्षता- प्रो. राम अवतार महतो (अखिल भारतीय शौण्डिक संघ), अति विशिष्ट अतिथिः डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, मंत्री रामविचार नेताम, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे।

कार्यक्रम के दूसरा सत्र में शौण्डिक रत्न अलंकरण समारोह मुख्य अतिथि- डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष विधानसभा, छत्तीसगढ़ पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ शासन, अति विशिष्ट अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन अति विशिष्ट अतिथि व विशिष्ट अतिथि समाज के आगन्तुक गणमान्य प्रमुख एवं समाज के समस्त बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

कार्यक्रम का तीसरे सत्र में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। 11 जनवरी शाम 7:30 शुरू होगी। जिसमें छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व अभिनेता योगेश अग्रवाल एवं मोना सेन शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावन एवं कलकत्ता के कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी।

12 जनवरी 2025 को समाज के उत्थान और दशा और दिशा पर परिचर्चा एवं चिंतन बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक राज्य के अध्यक्ष, सचिव एव आमंत्रित सदस्य व प्रदेश कार्यकारिणी उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन शौंडिक समाज के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है।

जोन 9 ने 4 विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 10 के तहत क्षेत्र में कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 के तहत लगभग डेढ़ एकड़ क्षेत्र में अविवा ग्रीन सिटी के पीछे डूंडा में अवैध मुरम रोड बनाकर की गई अवैध प्लाटिंग पर थ्रीडी से अवैध मुरम रोड काटकर एवं आवागमन कठिन बनाकर रोक लगायी गयी। इसी प्रकार जोन 10 के वार्ड 54 के तहत कमल विहार गेट के पास मुख्य मार्ग डूंडा में लगभग डेढ़ एकड़ निजी भूमि क्षेत्र में अवैध मुरम रोड बनाकर की गई अवैध प्लाटिंग पर थ्रीडी से अवैध मुरम रोड तत्काल काटकर और आवागमन कठिन बनाकर रोक लगायी गयी। उक्त अभियान नगर निगम जोन 10 के जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के निर्देश पर जोन नगर निवेश उपअभियंता रविप्रभात साहू की उपस्थिति में चलाया गया।

इसी प्रकार गुरुवार को नगर निगम जोन 9 ने 4 भिन्न स्थानों पर अतिक्रमणों को हटाने की अभियान चलाकर कार्यवाही जनहित में जनसुविधा के लिए सुगम आवागमन देने की। जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के निर्देश पर जोन 9 नगर निवेष विभाग की टीम ने मोवा ओव्हर ब्रिज के नीचे आज 3 अतिक्रमण हटाए। लगभग 3-4 दिन पहले जोन की टीम ने वहां लगभग 42 अतिक्रमण हटाये थे।

पिछड़ा वर्ग आरक्षण के नाम भाजपा सरकार का धोखा : सुरेंद्र वर्मा

■ पूरे प्रदेश में ओबीसी को स्थानीय निकायों में कहीं भी 50 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिला

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी किसान सरकार को ओबीसी विरोधी करार देते हुए कहा है कि इस सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय) चुनाव में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है उसके परिणाम सामने हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच और पांचों के आरक्षण में ओबीसी के हक और अधिकारों में बड़ी डकैती इस सरकार ने की है। उदाहरण के तौर पर बिलासपुर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं में जिला पंचायत सदस्यों के 17 में से केवल एक क्षेत्र क्रमांक 1 में ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है, ओबीसी पुरुष के लिए 17 में से एक भी सीट आरक्षित नहीं है। इसी तरह बिलासपुर जिले के चार जनपद पंचायत में दो जनपद पंचायत अध्यक्ष के पद अनुसूचित जाति महिला, एक अनारक्षित महिला और एक जनपद अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त रखा गया है। ओबीसी के लिए बिलासपुर जिले के अंतर्गत चार जनपद पंचायतों में से एक भी जनपद पंचायत अध्यक्ष का पद ओबीसी के लिये आरक्षित नहीं है। भाजपा के तमाम नेता होल्डिंग और विज्ञापन बोर्ड में ओबीसी को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का दावा कर रहे थे, आज आरक्षण प्रक्रिया के परीणाम सामने आने पर पिछड़ा वर्ग हितैषी होने का ढोंग करने वाले भाजपाई दलिय चाटुकारिता में मौन है।

सरपंच रेमन यशवंत जांगडे ने बताई अपनी उपलब्धियां

सांकरा गांव में बही विकास की धारा

दुर्ग/सांकरा/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा में विगत दिनों ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंच सरपंच सहित सचिव और ग्राम के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया ।

रेमन यशवंत जांगडे सरपंच सांकरा ने बताया की विगत पांच सालों में सांकरा गांव में विकास की धारा बही है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार की सारी योजनाओं का लाभ ग्राम में रहने वाले हर वर्ग को दिया गया है। विकास कार्य निरंतर जारी है।

सरपंच रेमन यशवंत जांगडे ने बताया कि वर्तमान में पीएम आवास जो 218 पूरा किया जा चुका है और 182 पर कार्य चल रहा है। राशन कार्ड 850 वर्तमान में है। लगभग 120 से 130 कार्ड बनने के लिए प्रक्रिया में है। स्वास्थ्य कार्ड ग्राम के लगभग सभी का बन चुका है और 70 से 80 स्वास्थ्य कार्ड बन रहा है।

रेमन यशवंत जांगड़े ने आगे बताया की उनके कार्यकाल में अभी तक गांव में 8 सीसी रोड, 5 नाली निर्माण, 3 मुरम वाला कच्ची रोड का निर्माण किया गया है इसी प्रकार गांव में अभी क्लामंच, शौचालय, बाजार सेड, सरसता भवन, लोधी भवन, तालाब में पचारी निर्माण कर, हाई मास्क लाइट,सौर ऊर्जा लाइट आदि है।

सरपंच ने आगे बताया की सांकरा धान मंडी में किसान कुटीर और 6 चबूतरों का कार्य कराया गया है। इसी क्रम में 52 लाख केंद्र अनुदान से डोंगिया तालाब सौंदर्यकरण का कार्य किया गया। सांकरा में 6 बोरवेल कराया गया है। जिससे गांव वालो के लिए पानी की समुचित व्यवस्था हो और मनरेगा में साल भर काम कराया गया है। जिसमें गांवों में रहने वाले का सालभर रोजगार मिला। रेमन यशवंत जांगड़े ने बताया की कुछ कार्य अभी भी चल रहे है।

मोदी सरकार से अर्थव्यवस्था संभल नहीं रही : सुशील आनंद शुक्ला

■ वृद्धि दर अनुमान से काफी कम, महंगाई और बेरोजगारी बेलगाम

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के हालिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और वित्तीय कुप्रबंधन के चलते देश की अर्थव्यवस्था तेजी से उल्टे पांव भाग रही है। वर्तमान में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष 8.2 प्रतिशत की तुलना में बेहद कम, मात्र 6.4 प्रतिशत है। सरकार के अनुमान से कम वृद्धि दर का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक ने लगाया और अब यह अनुमान वित्त मंत्रालय के अनुमान से भी बेहद कम है।

प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा था, आज 10 साल से अधिक हो गए केंद्र की सरकार में आए, महंगाई दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है, लेकिन यह सरकार जनता के प्रति अपने जवाबदेही से भाग रही है। भुखमरी इंडेक्स में देश को लगातार निचले पायदान पर धकेला जा रहे हैं, गरीब और गरीब हो रहे हैं, 80 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से नीचे धकेल कर 5 किलो राशन की लाइन में खड़ा कर दिया है। मोदी राज में देश पर कुल कर्ज का भार 2014 की तुलना में तीन गुना अधिक हो चुका है। सरकारी उपक्रम, सरकारी संपत्तियों और नवरत्न कंपनियां तक बेचे जा रहे हैं। युवाओं के पास रोजगार नहीं है, दूसरी तरफकेंद्र की सरकार सरकारी विभागों और सरकारी उपक्रमों में ही 25 लाख से अधिक पदों पर केंद्र की सरकार भर्तियां रोक रखी है।

सुविचार

विद्या एक ऐसा धन है, जो समाज में आपके सम्मान का विस्तार करता है। : अज्ञात

चुनाव आयोग का स्पष्टीकरण

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि वे इसी साल सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। इसलिए यह उनकी आखरी प्रेस कांफ्रेन्स है। उन्होंने कहा कि अपनी आखरी पत्रकार वार्ता में वे राजनीतिक पार्टियों द्वारा चुनाव प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगाने वाले सभी प्रश्नों का उत्तर देना अपना दायित्व समझते हैं उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से लेकर नई दिल्ली विधानसभा चुनाव तक विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा ईवीएम के साथ छेड़छाड़ को लेकर जो आरोप लगाए गये थे इस बारे में उन्होंने स्पष्टीकरण दिया कि ईवीएम के साथ छेड़छाड की आशंका निर्मूल है। यह बात खुद सुप्रीम कोर्ट ने भी मानी है कि ईवीएम हैक नहीं की जा सकती। इसलिए ईवीएम को लेकर शंका जताना उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान के पहले राजनीतिक पार्टियों के ऐजेंटो के सामने ही ईवीएम सील की जाती है और मतदान के बाद भी एजेंटो के समाने ही ईवीएम सील होती है। ऐसे में जबकि मदतान की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाती है तो ईवीएम में अवैध वोट की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती। यह बात चुनाव आयोग पहले भी स्पष्ट करता रहा है और उसने तो बकायदा राजनीतिक पार्टियों को यह चुनौती भी दी थी कि वे ईवीएम को हैक करके बताए। किन्तु किसी भी राजनीतिक पार्टी ने चुनाव आयोग के चैलेन्ज को स्वीकार नहीं किया था। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि उन्हें यह सुनकर बहुत दुख होता है जब लोग ईवीएम पर उंगली उठाते हैं। जबकि चुनाव आयोग पूरी प्रक्रिया ही पारदर्शी है। किन्तु इसे लेकर सवाल उठाये जाते है तो उनका जवाब देना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है। हम हर सवाल को गंभीरता से लेते हैं। राजीव कुमार ने सायराना अंदाज में कहा कि सब सवाल अहमियत रखते हैं इनका जवाब तो बनता है पहले कलम बंध जवाब देते रहे आज तो रूबरू भी बनता है क्या पता हम कल हो न हो आज जबाव तो बनता है। उन्होंने वोटरलिस्ट में हेरफेर के आरोप को भी सिरे से खारिज कर दिया। गौरतलब है कि नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने बड़े पैमाने पर उनके समर्थक वोटरों के नाम वोटरलिस्ट से काटे जाने का आरोप लगाया था और चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की थी। इस पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि वोटरलिस्ट में नाम जोड़ने और नाम हटाने की एक निश्चित प्रक्रिया है और चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के मुताबिक इस प्रक्रिया का सख्तीपूर्वक पालन किया जाता है। फार्म 7 दाखिल करना होता है इतना नहीं बल्कि किसी भी वोटर का वोटरलिस्ट से नाम हटाने की प्रक्रिया में बूथ लेबल आफिसर और पर्यक्षेकों के अलावा अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानदंडों के मुताबिक सत्यापन कराया जाता है। ऐसे में वोटरलिस्ट से दुर्भावनापूर्वक नाम हटाये जाने का आरोप निराधार है। बहरहाल मुख्य चुनाव आयुक्त के इस स्पष्टीकरण के बाद अब चुनाव में हारने वाली राजनीतिक पार्टियों को चाहिए कि वे अपनी हार का ठिकरा ईवीएम पर या चुनाव आयोग पर फोड़ना बंद कर दें। भारत में चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और ईवीएम की विश्वसनीयता पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर लग चुकी है। इसके बाद अब तो कायदे से इस विवाद का पटोक्षेप हो जाना चाहिए।

नई दिल्ली में बंगलों को लेकर सियासत

नई दिल्ली विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान हो जाने के साथ ही अब वहां बंगलों को लेकर सियासत होने लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास को लेकर कैग की रिपोर्ट जारी होने के बाद भाजपा ने कथित शीशमहल को लेकर आम आदमी पार्टी पर अपने हमले तेज कर दिये हैं। कांग्रेस भी इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी को घेर रही है। इस बीच नई दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भी अपने बंगले से निकाले जाने की बात कर हाय तौबा मचा रही हैं। जबकि नई दिल्ली में उनके पास पहले ही दो सरकारी बंगले हैं। इधर भाजपा के आरोपों का जवाब देने के लिए आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह मीडिया को लेकर शीशमहल पहुंच गये और उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री निवास में कोई फिजूलखर्ची नहीं की गई है भाजपा बेबुनियाद आरोप लगा रही है। इसीलिए वे मीडिया को साथ लेकर आये हैं कि वे शीशमहल के भीतर जाकर सच्चाई को देख सके। किन्तु पुलिस ने उन्हें भीतर जाने की इजाजत नहीं दी। इसके बाद संजय सिंह प्रधानमंत्री आवास में जाने के लिए रवाना हो गये। वहां भी उन्हें भीतर जाने की अनुमति नहीं मिली और वे आरोप लगाने लगे कि प्रधानमंत्री के राजमहल में भी करोड़ों की कालीन बिछी है करोड़ों के झूमर लगे है। और हजारों महंगे सूट व जूतों का जखीरा है। जब मीडिया कर्मियों ने उनसे सवाल किया कि वे जो आरोप लगा रहे हैं इसका उनके पास क्या प्रमाण है तो उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री निवास में उन्हें जाने दिया जाए सच सामने आ जाएगा। दरअसल उन्हें पता था कि न तो उन्हें मुख्यमंत्री आवास में और न ही प्रधानमंत्री आवास में मीडिया के साथ घुसने दिया जाएगा इसलिए वे मनगढ़ंत आरोप लगाते रहे। कुल मिलाकर नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब बंगला एक बड़ा मुद्दा बन गया है जिसे उछालने से आम आदमी पार्टी और भाजपा में से किसे कितना चुनावी लाभ होगा यह तो आने वाला वक्त ही बेहतर बताएगा।

प्रवीण गुगनानी

***अभिमन्यु अनत लिखते हैं* -**

आज अचानक हिंद महासागर की लहरों से तैरकर आई गंगा की स्वर-लहरी को सुन फिर याद आ गया मुझे वह काला इतिहास उसका बिसारा हुआ वह अनजान अप्रवासी...बहा-बहाकर लाल पसीना वह पहला गिरमिटिया इस माटी का बेटा जो मेरा भी अपना था, तेरा भी अपना। गिरमिटिया साहित्य के उल्लेख तोताराम सनाढ्य का नाम तो परमावश्यक है। तोताराम जी ने इक्कीस वर्षों पश्चात् फिजी के गिरमिटिया जीवन से मुक्ति होकर, भारत लौटने पर इस अंग्रेजों के इस अत्याचारी काले अध्याय से समूचे भारत को परिचित कराया। उनके लेखन से ही अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संघर्ष में एक अध्याय 'गिरिमिटिया प्रथा समाप्ति' जुड़ गया था। जितेंद्र कुमार मित्तल की 'मॉरिशस देश और निवासी', मुनिश्वर लाल चिंतामणि की पुस्तक 'मॉरिशसीय हिंदी', जोगिंदर सिंह कँवल की पुस्तक 'सात समुंदर पार', कृष्णलाल बिहारी की पुस्तक 'पहला कदम' भी गिरमिटिया संदर्भ में परिपूर्ण साहित्य है। विश्व हिन्दी दिवस पर गिरमिटिया साहित्य का उल्लेख केवल साहित्य का नहीं अपितु स्वमेव ही मानवीयता का उल्लेख हो जाता है।

'विश्व हिन्दी दिवस' पर विशेष

विदेशों में भारतीय गिरमिटियों द्वारा विकसित हिन्दी एवं संस्कृति

हमारे प्रिय पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी जी ने कभी कहा था, हम भारतीय विश्व में जहाँ भी जाते हैं, अपने साथ एक छोटा सा भारत लेकर जाते हैं। इस गर्वोक्त करने वाली पंक्ति में एक अर्थ यह भी निहित ही है कि, हमारे हृदय में बसा हुआ यह भारत ही हमें विभिन्न विदेशी समाजों के दूध में शक्कर की भाँति घुलने की चिर प्रवृत्ति भी देता है। भारत के हिन्दी भाषी ग्रामीण क्षेत्रों से इन देशों में गए हुए ये गिरमिटिये अपने साथ अपनी कपड़ों की गठरी में श्रीरामचरितमानस, हनुमान चालीसा, सत्यनारायण की कथा, देवी-देवताओं के चित्र मंगलसूत्र, सिंदुर-टिकुली, पाजेब, करधनी, (भले ही वह चाँदी की नहीं बल्कि गोटे की बनी हुई हो) तीज-त्योहार में उपयोग आने वाला सामान आदि सभी कुछ साथ रख लेते थे।

गिरमिटिया मजदूर, अनुबंधित या ठेका मजदूर होता तो कुछ और बात थी, वस्तुतः तो ये गुलाम ही हुआ करते थे। 'इंडेंचर्ड लेबर' या गिरमिटिया मजदूर जिन्हें अंग्रेजों ने कभी 'गोल्डन लैंड' का मनमोहक स्वप्न दिखाकर, तो कभी डरा-धमकाकर, भयभीत करके, कोर्ट कचहरी, भूमि जब्त कर लेने की धमकी देकर जबरन अपने गुलाम देशों में श्रमिक के रूप में भेजा। इस प्रकार गए हुए ऐसे भारतीय मजदूर जो उन कथित 'गोल्डन लैंड्स' में जाकर जीवन अपने देश लौटने का किराया भी नहीं जुटा पाये और बेबस होकर वहीं मर-खप गए। गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, जमैका, फिज्जी, मॉरीशस, मलेशिया, फिज्जी, दक्षिण अफ्रीका के युगांडा, केन्या, तंजानिया जैसे कुछ अन्य देशों में आज इन्हीं भारतीय गिरमिटियों के वंशज अपने श्रम, लगन, ध्यान, देशप्रेम, से भारतीय संस्कृति की ध्वजा फहरा रहें हैं। हमें बड़ा गौरव भान होता है कि इन देशों में ये कभी दीन-हीन रहे ये भारतीय गिरमिटिया मजदूर कितने ही अभावों में रहें हों, कितनी ही भूख से मर-मर गयें हों किंतु अपराधी नहीं बने। गिरमिटिया मजदूरों के वंशजों ने इन देशों में अपने श्रम से अपनी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक, नैतिक, राजनैतिक आधारपीठ का निर्माण कर लिया है। उपरोक्त सभी देशों में गए हुए भारतीय गिरमिटिए, वहाँ समरस हो गए हैं। अलगाव या देशविरोधी भाव तो इन्हें छू भी नहीं गया है।

तथाकथित सभ्य अंग्रेजों ने ज्ञात रूप से 1.2 मिलियन और अज्ञात रूप से, न जाने कितने लाख विवश-बेबस भारतीयों को अपने उन्नीस गुलाम देशों में जबरन भेज दिया था। यह मानवता के प्रति कथित 'जेंटलमैन अंग्रेजों' का अपराध था। 1917 में बड़े विरोध के बाद ब्रिटिशर्स ने इस अपराध श्रृंखला को रोका था, तब तक लाखों भारतीय परिवार हजारों किमी दूर उन अंग्रेजी कालोनियों से स्वदेश लौटने हेतु तड़प रहे थे। हमें गर्व है कि निपट अशिक्षित (अंग्रेजी प्रपंची शिक्षा से), विपन्न, साधनहीन भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के वंशज, अपनी सामाजिकता के बल पर इन देशों में प्रधानमंत्री,

राष्ट्रपति, मंत्री, गवर्नर, प्रशासक, न्यायाधीश, उद्योगपति, बिजनेस टायकून, कंपनी कार्पोरेटर, साहित्यकार, एकेमेडिशियन्स, प्रेरक संत आदि-आदि के रूप में अपनी छटा बिखेर रहे हैं। हजारों किमी दूर के इन देशों में जहाँ कभी भारतीयता का नाम भी नहीं था वहाँ प्रतिवर्ष सभी भारतीय उत्सव बड़े ही उल्लास व उत्साहपूर्वक मनाये जाते हैं। सबसे बड़ी बात, इन सभी देशों में 'भारतीय आगमन दिवस' का आयोजन भी होता है जिसमें उन देशों के सत्ताधीश, राजनयिक, आर्थिक हस्तियां, साहित्यकार, धर्मगुरु आदि उपस्थित रहते हैं।

प्रमुखतः उत्तरप्रदेश, बिहार के ग्रामीण अंचलों से ले जाये गए ये गिरमिटिये अपने साथ अपनी लोक संस्कृति भी ले गए थे। कितने सांस्कृतिक आग्रह, कितने देशज प्रण, कितनी जिजीविषा और कितनी जीवटता रही होगी इन गिरमिटियों में कि गुलामी भरे जीवन में भोजन के स्थान पर अंग्रेजों के कोड़े खाते हुए भी ये इन देशों में अपनी संस्कृति को नहीं भूले हैं। अपने लोकगीत, लोकनृत्य, लोकभाषा, रामचरितमानस, पहनावे, बोली आदि को ये आज लगभग दो सौ वर्षों बाद भी जीवंत बनाए हुए हैं। इन देशों में धान, तमाखू और गन्ने की बुआई-कटाई-दराई करते समय, वैवाहिक प्रसंगों में, त्यौहारों में गाये जाने वाले गीत और कथाएँ आज भी गूँजती रहतीं हैं। घोर आश्चर्य होता है यह जानकर की कि एक विपन्न, प्रताड़ित, उत्पीड़ित भारतीय गिरमिटिया समाज यह सब करने में सफल हो पाया है।

गुलामी भी ऐसी थी कि ये विवाह करेंगे या नहीं, करेंगे तो कब करेंगे, विवाह के बाद संतान को जन्म देंगे या नहीं; ये सभी कुछ अंग्रेज ही तय किया करते थे।

अंग्रेजों की अनुमति के बिना गर्भधारण करना भी जहाँ अपराध हो वहाँ के उत्पीड़न की स्थिति को सरलता से समझा जा सकता है। बनारसीदास चतुर्वेदी, गिरिराज जी किशोर के मानक गिरमिटिया साहित्य का तो अपना ही एक उच्च स्थान है ही। गिरमिटियों की व्यथा को व्यक्त करते हुए ही मॉरिशस के लेखक अभिमन्यु अनत ने अपनी 'लाल पसीना' में लिखा - ''जिस दिन गोरे सरदारों की ड्यूटी बदली जाती केवल उस दिन ही सारे भारतीय मजदूर खुलकर बातें कर पाते थे। मॉरिशस के मुनीश्वरलाल चिंतामणि लिखते हैं - "उस आदमी से जाकर कहो कि मेरी हिंदी भाषा ऐसी सुंदर है कि उसने मेरी संस्कृति को अब भी बचाये रखा है।"

बाद में हमारी हिन्दी ने इन देशों की स्थानीय भाषाओं के साथ एक नए प्रकार की बोली, भाषा व रचनाओं का सुंदर नव संसार रचा। इन देशों में बसे हुए उत्तरप्रदेशी, मगही, बिहारी, मैथिली, भोजपुरी बंधु आज भी अपनी भाषा में साहित्य रचते हैं व बोलचाल में प्रासंगिक बनाए हुए हैं। साहित्यकार दीपचंद बिहारी, रामदेव धुरंधर, वेणी माधव, रामखेलावन, भानुमति राजदान, पुजानंद नेमा, केशवदत्त चिंतामणि और राज हीरामन, अभिमन्यु अनत आदि ने गिरमिटिया साहित्य का एक दिव्य संसार रचा है। मॉरिशस के लोकप्रिय रचनाकार अभिमन्यु अनत गिरमिट भोजपुरिया गर्वोक्त होकर कहते हैं - "हम भोजपुरी जानी ला, बोली ला, बूझी ला, त अंग्रेजी में काहे के गिटर-पिटर करी।" आज भी गिरमिटिये बंधु अपने देशज लोकगायन में विरह-गीत, बारह-मासा गीत, ऋतु-गीत, पर्व-त्यौहार गीत मौके-बेमौके गाते-गुनगुनाते रहते हैं। ऐसा ही एक गीत है -

"हमरा से दिलवा तोर के विदेशवा गईल ये राजा जी।
विदेशवा गईल ये राजाजी, निर्मोहिया भईल ये राजाजी।।"

इन पूर्व अंग्रेज औपनिवेशिक देशों में हिन्दी भाषा के संदर्भ में लिखते हुए सोमदत्त बखोरी लिखते हैं - "भाषा की लड़ाई में ऊँचा किया नाम अपना और देश का ऊँचा किया नाम अपने पूर्वजों का और उनके देश का"। इस गिरमिटिया साहित्य के क्रम में ही रघुवीर नारायण ने यह कालजयी बटोहिया लिखा-

सुंदर सुदूर भूमि भारत के देसवा रे, मोरे प्रान बसे हिमखोह रे बटोहिया, जाउ जाउ भैया बटोहिया हद देखि आउ, जहां रिसी चारों वेद गावे रे बटोहिया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1824 में 10 जनवरी के दिन ही ब्रिटेन के रसायनशास्त्री जोज़फ ऐस्पीडियन ने सीमेंट बनाई थी। 1836 में आज ही के दिन प्रोफेसर मधुसूदन गुप्ता ने पहली बार मानव शरीर की आंतरिक संरचना का अध्ययन किया था। 1839 में 10 जनवरी के दिन ही भारतीय चाय इंग्लैंड पहुंची थी। 1863 में आज ही के दिन लंदन में विश्व की पहली भूमिगत रेल सेवा शुरू हुई थी। 1912 में 10 जनवरी के दिन ही ब्रिटिश नरेश जार्ज पंचम और रानी मैरी ने भारत छोड़ा था। 1916 में आज ही के दिन प्रथम विश्व युद्ध के दौरान रूस ने ओटोमन साम्राज्य को हराया था। 1920 में 10 जनवरी के दिन ही वार्सा संधि के आधिकारिक तौर पर प्रभाव में आने से प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हुआ था। 1946 में आज ही के दिन लंदन में संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली बैठक में 51 राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। 1963 में 10 जनवरी के दिन ही भारत सरकार ने स्वर्ण नियंत्रण योजना की शुरुआत की थी, जिसके तहत 14 कैरेट से अधिक के गहनों पर पाबंदी लगा दी थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बहुत सुकून है

बहुत सुकून है कुछ लोग बेनकाब हुए, सभी रिश्ते हुए बेपर्दा और बेआब हुए, बहुत गुमां था तूफानों में साथ लड़ लेंगे, हवा चली तो गुम सारे के सारे ख्वाब हुए - **कुलदीप मिश्रा**

चलो खुद आजमां

चलो खुद आजमां कर देखते हैं। जमीन पर चाँद लाकर देखते हैं। हमें मालूम है उसका ठिकाना। चलो फिर पास जाकर देखते हैं। किताबों में लिखी बातें सही है। चलो ये आजमां कर देखते हैं। हमारा दिल अभी टूटा नहीं है। चलो लब पास लाकर देखते हैं। सुनहरा चाँद उतरा है नदी में। चलो हम तुम नहा कर देखते हैं। किनारे ÷नीर÷ पलकों के टिका है। चलो फिर मुस्कुरा कर देखते हैं।

- **नीरज वर्मा नीर**

खास पाती | धीमे-धीमे धर रही, पाँव धरा पर

धीमे-धीमे धर रही, पाँव धरा पर भोर। सूरज-किरणों की पहन, साड़ी नई नकोर।। जग जाती है पौ फटे, करती दिन भर काम। भावज जैसी भोर को, मेरा सतत प्रणाम।। नौका करवट ले रही, जाग चुकी है मीन। कितना सुंदर लग रहा, पो फटने का सीन।। - **आशा पाण्डेय ओझा'आशा'**

खुशियों का यारों यूँ जुदा होना गोया

खुशियों का यारों यूँ जुदा होना, गोया अपनों से फ़ासला होना। मजनूँ बनने की शर्त बस यही है, इश्क़ में मरने का नशा होना। सारी दुनिया सलाम गर करे पर, है न आसान आस्था होना। पेड़ों को बेहिसाब काटो तो सब्ज़ मौसम से खुद जुदा होना। होगे तुम भी सफल तो देखना ये,बस पड़ोसी का बावरा होना। तुझसे ही मैं हूँ , मुझसे तू है तो, ज़िन्दगी तुझसे क्या खफ़ा होना। आगे बढ़ने की होड़ में दानी, धोखेबाज़ी में मुब्तिला होना। - **डॉ संजय दानी**

विरह लिपटी प्रेम प्रतिमा सी बनाकर चल

विरह लिपटी प्रेम प्रतिमा सी बनाकर चल दिए निस्तेज होकर यंत्रवत से कदम अब उस ओर थे अवसाद भरकर वेदना पी खुश्क दृग के कोर थे आसुओं को इक नया रास्ता दिखाकर चल दिए जिंदगी अब बन गई इक काठ पुतली की तरह श्वास को भी न मिल रही है आने जाने की वजह पीड़ा घट से प्यास प्यासी सी पिलाकर चल दिए चाहती है आत्मा भी जा रहे उस ठांव में कर लिया उसने बसेरा अब तो है जिस गांव में पता पाती के पटल से क्यूँ मिटाकर चल दिए - **रजनी रामदेव**

खुश्बू का लुत्फलीजीये मौसम के साथ

खुश्बू का लुत्फ लीजीये मौसम के साथ साथ गांधी को बात कीजीये गौतम के साथ साथ अपने हको हकूक को पाना है तो हूजूर आवाज भी उठाईये परचम के साथ साथ सारे गुलाम बन गये इक्का तो देखना रोयेगा बादशाह भी बेगम के साथ साथ दिलवर की याद आये तो गजलो को गाईये जख्मों के नाम लीजीये मरहम के साथ साथ अब तक की जिन्दगी का यही फलस्फा है के लूडो का खेल खेलिये कैरम के साथ साथ। - **राजीव कुमार**

उठ जाती हैं तड़के ही जिम्मेदारियों के साथ

उठ जाती हैं तड़के ही जिम्मेदारियों के साथ, कामकाजी औरतें घर के वो सारे काम, जिन्हें निपटाने के लिए वो कर लेती हैं आधी तैयारी रात में ही। क्योंकि,उन्हें जाना होता है अपने काम पर,,, सारे काम करके। इन सबके बीच में कभी -कभी रह जाती है कप में गर्म चाय जो एक घूंट हलक में जाकर रख दी जाती है गैस स्टेण्ड पर।वो भूल जाती है भागदौड़ में कभी -कभी सलीके से बाल बनाना। बना कर चली जाती है एक बिखरा सा जूड़ा। और,, बेग में रखती है जरूरी सामान हड़बड़ी में। और निकल जाती है अपने काम पर। फिर लौटती हैं, शाम को घर के काम को करने के लिए, कामकाजी औरतें। - **सपना परिहार**

किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता की

किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता की आपकी दिमागी हालत कैसी है आप किस दौर से गुजर रहे हो .सबको बस अपनी सुनाने की जल्दी रहती है कोई आपको ताने सुनाकर खुदको सही साबित करने की कोशिश करता रहेगा तो कोई अपनी परेशानियां गिनबाकर मौज करने निकल पड़ेगा और आप वही के वही रह जाते हैं यह सोचते की इन अपनों के भीड़ में आखिर अपना कौन है - **निभा चौधरी**

प्रेरक प्रसंग

एक गांव में एक प्रसिद्ध संत का आगमन हुआ। उसी गांव में चार मूर्ख मित्र भी निवास करते थे। संत का स्वागत-सत्कार देख, उन्हें बड़ी उत्सुकता हुई, पूछा तो पता चला कि संत ने मौन रहकर गहन तपस्या की है और बहुत सी सिद्धियों के स्वामी भी हैं। बस, फिर क्या था, मूर्खों ने सोचा कि सम्मान प्राप्त करने का सबसे सुगम उपाय यही है। चारों ने एक दीया लिया और जंगल में एक अंधेरी गुफा ढूंढ़कर उसमें जा बैठे। निर्णय किया कि मौन रहेंगे तो देखा-देखी सिद्धियां हमारे पास दौड़ी चली आएंगी, फिर सम्मान मिलने में क्या देरी है। थोड़ा वक्त ही गुजरा था कि दीये की लौ लपलपाने लगी। उनमें से एक बोला- अरे कोई दीये में तेल तो डालो। दूसरा तुरंत बोला - बेवकूफ ! बातें थोड़ी करनी थीं। तीसरा कहने लगा- तुम दोनों मंदबुद्धि हो। मेरी तरह चुप नहीं बैठ सकते? चौथा भी कहां शांत रहने वाला था, वह बोला- सबके सब बोल रहे हो, सिर्फ मैं हूं कि चुप बैठा हूँ। मूढ़ ऐसे ही अनर्थ के प्रपंचों में समय गंवाते हैं; जबकि बुद्धिमान विवेक का उपयोग कर, जीवन को समर्थ व सुदृढ़ बनाते हैं।

QUIZ TIME

1) देश के किस शहर में 1500 से ज्यादा लोगों ने एक साथ तबला बजाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है?

2) सदीर किस नृत्य शैली का प्राचीन नाम है?

3) किस देश ने एडवांस रॉकेट सिस्टम फतह-II का हाल ही में सफल परीक्षण किया है?

4) एशिया का सबसे बड़ा मरूस्थल कौन-सा है?

5) अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के गवर्निंग बोर्ड की पहली भारतीय महिला सदस्य हाल ही में कौन बनी है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ग्वालियर [illegible] (2) भरतनाट्यम (3) पाकिस्तान (4) गोबी (5) [illegible]

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:10, सूर्यास्तः 17:58, चन्द्रोदयः 13:37, चन्द्रास्तः 27:32, अयन उत्तरायण, ऋतुः ?? शिशिर, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (पिंगल), संवत्सरः क्रोधी, संवत्सरः (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : कृतिका, योग : शुभ, प्रथम करण : गर (12:22 तक), द्वितीय करण : वणिज (23:20 तक)

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : धनु, चंद्र : मेष, मंगल : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी),गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:13 से 12:56, अमृत काल : 10:35 से 12:06, रवि योग : 07:10 से 15:07, विजय मुहूर्त : 14:22 से 15:05, गोधूलि मुहूर्त : 17:56 से 18:22, सायाह्न सन्ध्या : 17:58 से 19:17, निशिता मुहूर्त : 24:08+ से 25:01+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:24+ से 30:17+, राहुकाल : 10:30 से 12:00, गुलिक काल : 09:52 से 11:13, यमगण्ड : 07:10 से 08:31, दुर्मुहूर्त : 10:46 से 11:29, राहुवास : दक्षिण, होमाहुति : शनि, दिशा शूल : दक्षिण, अग्निवास : पृथ्वी (12:22 से आकाश)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की सक्रियता बढ़ेगी।

वृष : आज का दिन आपके लिए नौकरी से संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको कोई अच्छा अवसर मिल सकता है।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

कर्क : आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

सिंह : आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। परिवार में लोगों को आपके सुझाव खूब पसंद आएंगे।

कन्या : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

तुला : आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से काम लेने के लिए रहेगा। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।

धनु : आज के दिन आपके मन में परस्पर सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर कुछ पुरानी यादों को ताजा करेंगे, जो लोग सिंगल हैं।

मकर : आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है।

मीन : आज का दिन आपके लिए टेंशन से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा, लेकिन आप बिना सोचे-समझे किसी काम में हाथ ना डालें।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 291 का हल

न्यूज गैलरी

विधायक मोतीलाल साहू ने किया 57 लाख के नए विकास कार्यों का भूमि पूजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तहत नगर निगम रायपुर के जोन 10 के तहत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 एवं रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 55 में विभिन्न 6 स्थानों पर विकास शुल्क मद, सामान्य मद, ग्रामीण विधायक निधि मद से लगभग 57 लाख रू. की स्वीकृत लागत के नये विकास कार्यो का वार्ड 52 के गौतमी विहार, शिवम विला, राजेन्द्र पार्क विद्यानगर , वार्ड 55 के कृष्णा नगर एवं अमलीडीह में फ्ल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर, रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक नंदकुमार साहू, पूर्व वार्ड पार्षद संध्या नानू ठाकुर, लीलाधर चंद्राकर, जोन 10 कमिष्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों की उपस्थिति के मध्य भूमिपूजन करते हुए वार्डवासियों को शानदार सौगात दी। नये विकास कार्य विभिन्न 6 स्थान पर नई रोड एवं नई नाली का निर्माण करने शीघ्र करवाये जायेंगे।

भाजपा सरकार गौठान बंद करके गौ तस्करी को बढ़ावा दे रही : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार गौठानों को बंद करके गौ तस्करी को बढ़ावा दे रही है। भाजपा सरकार के एक साल में 10000 से अधिक गौवंशी पशुओं की तस्करी हुई है। कांग्रेस सरकार के दौरान भाजपा ने गौठानों का विरोध किया था, आज उनकी मंशा स्पष्ट समझ में आ रही है कि वह तस्करों को मदद करने के लिए गायों के संरक्षण के लिए बनाए गए गोठान का विरोध कर रहे थे और सरकार बनते ही पहला कदम उन्होंने गोठनों को बंद किया है जिसके चलते पूरे प्रदेश में गौ तस्करी बढ़ी है गौवंशों की सड़क पर दुर्घटना और भूख से मौत हो रही है और गौ माता के नाम से राजनीति करने वाले भाजपा आंख मूंदे बैठी हुई है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 1 साल से गोठाने बंद है सरकार उसे चालू करने के लिए अभी तक कोई फैसला नहीं कर पाई है कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि गौठानों को तत्काल चालू किया जाए और पूर्व की तरह ही वहां से चलने वाली योजनाओं को भी शुरू किया जाए।

जोन 9 ने कई बार नोटिस देने के बाद भी काम बंद नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 9 के जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय द्वारा जोन नगर निवेश विभाग की ओर से प्राप्त जन शिकायत जोन क्षेत्र में सही मिलने पर दुबे कालोनी मोवा मुख्य मार्ग पर दीपक आटा चक्की को कई बार नोटिस दी गई किंतु इसके उपरांत भी संबंधित व्यवसायी ने कार्य बंद नहीं किया। जबकि उसके पीछे के घर में अत्यधिक वाइब्रेशन और दीवाल में क्रेक की समस्या आ रही थी। इस पर आज नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पांडेय ने स्थल पर पहुंचकर कार्यपालन अभियंता पदमाकर वास, सहायक अभियंता ओपी वर्मा, उपअभियंता अबरार खान की उपस्थिति में संबंधित दीपक आटा चक्की को ताला लगाकर सीलबंद करने की कार्यवाही की एवं प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया ।

धान खरीदी : रिकार्ड में हेराफेरी मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

■ **धान खरीदी केंद्रो में 7 से शुरू हो गया है भौतिक सत्यापन**

रायपुर/नवप्रदेश। आज कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास सोसायटी सभाकक्ष में धान खरीदी केंद्रो के भौतिक सत्यापन के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि यदि धान खरीदी के दौरान भौतिक सत्यापन के बाद रिकार्ड में कोई हेराफेरी या अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्यापन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और इसे 31 जनवरी तक पूरा किया जाए।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में 7 जनवरी से भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह सत्यापन सुनिश्चित करेगा कि सभी किसानों का धान सही तरीके से खरीदा जा रहा है और कोई अनियमितता नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि धान का उठाव जल्द से जल्द करें ताकि केंद्रों पर बोझ कम किया जा सके और खरीदी प्रक्रिया को समय पर पूरा किया जा सके। बैठक में जिले के सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए और किसानों की सुविधा के लिए सभी तैयारियों को पूरी तरह से सुनिश्चित करने की बात कही गई।

कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन तत्पर रहेगा।

अमलीडीह में आत्मनिर्भर बनाने 30 हितग्राहियों को निःशुल्क टेक्सटाईल प्रशिक्षण प्रारंभ

■ **ऐसी व्यवस्था देने वाला रायपुर नगर निगम छत्तीसगढ़ का पहला नगरीय निकाय**

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर छत्तीसगढ़ राज्य का पहला ऐसा नगरीय निकाय आज बन गया है, जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसके आवासों के रहवासी हितग्राहियों को जीवन में स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु पूरी तरह निःशुल्क टेक्सटाईल प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में अमलीडीह के प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर में रहवासी 30 हितग्राहियों के साथ निःशुल्क प्रशिक्षण देने एक बैच प्रारंभ की गई है। शीघ्र ही इसका विस्तार कर 30-30 हितग्राहियों की 2 बैच प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों के रहवासी हितग्राहियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ कर दी जाएगी। एक वर्ष तक हितग्राहियों को निःशुल्क टेक्सटाईल प्रशिक्षण दिया जाएगा। जानकारी दी गई है कि इसमें शत प्रतिशत प्लेसमेंट की व्यवस्था है।

जानकारी के अनुसार टेक्सटाईल प्रषिक्षण हेतु लगभग 70 से 80 हजार रुपए का व्यय आता है।

यशवंत और मनोज की आक्रामक बल्लेबाजी ने दिलाई जीत

नवा रायपुर प्रीमियर लीग के विजेता बना वन विभाग

आर्थिक सांख्यिकीय की टीम ने 46 रन बनाकर फाइनल में बनाई जगह

आर्थिक सांख्यिकीय की टीम 3 विकेट के नुकसान पर 46 रन बनाकर फाइनल में जगह बना ली।टीम की ओर से आरती और अनिता ने शानदार बैटिंग करते हुए 34 रन बनाए। आर्थिक सांख्यिकीय के आरती को शानदार बैटिंग कर 24 रन बनाने के लिए वूमेन ऑफद मैच का खिताब दिया गया।

■ **शारीरिक और मानसिक विकास के लिए एनपीएल का आयोजन काफी सराहनीय – महादेव कावरे**

रायपुर/नवप्रदेश। विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया।उक्त आयोजन में संचालनालय,मंत्रालय, निगम,बोर्ड, आयोग में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों ने हिस्सा लिए।

नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा एवं सहसंयोजक जय कुमार साहू और संतोष कुमार वर्मा ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि महादेव कावरे, संभागायुक्त रायपुर ने नवा रायपुर प्रीमियर लीग के आयोजकों को बधाई देते हुए कहां कि शासकीय सेवकों को क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान किया जाता है ।साथ ही विभिन्न शासकीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच परस्पर परिचय के साथ ही उनके शारीरिक व मानसिक क्षमताओं में वृद्धि करने का मौका भी मिलता है।

नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा ने अपने स्वागत भाषण में कहां कि इस आयोजन के माध्यम विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालयों, मंत्रालय में कार्यरत उत्कृष्ट खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास भी किया जाता है, ताकि हमारे शासकीय सेवक छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर सके। क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रभारी संतोष कुमार वर्मा ने कार्यक्रम संचालन करते हुए समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

पहला सेमीफाइनल मैच महिला क्रिकेट आर्थिक सांख्यिकीय और स्वास्थ्य संचालनालय के मध्य खेला गया। स्वास्थ्य संचालनालय ने पहले बैटिंग करते हुए 8 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 43 रन बनाए, जिसमें नंदिनी ने 23 और पूजा ने 10 रन बनाए। स्मृति ने 10 रन देकर 3 विकेट चटकाए

दूसरा फाइनल मैच जीएसटी विभाग और वन विभाग के मध्य खेला गया। जीएसटी पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार पारी खेलते हुए 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 60 रन बनाए।

निराश्रित पेंशन एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के सभी आवेदनों को करें स्वीकृत: आयुक्त

■ **लंबित प्रकरणों की समीक्षा के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में अपर आयुक्त सर्व राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू.एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, उपायुक्तगणों, अधीक्षण अभियंतागणों, कार्यपालन अभियंताओं, विभागों के प्रभारी अधिकारियों की बैठक साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यो की जानकारी लेकर समीक्षा की एवं जनहित में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की समाज हितकारी निराश्रित पेंशन और राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत आवेदनों की नियमानुसार शत प्रतिशत संख्या में समय पर स्वीकृति सुनिष्चित करें । ताकि किसी भी पात्र हितग्राही को पेंशन के लिये भटकना ना पड़े।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को नगर निगम के मूलभूत कार्यों सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट प्रबंधन का राजधानी शहर के अनुरूप सुचारू संचालन सतत मॉनिटरिंग कर करवाने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने नगर निगम में आमजनों को दी जा रही सभी जनसुविधाओं की व्यवस्था का सुचारू संचालन जनहित में सतत मॉनिटरिंग कर प्राथमिकता से करने कहा है।

छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का सम्मेलन, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की पावन धरा पर छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का ऐतिहासिक अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह 11 और 12 जनवरी को विधानसभा रोड सफायर ग्रीन के पास लोटस रिसोर्ट में आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन समाज की एकता, समृद्धि और योगदान को समर्पित होगा। जिसमें प्रदेश के मुखिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , कार्यक्रम की अध्यक्षता- प्रो. राम अवतार महतो (अखिल भारतीय शौण्डिक संघ), अति विशिष्ट अतिथिः डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, मंत्री रामविचार नेताम, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे।

कार्यक्रम के दूसरा सत्र में शौण्डिक रत्न अलंकरण समारोह मुख्य अतिथि-डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष विधानसभा, छत्तीसगढ़ पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ शासन, अति विशिष्ट अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन अति विशिष्ट अतिथि व विशिष्ट अतिथि समाज के आगन्तुक गणमान्य प्रमुख एवं समाज के समस्त बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

कार्यक्रम का तीसरे सत्र में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। 11 जनवरी शाम 7:30 शुरू होगी। जिसमें छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व अभिनेता योगेश अग्रवाल एवं मोना सेन शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावन एवं कलकत्ता के कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी।

12 जनवरी 2025 को समाज के उत्थान और दशा और दिशा पर परिचर्चा एवं चिंतन बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक राज्य के अध्यक्ष, सचिव एव आमंत्रित सदस्य व प्रदेश कार्यकारिणी उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन शौंडिक समाज के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है।

जोन 9 ने 4 विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 10 के तहत क्षेत्र में कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 के तहत लगभग डेढ़ एकड़ क्षेत्र में अविवा ग्रीन सिटी के पीछे डूंडा में अवैध मुरम रोड बनाकर की गई अवैध प्लाटिंग पर थ्रीडी से अवैध मुरम रोड काटकर एवं आवागमन कठिन बनाकर रोक लगायी गयी। इसी प्रकार जोन 10 के वार्ड 54 के तहत कमल विहार गेट के पास मुख्य मार्ग डूंडा में लगभग डेढ़ एकड़ निजी भूमि क्षेत्र में अवैध मुरम रोड बनाकर की गई अवैध प्लाटिंग पर थ्रीडी से अवैध मुरम रोड तत्काल काटकर और आवागमन कठिन बनाकर रोक लगायी गयी। उक्त अभियान नगर निगम जोन 10 के जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के निर्देश पर जोन नगर निवेश उपअभियंता रविप्रभात साहू की उपस्थिति में चलाया गया।

इसी प्रकार गुरुवार को नगर निगम जोन 9 ने 4 भिन्न स्थानों पर अतिक्रमणों को हटाने की अभियान चलाकर कार्यवाही जनहित में जनसुविधा के लिए सुगम आवागमन देने की। जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के निर्देश पर जोन 9 नगर निवेष विभाग की टीम ने मोवा ओव्हर ब्रिज के नीचे आज 3 अतिक्रमण हटाए। लगभग 3-4 दिन पहले जोन की टीम ने वहां लगभग 42 अतिक्रमण हटाये थे।

पिछड़ा वर्ग आरक्षण के नाम भाजपा सरकार का धोखा : सुरेंद्र वर्मा

■ **पूरे प्रदेश में ओबीसी को स्थानीय निकायों में कहीं भी 50 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिला**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी किसान सरकार को ओबीसी विरोधी करार देते हुए कहा है कि इस सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय) चुनाव में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है उसके परिणाम सामने हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच और पांचों के आरक्षण में ओबीसी के हक और अधिकारों में बड़ी डकैती इस सरकार ने की है। उदाहरण के तौर पर बिलासपुर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं में जिला पंचायत सदस्यों के 17 में से केवल एक क्षेत्र क्रमांक 1 में ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है, ओबीसी पुरुष के लिए 17 में से एक भी सीट आरक्षित नहीं है। इसी तरह बिलासपुर जिले के चार जनपद पंचायत में दो जनपद पंचायत अध्यक्ष के पद अनुसूचित जाति महिला, एक अनारक्षित महिला और एक जनपद अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त रखा गया है। ओबीसी के लिए बिलासपुर जिले के अंतर्गत चार जनपद पंचायतों में से एक भी जनपद पंचायत अध्यक्ष का पद ओबीसी के लिये आरक्षित नहीं है। भाजपा के तमाम नेता होल्डिंग और विज्ञापन बोर्ड में ओबीसी को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का दावा कर रहे थे, आज आरक्षण प्रक्रिया के परीणाम सामने आने पर पिछड़ा वर्ग हितैषी होने का ढोंग करने वाले भाजपाई दलिय चाटुकारिता में मौन है।

सरपंच रेमन यशवंत जांगडे ने बताई अपनी उपलब्धियां

सांकरा गांव में बही विकास की धारा

दुर्ग/सांकरा/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा में विगत दिनों ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंच सरपंच सहित सचिव और ग्राम के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया ।

रेमन यशवंत जांगडे सरपंच सांकरा ने बताया की विगत पांच सालों में सांकरा गांव में विकास की धारा बही है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार की सारी योजनाओं का लाभ ग्राम में रहने वाले हर वर्ग को दिया गया है। विकास कार्य निरंतर जारी है।

सरपंच रेमन यशवंत जांगडे ने बताया कि वर्तमान में पीएम आवास जो 218 पूरा किया जा चुका है और 182 पर कार्य चल रहा है। राशन कार्ड 850 वर्तमान में है। लगभग 120 से 130 कार्ड बनने के लिए प्रक्रिया में है। स्वास्थ्य कार्ड ग्राम के लगभग सभी का बन चुका है और 70 से 80 स्वास्थ्य कार्ड बन रहा है।

रेमन यशवंत जांगड़े ने आगे बताया की उनके कार्यकाल में अभी तक गांव में 8 सीसी रोड, 5 नाली निर्माण, 3 मुरम वाला कच्ची रोड का निर्माण किया गया है इसी प्रकार गांव में अभी क्लामंच, शौचालय, बाजार सेड, सरसता भवन, लोधी भवन, तालाब में पचारी निर्माण कर, हाई मास्क लाइट,सौर ऊर्जा लाइट आदि है।

सरपंच ने आगे बताया की सांकरा धान मंडी में किसान कुटीर और 6 चबूतरों का कार्य कराया गया है। इसी क्रम में 52 लाख केंद्र अनुदान से डोंगिया तालाब सौंदर्यकरण का कार्य किया गया। सांकरा में 6 बोरवेल कराया गया है। जिससे गांव वालो के लिए पानी की समुचित व्यवस्था हो और मनरेगा में साल भर काम कराया गया है। जिसमें गांवों में रहने वाले का सालभर रोजगार मिला। रेमन यशवंत जांगड़े ने बताया की कुछ कार्य अभी भी चल रहे है।

मोदी सरकार से अर्थव्यवस्था संभल नहीं रही : सुशील आनंद शुक्ला

■ **वृद्धि दर अनुमान से काफी कम, महंगाई और बेरोजगारी बेलगाम**

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के हालिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और वित्तीय कुप्रबंधन के चलते देश की अर्थव्यवस्था तेजी से उल्टे पांव भाग रही है। वर्तमान में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष 8.2 प्रतिशत की तुलना में बेहद कम, मात्र 6.4 प्रतिशत है। सरकार के अनुमान से कम वृद्धि दर का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक ने लगाया और अब यह अनुमान वित्त मंत्रालय के अनुमान से भी बेहद कम है।

प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा था, आज 10 साल से अधिक हो गए केंद्र की सरकार में आए, महंगाई दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है, लेकिन यह सरकार जनता के प्रति अपने जवाबदेही से भाग रही है। भुखमरी इंडेक्स में देश को लगातार निचले पायदान पर धकेला जा रहे हैं, गरीब और गरीब हो रहे हैं, 80 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से नीचे धकेल कर 5 किलो राशन की लाइन में खड़ा कर दिया है। मोदी राज में देश पर कुल कर्ज का भार 2014 की तुलना में तीन गुना अधिक हो चुका है। सरकारी उपक्रम, सरकारी संपत्तियों और नवरत्न कंपनियां तक बेचे जा रहे हैं। युवाओं के पास रोजगार नहीं है, दूसरी तरफकेंद्र की सरकार सरकारी विभागों और सरकारी उपक्रमों में ही 25 लाख से अधिक पदों पर केंद्र की सरकार भर्तियां रोक रखी है।

न्यूज गैलरी

आल इंडिया सिविल सर्विसेज टूर्नामेंट में कोंडागांव के शिक्षक सुखदेव कुमेटी का चयन

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से कोंडागांव जिले के शिक्षक सुखदेव कुमेटी का चयन आल इंडिया सिविल सर्विसेज टूर्नामेंट में हुआ है वे नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 3 से 9 जनवरी तक होने वाले कब्बड्डी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं । इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें कोंडागांव से सुखदेव का चयन कब्बड्डी के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व में भी पश्चिम बंगाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स में इन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त कर कोंडागांव का मान बढ़ाया है,जिसके लिए जिले के शिक्षा अधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।खेल के साथ-साथ श्री कुमेटी वर्तमान में प्राथमिक शाला बुढ़ाकसा में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस उपलब्धि पर जिले के खेलप्रेमियों और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर कलेक्टर ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कोंडागांव जिले के प्रस्तावित दौरे को लेकर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विकास नगर स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने इस दौरान मुख्य मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही विभागीय स्टॉल के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अविनाश भोई, एडीएम श्री चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन हेतु महाअभियान की अंतिम दिन

कांकेर/नवप्रदेश। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत जिले में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन करने हेतु 10 जनवरी को प्रातः 09 बजे से संध्या 05 बजे तक महाअभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सभी च्वॉइस सेंटरों एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों (एपीएल एवं बीपीएल दोनों श्रेणी) को प्रतिवर्ष 05 लाख तक का निःशुल्क उपचार की सुविधा है।

अंतागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष बनने इस बार मचेगा घमासान, दावेदारों की लंबी लिस्ट

पार्टी से टिकट नहीं मिला तो लड़ सकते हैं निर्दलीय चुनाव

अंतागढ़/नवप्रदेश। नगरीय निकायों के पार्षदों का आरक्षण पहले ही हो चुका था वहीं सबको अध्यक्ष पद को लेकर आरक्षण पर निगाहे टिकी हुई थी लेकिन अब वह इतंजार खत्म हो चुका है वही छत्तीसगढ़ के सभी नगर निगम नगर पालिका व नगर पंचायतो का आरक्षण लगभग पूरी कर ली गई है वैसे ही अब दो राष्ट्रीय पार्टी बीजेपी और कांग्रेस से दावेदारों की लंबी लिस्ट निकल कर आ रही है किंतु कही न कही अगर पार्टी से टिकट नहीं मिल पाया तो निर्दलीय चुनाव लड़ने से गुरेज भी नहीं किया जा सकता खैर जैसे ही चुनाव की तिथि की घोषणा होगी तब ही पता चल पाएगा कि कितने चुनाव के रण में उतरे है लेकिन सूत्रों से खबर आई है कि इस बार अंतागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए लंबा लिस्ट हो सकता है ।

गौरतलब है कि अंतागढ़ में नगर अध्यक्ष पद एस टी मुक्त होने से इस बार नगर अध्यक्ष बनने घमासान मचेगा। दावेदारों और प्रत्याशी की संख्या में इजाफा होगा ।इस पद के लिए एस टी वर्ग से लोग चुनावी समर में उतरेंगे। अध्यक्ष पद के चुनाव में आरक्षण को लेकर सबको इंतजार था ।अब इंतजार खत्म हो गया । अंतागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष पद एस टी(मुक्त) हो गया है ।इस बार राजनीतिक रूप से इस पद को लेकर कांग्रेस और भाजपा में घमासान देखने को मिलेगा। चौक चौराहे पान ठेलो में चुनाव का चर्चा होना शुरू हो गया है।दावेदार अपनी किस्मत आजमाने के लिए चुनाव के रणभूमि में कूदेंगे ।आरक्षण की स्थिति साफहोने के बाद अब टिकट के लिए दावेदारों की लंबी लाइन लगेगी। इस बार प्रत्यक्ष प्रणाली से अध्यक्ष पद का चुनाव होना है मुख्य पार्टी कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला होना तय है ।दोनों ही दलों में दावेदारों की होड़ लगेगी ।सूत्रों से खबर मिली है कि भाजपा से संभावित दावेदार अभी वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग उपाध्यक्ष अमल नरवास पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मरकाम सहित कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए नगर पंचायत के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान पार्षद संजय ध्रुव हो सकते है।

वहीं कांग्रेस से गुड्डा नेताम जो कि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती नेताम व पूर्व सरपंच स्व जोहरू नेताम के पुत्र है सिंगल नाम अभी तक सुनाई आ रहा है कयास लगाया जा रहा है कि अब नगरीय निकाय के महापौर, अध्यक्ष का आरक्षण आने के बाद 15 जनवरी तक आदर्श आचार संहिता लग सकती है ।वही चुनाव जनवरी के अंतिम या फरवरी के पहला सप्ताह में हो सकता है।

चारामा पुलिस एक्शन मोड पर, शराब के बाद सट्टा वालों पर कार्यवाही

चारामा पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही से अवैध कारोबार से जुड़े लोग हुए रफूचक्कर

कांकेर/नवप्रदेश। थाना चारामा इन दिनों अवैध शराब जुआ सट्टा ऑनलाइन जुआ जैसे अपराध पर अंकुश लगाने जिस प्रकार कार्यवाही किया जा रहा है इस कार्यवाही के बाद चारामा पुलिस की कार्यवाही से पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

चारामा पुलिस अवैध शराब को लेकर दो दिन पहले ताबड़तोड़ कार्यवाही किया है। इस कार्यवाही से लोग संभले ही नहीं थे कि अवैध जुआ पर कार्यवाही से चारामा ब्लॉक में जुआडियो सहित अवैध काम में जुड़े लोग चारामा छोड़कर रफूच्चक्कर होने की बात सामने आ रही हैं।

चारामा पुलिस के अनुसार वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.के.ऐलिसेलाके निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चन्द्रवंशी के नेतृत्व में टीम गठित कर जुआ सटटा खिलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए चारामा पुलिस ने

ग्राम चारभाठा से 01 आरोपी को सटटा पर्ची सहित दो गिरफ्तार किया है।

07 जनवरी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति अजय देवांगन नाम का ग्राम चारभाठा में अंको पर पैसों का दांव लगाकर सटटा लिखकर हार जीत का जुआ खिला रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों को साथ लेकर रवाना होकर मुखबिर के बताये अनुसार उक्त संदेही के घर की घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, जो मौके पर एक् व्यक्ति मिला जिसे नाम पता पूछताछ करने पर अपना नाम अजय देवांगन पिता सुरेश देवांगन उम्र 27 साल निवासी चारभाठा थाना चारामा जिला कांकेर होना बताया जिसे नोटिस देकर तलाशी लिया जो उसके पास से एक मोबाईल एवं एक कागज का सट्टा पर्ची जिसमें अंको पर पैसा का दांव लिखा हुआ ,डाट पेन ,नगदी रकम 4200 रू जप्त किया गया। जिसे गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया।

मामले में आरोपी कृत्य अपराध धारा 4,6,(क) छ0ग0 (जुआ) प्रतिषेध अधिनिम 2022 का घटित करना पाये जाने से उक्त गिरफ्तार किया गया बाद आरोपी को हिरासत में लाकर थाना चारामा अपराध क्रमांक 05/25 धारा 4,6,(क) छ0ग0 (जुआ) प्रतिषेध अधिनिम 2022 पंजीबद्ध किया गया मामला अजमानतीय एवं प्रकरण की विवेचना अपूर्ण होने से आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।संपूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक प्रेमशंकर ठाकुर.प्र.आर.अजेन नरेटी, आर. सुरेश सिन्हा मआर. ममता मंडावी का विशेष योगदान रहा ।

कोण्डागांव में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आरक्षण प्रक्रिया सम्पन्न

कोण्डागांव/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आरक्षण प्रक्रिया जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर कार्यालय में 9 जनवरी को कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आरक्षण प्रक्रिया समपन्न की गई ।आयोजित इस प्रक्रिया में जिला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत अध्यक्ष के पदों के लिए आरक्षण तय किया गया। कोण्डागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जानकारी देते हुए बताया कि, जनपद पंचायत कोण्डागांव, माकड़ी और केशकाल के अध्यक्ष पद के लिए अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित किए गए।

व्यय लेखा परीक्षक करेंगे मानिटरिंग

नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए संपरीक्षक अधिकारी नियुक्त

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 के अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु निर्वाचन व्यय सीमा का निर्धारण करने पर अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा का परीक्षण/जांच करने के लिए नगरपालिका तथा नगर पंचायतों हेतु अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन व्यय संपरीक्षक नियुक्त करने के संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार नगरपालिका परिषद कांकेर अंतर्गत अध्यक्ष पद हेतु लेखाधिकारी श्री टी.राजेश्वर राव को निर्वाचन व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 01 से 07 के लिए लेखाधिकारी श्रीमती नमिता मूर्ति, श्री सत्येन्द्र केजी को वार्ड क्रमांक 08 से 14 के लिए तथा वार्ड क्रमांक 15 से 21 के लिए श्री ऋषि देवांगन को व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार नगर पंचायत चारामा अंतर्गत अध्यक्ष पद के लिए उप कोषालय अधिकारी चारामा श्री दुष्यन्त कुमार, वार्ड क्रमांक 01 से 05 तक लेखापाल श्री रविन्द्र कुमार पाण्डेय, वार्ड क्रमांक 06 से 10 तक लेखापाल श्री गजेन्द्र कुमार साहू और वार्ड क्रमांक 11 से 15 तक के लिए लेखापाल श्री अभीराम बर्मन को व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष पद हेतु लेखाधिकारी श्री मेघनाथ उसेण्डी, वार्ड क्रमांक 01 से 05 तक उप कोषालय अधिकारी भानुप्रतापपुर श्री लुमन साहू, वार्ड क्रमांक 06 से 10 तक श्री प्रकाश मेश्राम और वार्ड क्रमांक 11 से 15 तक के लिए श्री सुरेश साहू को व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष पद के लिए उप कोषालय अधिकारी श्रीमती निधि शोरी को निर्वाचन व्यय संपरीक्षक बनाया गया है।

जनपद पंचायत अध्यक्षों एवं जिला पंचायत सदस्यों के आरक्षण की कार्यवाही सम्पन्न

■ कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष हुई आरक्षण की कार्यवाही

कांकेर/नवप्रदेश। पंचायत निर्वाचन-2024-25 के तहत जिले की जनपद पंचायतों के अध्यक्षों एवं जिला पंचायत के सदस्यों के आरक्षण की कार्यवाही आज सम्पन्न हुई। आरक्षण की सम्पूर्ण कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की मौजूदगी में की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने पंचायत राज अधिनियम के तहत आरक्षण की कार्यवाही की जनपद पंचायतवार एवं जिला पंचायत क्षेत्रवार जानकारी दी। आरक्षण हेतु आवश्यकतानुसार लॉटरी चयन पद्धति से कार्यवाही की गई।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज सुबह 11.30 बजे आरक्षण की कार्यवाही शुरू हुई। इसके तहत जिले की सभी 07 जनपद पंचायतों के अध्यक्ष पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं, इनमें से 04 जनपद अध्यक्ष के पद अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग हेतु आरक्षित किए गए, जनपद पंचायत चारामा, कांकेर, अंतागढ़ और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा सम्मिलित हैं।

वित्तीय घोखाधड़ी से बचने के लिए आम लोंगो को किया जा रहा जागरूक

कोंडागांव/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रो में वितीय धोखाधड़ी से बचने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' जिला कोण्डागांव के द्वारा जिले के 383 ग्राम पंचायत तथा 576 गांव में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता दी जा रही है और उन्हें वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। एनआरएलएम कोंडागांव के डीएमएम श्री विनय सिंह ने बताया कि जिले के सभी गांवों में वित्तीय धोखाधड़ी संबंधी, अनजान व्यक्ति या कम्पनी से ऋण लेने से बचने के लिए लगातार वित्तीय साक्षरता रैली, दिवाल लेखन और जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे सभी लोगों को वित्तीय प्रबंधन तथा वित्तीय साक्षरता संबंधी जानकारी प्राप्त हो रही है।

प्रधानमंत्री जनमन योजना से संवर रही विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार की जिंदगी

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले के दूरस्थ विकासखण्ड बड़ेराजपुर से 12 कि.मी. की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कोसमी के चनाभर्री जहां विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के 10 कमार परिवार निवासरत हैं। ग्राम पंचायत कोसमी अन्तर्गत चनाभर्री बसाहट वनग्राम में आता है, जो जंगल से लगा हुआ है। इन परिवारों का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं वनोपज पर आधारित हैं, जिससे वे अपना गुजर-बसर करते हैं। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (जनमन) अंतर्गत चनाभर्री को विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के बसाहट के रूप में चिन्हाकित कर यहां निवासरत सभी 10 कमार परिवारों को केंद्र एवं राज्य शासन की सभी योजनाओं से जोड़कर उन्हें सभी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से योजना के बेहतर क्रियान्वयन का प्रयास किया जा रहा है। चनाभर्री निवासी श्री गंगाराम मरकाम उन्हीं कमार जनजाति परिवारों में से एक हैं, जिन्हें जनमन योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास का लाभ मिला है। गंगाराम आज पक्का आवास पाकर बहुत खुश हैं और इससे उनके जीवन में एक बदलाव की शुरुआत हुई है।

आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे गंगाराम का परिवार पहले कच्चा झोपड़ीनुमा मकान में रहकर गुजर-बसर करते थे गंगाराम घर चलाने के लिए बांस से विभिन्न प्रकार के घरेलु उपयोग के परम्परागत समान बनाने के साथ वनोपज का भी संग्रहण कर इन उत्पादों को गंगाराम विश्रामपुरी बाजार में बेचने के लिए लाते हैं और इससे जो आय प्राप्त होता है, उससे घर की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करते हैं। गंगाराम बताते हैं कि इससे उनके परिवार का गुजारा बड़े ही मुश्किल से हो पाता है। जंगल से लगे होने के कारण उनके परिवार को सांप, बिच्छू और अन्य वन्यजीवों के खतरों का भी सामना करना पड़ता था। गंगाराम बरसात के दिनों को याद करते हुए बताते हैं कि बरसात के मौसम में झोपड़ी से पानी टपकता था, जो हमारे परिवार के लिए एक बड़ी समस्या थी, क्योंकि छत से पानी टपके से झोपडी में पानी भर जाता था। इससे दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली चीजे ख़राब हो जाती थी और इससे गंगाराम के परिवार को कई तरह से मुश्किलों का सामना करना पढता था।

प्रथम पृष्ठ का शेष

हमारा भविष्य युद्ध में ...

हमें हमारी गौरवशाली विरासत के दर्शन होते हैं। सैकड़ों वर्ष पहले यहां के व्यापारी लंबी समुद्री यात्राएं कर बाली, सुमात्रा और जावा तक जाते थे। आज भी ओडिशा में बाली यात्रा का आयोजन किया जाता है, जो इस ऐतिहासिक संबंध का प्रमाण है।

मोदी ने सम्राट अशोक और बौद्ध धर्म का उल्लेख करते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया तलवार के दम पर साम्राज्य बढ़ाने में लगी थी, तब भारत ने शांति और अहिंसा का संदेश दिया। उन्होंने कहा, हमारी विरासत हमें सिखाती है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में है।

प्रवासी भारतीयों की भारत के सच्चा सांस्कृतिक दूत बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासी भारतीयों को भारत का सच्चा राष्ट्रदूत बताते हुए कहा कि वे जिस भी देश में जाते हैं, वहां भारतीय संस्कृति और मूल्यों को जीवंत बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा, हम सिर्फलोकतंत्र की जननी नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा है। विविधता हमारे संस्कारों में है, और यह हमें सिखानी नहीं पड़ती, बल्कि हमारे जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है।

उन्होंने प्रवासी भारतीयों से 'मेक इन इंडिया' अभियान को अपनाने और भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हर प्रवासी भारतीय कम से कम एक भारतीय उत्पाद को अपने जीवन और उपहार संस्कृति का हिस्सा बनाए।

भारत की वैश्विक सफलता पर गर्व करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति पर भी गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, जब भारत का चंद्रयान 'शिवशक्ति प्वाइंट' पर पहुंचता है, तो हमें गर्व होता है। जब दुनिया डिजिटल इंडिया की ताकत देखकर हैरान होती है, तो हम सब को गर्व होता है। भारत का हर क्षेत्र आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि आज भारत ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूती से उठा रहा है और वैश्विक मंचों पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासी भारतीयों के लिए विशेष पर्यटक ट्रेन 'प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से यात्रा शुरू करेगी और तीन सप्ताह तक देशभर के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों की यात्रा कराएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन ओडिशा' पहल के तहत फाइटर जेट और विमान निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने इसे भारत की आत्मनिर्भरता और स्वदेशी रक्षा निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

मोदी ने प्रवासी भारतीयों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर प्रवासी भारतीय अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाए और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे।

प्रधानमंत्री ने गिरमिटिया जातियों के इतिहास और योगदान पर शोध की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालयों से अपील की कि वे गिरमिटिया भारतीयों के अध्ययन के लिए विशेष चेयर स्थापित करें ताकि उनके संघर्ष और उपलब्धियों का सही दस्तावेजीकरण हो सके।

सुकमा-बीजापुर सीमा ...

डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा की संयुक्त पुलिस पार्टी माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुई थी। इस अभियान के दौरान गुरुवार को सुबह से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि मुठभेड़ स्थल और आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा बलों द्वारा सघन सर्चिंग भी जारी है। सुरक्षा बल फिलहाल मुठभेड़ स्थल और उसके आसपास गहन तलाशी अभियान चला रहे हैं।

शंभू बॉर्डर पर किसान ने ...

रेशम सिंह तरनतारन के गांव पहुविंड के रहने वाले थे। रेशम सिंह को राजपुरा के सिविल अस्पताल लाया गया। जहां 11 बजे उनको मृत घोषित कर दिया गया। रेशम सिंह की मौत की खबर मिलते ही शंभू मोर्चे और मृतक किसान के गांव पहुविंड में माहौल शोकमय हो गया। किसानों का आरोप है कि रेशम सिंह ने केंद्र सरकार, पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों से आहत होकर सल्फास खाकर आत्महत्या की है।

तरनतारन के खेमकरण के गांव पहुविंड निवासी रेशम सिंह तीन दिन पहले छह जनवरी को अपने गांव से किसानों का जत्था लेकर शंभू बॉर्डर आए थे। वीरवार को उनके बेटे इंद्रजीत सिंह को शंभू बॉर्डर से सूचना मिली कि किसान आंदोलन से आहत होकर उनके पिता ने सल्फास निगल ली है। साथी किसानों द्वारा रेशम सिंह को राजपुरा के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया। डाक्टरों द्वारा रेशम सिंह को बचाने के लिए काफी प्रयास किए गए, लेकिन उनकी मौत हो गई।

प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ ...

होंगे। पीला रेशम दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश के धर्मावरम से मंगाया गया है। इस रेशम की खासियत यह है कि इसका रंग लंबे समय तक बना रहता है, चमक भी बरकरार रहती है। इस समय सर्दी का मौसम चल रहा है इसलिए रामलला के लिए पश्मीना के अंगवस्त्र यानी धोती व दुपट्टा भी तैयार किए जा रहे हैं। इस पर भी सोने-चांदी से कढ़ाई की जा रही है। प्रतिष्ठा द्वादशी की तिथि पर रामलला स्वर्ण मुकुट, स्वर्ण हार सहित अन्य आभूषण भी धारण करेंगे।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हुई थी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक श्रद्धालुओं के लिए कई सुविधाएं विकसित की जा चुकी हैं। राम जन्मभूमि पथ पर तीर्थ यात्री सेवा केंद्र का संचालन हो रहा है। जहां श्रद्धालुओं के बैठने के इंतजाम किए गए हैं। यहां पर दान काउंटर, पास काउंटर, व पूछताछ केंद्र भी विकसित किया गया है। इसके अलावा राम जन्म भूमि परिसर में तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र का निर्माण पूरा हो चुका है।

नाबालिग लड़की का अपहरण आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

कोंडागाँव/नवप्रदेश। जिले के अनतपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग लडक़ी को अपहरण कर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को घेरा बंदी कर गिरफ्तार किया है ।मामले के संबंध में जानकारी देते थाना प्रभारी ने बताया कि दिनांक 08.01.2025 को प्रार्थी ने थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी नाबालिक बेटी के साथ धर दबोज कर भगाकर ले जाने कि रिपोर्ट पर थाना अनंतपुर में धारा 137(2) बीएनएस, 08 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दिनांक 08.01.2025 को आरोपी के सकुनत पर दबिश देकर आरोपी बलीराम नेताम पिता मड्डाराम नेताम उम्र 29 वर्ष साकिन बड़े घोड़सोड़ा

डोंगरीपारा थाना अनंतपुर जिला कोण्डागांव को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कोण्डागांव के समक्ष पेष कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अखिलेश धीवर,सउनि. अभिराम मेश्राम, प्रआर. छबीलाल कोर्राम, नेमीचंद भण्डारी, रामजी वट्टी, मनराज वट्टी, सोपसिंह मरकाम, चेतन मरकाम, गितेश सेठिया, दिनदयाल सोनवानी का कार्य सराहनीय रहा।

न्यूज गैलरी

पं. प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने पहुंचे विधायक गजेन्द्र यादव

दुर्ग। विश्व विख्यात पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से शिवपुराण की कथा सुनने विधायक गजेन्द्र यादव कार्यकर्त्ताओ के साथ आयोजन स्थल छुरिया हालेकोसा जिला राजनांदगाव पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच बैठकर कथा सुने और आरती में भी शामिल हुए। श्री शिवाय नमस्तभ्यु का जाप करते हुए दुर्गवासियों के सुख- समृद्धि के लिए कामना किये। पं. मिश्रा को सुनने के लिए हालेकोसा में लगातार लोगों की भीड़ उमड़ रही है। उल्लेखनीय है कि 4 जनवरी से पं. मिश्रा का कथा वाचन हो रहा है, जिसे सुनने के लिए छत्तीसगढ़ सहित अन्य शहरों एवं जिलों से भी लोग हालेकोसा में कथा स्थल पहुंच रहे हैं। आज के कथा वाचन का 5वां दिन रहा। पं. मिश्रा ने बताया की शिव महापुराण आपके भीतर विश्वास और भरोसा पैदा करती है। शिव जी पर विश्वास और सच्ची श्रद्धा से एक लोटा जल से सभी समस्या का हल होता है। अपने घर परिवार के सदस्यो में ऐसे संस्कार दे की गलत फैशन और गलत भोजन प्रवेश न करने दे ताकी समाज संस्कारवान बने। उन्होंने कहा की जातिवाद और संप्रदायवाद के नाम पर बाँटने वालों से सजग रहे। किसी का भरोसा और विश्वास तोड़ना पाप की श्रेणी में आता है। बेटियों को शिक्षा में आगे बढ़ाये।

कर्नाटक बैंक के 111 खाते सीज

दुर्ग। पुलिस ने कर्नाटक बैंक स्टेशन रोड दुर्ग शाखा में संचालित 111 खातों को सीज किया है। पुलिस ने इन खातों में 86.33 लाख रुपए के संदिग्ध लेनदेन को देखते हुए मामला दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस सभी खातों की डिटेल्स निकालकर जांच कर रही है। दुर्ग के मोहन नगर थाना प्रभारी पारस सिंह ठाकुर ने बताया कि उन्होंने यह मामला गृह मंत्रालय के आदेश पर दर्ज किया है। कर्नाटक बैंक में संचालित 111 बैंक खातों में देश के अलग-अलग राज्यों में हुए अलग-अलग साइबर फ्रॉड के करीब 86.33 लाख ट्रांसफर हुए हैं। इसके साथ ही इस मामले की जांच भारत सरकार गृह मंत्रालय के पोर्टल बैंक के जरिए भी की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पिछले दिनों देशभर के अलग-अलग राज्यों में कई साइबर ठगी के केस हुए हैं। वहां से ठगी के करीब 86.33 लाख कर्नाटक बैंक की स्टेशन रोड स्थित शाखा के 111 बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए गए हैं। देश के कई राज्यों में हुई साइबर ठगी का पैसा जैसे ही दुर्ग में संचालित बैंक के खातों में आया तो गृह मंत्रालय भारत सरकार से इसकी जांच शुरू हुई। वहां एक जनवरी को दुर्ग एसपी के पास मेल आया कि इस मामले की जांच कर जानकारी दी जाए। इसके बाद एसपी के आदेश पर मोहन नगर पुलिस ने धारा 317(2), 317 (4), 318(4), 61(2) (ए) के तहत अपराध दर्ज किया।

10795 बकायादारों पर कार्रवाई कर वसूले 10 करोड़ से अधिक की राशि

भुगतान नहीं करने वाले 8168 बकायेदारों की काटी बिजली

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत दुर्ग रीजन (दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले) में विगत दिसंबर माह में एक महिने के भीतर 10795 घरेलू, गैरघरेलू एवं अन्य श्रेणी के निम्नदाब उपभोक्ताओं से 10 करोड़ 81 हजार रुपए की वसूली की गई। इस दौरान बार-बार ध्यान आकृष्ट कराये जाने के बावजूद बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले 8168 बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गये।

गौरतलब है कि विद्युत कंपनी द्वारा अपने उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि पर बिजली बिल के भुगतान के लिए मोर बिजली एप एवं अन्य ऑनलाइन सुविधाएं दी जा रही हैं। बिजली बिल के देयको के भुगतान में विलंब होने पर उपभोक्ताओं को बार-बार ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, जिससे वे देयक समय पर जमा कर देवें। मैदानी अधिकारी एवं उनकी टीम बकायेदार उपभोक्ताओं के पास स्वयं पहुंचकर उनसे बिजली बिल जमा करने का अनुरोध कर रहे हैं। इसके बावजूद बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले घरेलू, गैरघरेलू एवं अन्य श्रेणी के बकायेदारों के लिए विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दुर्ग वृत्त के अंतर्गत जिसमें 06 विद्युत संभाग दुर्ग, अहिवारा, पाटन, बालोद, बेमेतरा एवं साजा शामिल हैं, से 6612 उपभोक्ताओं से दिसंबर 2024 में एक माह के भीतर 04 करोड़ 82 लाख रुपए से अधिक की वसूली की गई। बकाया भुगतान नहीं करने वाले 4430 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किये गये। इसी तरह दुर्ग शहर वृत्त के तीन संभागों दुर्ग शहर, भिलाई पूर्व एवं भिलाई पश्चिम संभाग के अंतर्गत 4183 निम्नदाब उपभोक्ताओं से 05 करोड़ 18 लाख रुपए से अधिक की वसूली की गई। बकाया भुगतान नहीं करने वाले 3738 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किये गये।

मुख्य अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि नियत समय पर बिजली बिल का भुगतान करें एवं विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही से बचें। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि बिजली बिल जमा करने में विलंब ना करें। इससे ना केवल विभागीय कार्यों में असर पड़ता है, बल्कि क्षेत्र के विद्युतीय विकास कार्यों में भी बाधा पहुंचती है।

3 को मिली नागरिकता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने वर्ष 2007 में भारत आए रामी बाई (उम्र 55 वर्ष) पति स्व मुकेश कुमार, बेबी हर्षिता और मयंक कुमार पिता स्व. मुकेश कुमार को नागरिकता प्रमाण पत्र देकर भारत की नागरिकता प्रदान की। नागरिकता प्रमाण पत्र पाते हुए उक्त नागरिकों ने कलेक्टर चौधरी सहित राज्य सरकार और भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व इस परिवार के सदस्य पाकिस्तान के नागरिक थे। वर्ष 2007 से भारत में आ गए थे और वर्तमान में वार्ड न. 26 सिंधी कॉलोनी में रहते है। आज नागरिकता प्रमाण पत्र मिलने के बाद से अब वे भारत के नागरिक के रूप मे जाने जायेंगे।

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों एवं जनपद अध्यक्ष का हुआ आरक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की कार्यवाही की गई। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 30/धारा-129 ड़ के साथ पठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिला पंचायत दुर्ग के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्ग हेतु महिला/मुक्त, आरक्षण अवधारित किया है। इसी प्रकार कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ पंचायत (उपसरपंच/अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम, 1995 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के जनपद पंचायत दुर्ग/धमधा/पाटन के अध्यक्ष पद के आरक्षण की कार्यवाही की है। जिसके अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग में अध्यक्ष पद के लिए आरक्षित प्रवर्ग अपिव (महिला), जनपद पंचायत धमधा हेतु अनारक्षित प्रवर्ग (मुक्त) तथा जनपद पंचायत पाटन हेतु अनारक्षित प्रवर्ग (महिला) अनारक्षित किया गया है।

जिपं के 12 सदस्यों की आरक्षण प्रक्रिया..

जिला पंचायत के 12 सदस्यों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। जिसके अनुसार क्षेत्र क्रमांक-1 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र-2 ओबीसी मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 03 एससी मुक्त, क्षेत्र-4 एससी महिला, क्षेत्र-5 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र-6 ओबीसी महिला, क्षेत्र -7 अनारक्षित महिला, क्षेत्र-8 ओबीसी महिला, क्षेत्र-9 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 10 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 11 अनुसूचित जनजाति महिला एवं क्षेत्र क्रमांक 12 अनारक्षित महिला हेतु सीटों का आरक्षण किया गया है।

नपा आम/उप निर्वाचन के अभ्यर्थियों से प्राप्त प्रतिभूति राशि के निर्देश

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका आम/उप निर्वाचनों के अभ्यर्थियों से प्राप्त प्रतिभूति (निक्षेप) राशि के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये गए है। जिसके अनुसार नगरपालिका (नपानि, नपापं, नपं) निर्वाचन के अभ्यर्थियों के लिए यह आवश्यक है कि वह पहले नियम 26 के अनुसार प्रतिभूति (निक्षेप) की निर्धारित राशि जमा कराए। छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 24 दिसंबर 2024 को अधिसूचना जारी कर छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियमों में संशोधन किया गया है। प्रतिभूति (निक्षेप) राशि के संबंध में आयोग द्वारा पूर्व में जारी संदर्भित निर्देश को अधिक्रमित करते हुए निर्देशित किया गया है कि किसी भी अभ्यर्थी को निर्वाचन के लिए सम्यक् रूप से नाम निर्देशित नहीं समझा जायेगा, जब तक कि उसने नियम 25 के अधीन रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष या तो अपने नामनिर्देशन पत्र के प्रस्तुतिकरण के समय या उसके पूर्व, निर्धारित राशि नगद रूप में जमा न कर दी हो या जमा न करवा दिया हो। ज्ञात हो कि पार्षद की सीट के लिए नपं हेतु 1000, नपा 3000 व नपानि हेतु 5000 की धनराशि देय होगी। इसी प्रकार नपं अध्यक्ष की सीट के लिए10000 रूपये, नपा अध्यक्ष की सीट के लिए 15000 तथा नपानि महापौर की सीट के लिए 20000 रूपये की धनराशि देय होगी। परन्तु जहां कोई अभ्यर्थी, महिला है या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है, वहां उसे इस नियम के अधीन उपरोक्त विहित धनराशि का केवल आधा भाग निक्षेप करना आवश्यक है।

राजस्व सचिव को 15 दिन के अंदर अभ्यावेदन पर निर्णय लेने का निर्देश

हाई कोर्ट ने मिशन अस्पताल के तोड़फोड़ पर लगाई रोक

बिलासपुर/नवप्रदेश। ईसाई महिला मिशन बोर्ड के निदेशक नितिन लारेंस उम्र 37 वर्ष, पुत्र हर्बट लॉरेंस, निवासी लोधी पारा चौक, पंडरी, लोधी पारा, कापा अवंती चौक, रायपुर, जिला रायपुर छत्तीसगढ़। नितिन लॉरेंस सचिव डियो-सेशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने मिशन अस्पताल भवन को ध्वस्त किये जाने की कार्रवाई पर रोक लगाने हाई कोर्ट में याचिका पेश की है। याचिका में लीज होल्ड भूमि पर बनी इमारत को ध्वस्त करने पर रोक लगाने की मांग की गई। न्यायालय के ध्यान में यह लाया गया है कि की शिकायत के विरुद्ध याचिकाकर्ता द्वारा एक अपील/अभ्यावेदन दायर किया गया है छत्तीसगढ़ शासन के सचिव के समक्ष राजस्व विभाग के समक्ष एक आवेदन पत्र लंबित है अंतरिम राहत प्रदान करने हेतु। हालाँकि, कल यानि. 8-1-2025 को प्रतिवादी अधिकारियों ने इमारत को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। बार-बार आवेदन दायर किए गए और अनुस्मारक बनाए गए सचिव (राजस्व), अंतरिम आवेदन पर अभी निर्णय नहीं हो रहा है। जस्टिस बीड़ी गुरु की कोर्ट में सुनवाई हुई। उन्होंने अपने आदेश में कहा दोनों पक्षों को सुना है और दस्तावेज़ का अवलोकन किया है। चूँकि मामला अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष विचाराधीन है। राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत, जो एक वैधानिक अपीलीय फोरम को निर्देश दिया जाता है कि अपील/याचिकाकर्ता द्वारा दायर अभ्यावेदन पर विचार कर कानून के अनुसार 15 दिन के अवधि में निर्णय लिया जाए । तब तक तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है।

शहर की नई सफाई व्यवस्था पर पार्षदों ने बहुमत से लगाई मुहर

■ विशेष सामान्य सभा में स्थगन के बाद पहुंची महापौर

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम क्षेत्र के वार्डो की सफाई व्यवस्था का निविदा दर विशेष सामान्य सभा में बहुमत से पारित किया। विशेष सभा में सभी पार्षदों ने शहर हित में फैसला लिया। सभापति केशव बंछोर ने कोरम के अभाव में 10 मिनट के लिए सदन को स्थगित किया। स्थगन पश्चात पटल में एजेंडा को रखा। बुधवार को सुबह 11 बजे शुरू हुए विशेष सभा में सभापति ने चर्चा उपरांत एजेण्डा को पास करने अभिमत मांगा। हालांकि महापौर परिषद के सदस्य इसका विरोध करते रहे। बाद में सभापति ने बहुमत के आधार पर एजेंडा को पारित होने की घोषणा की। सभा 11 बजकर 10 मिनट में शुरू हुई और 11:40 को राष्ट्रगान के साथ समापन की घोषणा हुई। सम्मेलन में महापौर शशि सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी संजू नेताम, जहीर अब्बास, सनीर साहू, अनिल देशमुख, चंद्रप्रकाश सिंह, परमेश्वर कुमार, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव समेत सभी पार्षद मौजूद थे।

पहले 10 मिनट का स्थगन

सभापति निर्धारित समय 11 बजे सदन पहुंच गए थे। उन्होंने राजकीय गीत से सदन की शुरूआत की। कोरम पूरा नहीं होने के अभाव में सदन को 10 मिनट स्थगन की घोषणा की।

जाने दर की स्वीकृति

नगर पालिक निगम रिसाली ग्रुप 01 के वार्ड क्र. 1, 2, 3, 4, 5, 22, 23 एवं 24 में सफाई व्यवस्था कार्य के लिए दर 3 करोड़ 15 लाख। ग्रुप-2 के वार्ड क्र. 13, 14, 25, 26, 27 28, 29, 30 एवं 31 में सफाई व्यवस्था के लिए दर 3 करोड़ 17 लाख। ग्रुप-3 के वार्ड क्र. 15, 16, 17, 18, 19, 20 एवं 21 में सफाई व्यवस्था कार्य के लिए दर 2 करोड़ 80 लाख। ग्रुप-4 में वार्ड क्र. 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39 एवं 40 में सफाई व्यवस्था कार्य के लिए दर 3 करोड़ 17 लाख। प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय कार्य के लिए स्वीकृत दर 4 करोड़ 33 लाख 34 हजार 7 सौ आठ।

संयंत्र के आयरन ओर फाइन्स बंकर-5 की कमीशनिंग

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के सिन्टर प्लांट-3 (एसपी-3) मशीन 2 के आयरन ओर फाइन बंकर नं. 5 का उद्घाटन 7 जनवरी को सफ्लतापूर्वक कैपिटल रिपेयर के बाद किया गया। यह बंकर एसपी-3 मशीन 2 में उपस्थित विभिन्न कच्चे माल के भंडारण के लिए 13 बंकरों में से एक है। बंकर लगभग 23 मीटर ऊंचा और 7400 मिमी व्यास का है, इसमें लगभग 1600 टन आयरन ओर फाइन्स का भंडारण किया जा सकता है। बंकर नंबर 5 की कमीशनिंग का उद्घाटन समारोह, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी एमएंड यू बीके बेहरा,मुख्य महाप्रबंधक एसपी अनूप दत्ता, महाप्रबंधक प्रभारी मैकेनिकल एस हलधर और महाप्रबंधक प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष एसपी 3 सजीव वर्गीस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह पूरा कार्य उपमहाप्रबंधक एमयू राव, सहायक महाप्रबंधक सीएमएम अनिल भावे, महाप्रबंधक सीएमएम वर्गीस जॉन, वरिष्ठ प्रबंधक एसपी-3 ओमनमः शर्मा और वरिष्ठ प्रबंधक एसपी 3 विपिन मौर्य के तकनीकी मार्गदर्शन में किया गया। महाप्रबंधक आईवी रमना और वरिष्ठ प्रबंधक जितेश शाहनी द्वारा योजना और समन्वय का कार्य किया गया। बंकर के रिपेयर बड़ी मात्रा में आपूर्ति करने हेतु महाप्रबंधक एफएंड एसएस शॉप जीतेंद्र मोटवानी और सहायक महाप्रबंधक प्लेट मिल निरंजन महंता की एसपी-3 द्वारा सराहना की गई।

लौह अयस्क फाइन्स बंकर नं. 5 की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी थी,, जिसके कारण यह कभी भी ढह सकता था। सिंटर मशीन 2 के चालू होने के बाद पहली बार इस बंकर की कैपिटल रिपेयर की गई। रिपेयर मई 2024 के दौरान शुरू हुई थी और दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह के दौरान दुर्घटना मुक्त तरीके से पूरी हुई। रिपेयर अवधि के दौरान, प्लेट मिल में 10 मिमी मोटे बड़ी मात्रा में एमएस और एसएआईएल हार्ड प्लेट्स रोल की गईं, जिन्हें ड्रॉइंग के अनुसार स्ट्रक्चरल शॉप में मोड़ा गया और प्लांट गैराज द्वारा उपलब्ध कराए गए ट्रेलर के माध्यम से एसपी-3 में शिफ्ट किया गया।

फांसी लगाकर की खुदकुशी

भिलाई। करीब 18 साल की युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों को जानने के लिए परिजनों से पूछताछ कर रही है। घटना सुपेला थाना के स्मृतिनगर चौकी की है। स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरविंदर संधू ने बताया कि रात 10 बजे उन्हें सूचना मिली थी कि, अवंतीबाई चौक पाकीजा पान पैलेस कुरुद रोड कोहका में एक लड़की ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम को वहां भेजा गया।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी दन्तेवाड़ा जिला द.ब.दंतेवाड़ा छ.ग.

शपथ पत्र

मैं सुमन जैन पिता खिरभान जैन आयु 37 वर्ष निवासी मकान नं. 133 वार्ड नं. 09 नयापारा भोगाम तहसील दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. पिन नं. 494449 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन व्यक्त करता हूं कि :-

1. यह कि मेरी पुत्री पूजा जैन (P00JA JAIN) नाम से जारी आधार कार्ड जिसका आधार क्रमांक 8844 4584 3860 है जिसमें पुत्री का नाम कुमारी पूजा जैन (Kumari Pooja Jain) अंकित है जो गलत है।
2. यह कि मेरी पुत्री वास्तविक व सही नाम पूजा जैन (P00JA JAIN) है जो सत्य एवं सही है, जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम से प्रमाणित है।
3. यह कि मेरी पुत्री आधार कार्ड में अंकित गलत नाम कुमारी पूजा जैन (Kumari Pooja Jain) के स्थान पर वास्तविक एवं सही नाम पुत्री पूजा जैन (P00JA JAIN) सुधार कर अंकित किया जावे।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र में मेरी पुत्री के आधार कार्ड में दर्ज गलत नाम कुमारी पूजा जैन (Kumari Pooja Jain) के स्थान पर सत्य व सही नाम पूजा जैन (P00JA JAIN) सुधार किए जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

सत्यापन :- मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है सत्यापन आज दिनांक 09/01/2025 को स्थान गीदम में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर, कांकेर (छ.ग.)

ग्राम डुमरपानी तहसील नरहरपुर

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक खेमचंद चोपड़ा पिता स्व. कपूरचंद चोपड़ा एवं अन्य 01, जाति जैन, निवासी म.नं. 1135 वार्ड नं. 11 ग्राम नगरी तहसील नगरी, जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा ग्राम डुमरपानी तहसील नरहरपुर स्थित उनके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1100 रकबा 1.14 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 20.01.2025 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर दिजला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

नवीन मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम, गांधी चौक के पास रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-2535780, 90, फैक्स : 07712227395 ई-मेल- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 93//यो. शाखा/नपानि/25 रायपुर, दिनांक 09/01/2025

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अनुसार प्रथम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों अथवा अनुभवी अधिकृत निर्माताओं/ एजेंसियों जिन्हें इस प्रकार के कार्य का अनुभव हो आयटम दर पर सीलबंद निविदा नान एस.ओ.आर. आयटम हेतु फार्म "B" में दो लिफाफा पद्धति से दिनांक 31.01.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र कार्यालयीन अवधि एवं समय पर योजना शाखा से दिनांक 29.01.2025 तक निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 31.01.2025 को अपरान्ह 4.30 बजे उपस्थित निविदाकार/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। निविदाकार द्वारा नान एस.ओ.आर. आयटम हेतु प्रदाय दर अनुसार एकजायी कुल व्यय राशि के अनुसार ही न्यूनतम दर निर्धारित की जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि रु.	अमानती राशि रु.	निविदा प्रपत्र	श्रेणी	कार्यावधि
1.	नगर पालिक निगम रायपुर मुख्यालय सामान्य सभा हाल के Renovation कार्य अंतर्गत कार्पेट, सोफा कवर, वुडन बास चेयर, वुडन टेबल, वुडन पेंट, प्रोजेक्टर स्क्रीन, वाल पेनेलिंग इत्यादि कार्य।	19,98,000/-	20,000/-	750/-	'डी' एवं अधिक (नये पंजीयन नियम के अनुसार) अथवा अनुभवी अधिकृत निर्माता/एजेंसी	01 माह

नियम शर्तें :-

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी.
2. अमानती राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर. अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप मैं आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से स्वीकार होगी।
3. लिफाफा (अ) में अमानती राशि एवं लिफाफा (ब) में वित्तीय आफर।
4. लिफाफा (अ) में राशि रु. 100/- के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में निविदा के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले समस्त दस्तावेजों के सत्यापन संबंध में शपत्र पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।
5. कार्य की स्पेशिफिकेशन एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
6. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त नगर निगम, रायपुर को होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिका निगम
रायपुर (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (SUB-STATION) Quarter No. 04-01, Old CSEB Colony, Tifra, Bilaspur (C.G.) 495223
Website- www.cspc.co.in e-mail- cesssom.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

No. 02-17/Pur/T-474/2162 Bilaspur, Date: 09.01.2025

NOTICE INVITING TENDER

Sealed tenders are invited from vehicle owner/travel agency for hire of vehicle as detailed below:-

SN	Tender No.	Particulars	E.M.D
01.	02-17/ Tender/ T-474/2162 Dtd. 09.01.25	Hiring of Vehicle Car category for Addl. CE O/o CE (S/s) Bilaspur for a period of 02 years.	11,500.00
Cost of Tender Documents (Non-refundable) incl. GST@18%			2,000.00
Last Date & Time of Sale of Tender: -		30/01/2025	15:00 Hrs
Last Date & Time of Submission of Tender:-		31/01/2025	15:00 Hrs
Date & Time of Opening of Tender :-		31/01/2025	15:30 Hrs

Terms & conditions:-

(I) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.

SAVE ELECTRICITY S-42728/3

Addl. Chief Engineer
O/o Chief Engineer (Sub-Station)CSPTCL Bilaspur

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19,
Nava Raipur Aatal Nagar, 492002, Chhattisgarh.
Tel. No : + 91 771 2512000 Fax No. : + 91 771 2512400
Wabsite: www.navaraipuratalnagar.com. http://eproc.cgsatate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chof Executive Officer, NRANVP invites tendar for the following works:
NIT No.: 77 /O&M : STP 1,2,3/EEC-II/CE/NRANVP/2024-25 Nava Raipur Atal Nagar, Dist- Raipur, Dated: 07.01.2025
Name of Work : "Comprehensive Operation and Maintenance of Sewerage System at Zone 1,2,3 of Nava Raipur Atal Nagar, Dist, Raipur (C.G.)" (2nd Call)
Estimated cost INR : 3.97 Cr. EMD : INR 5.00 Lakhs, Period of Completion : 36 Months
Last Time & Date of Online Submission : **15.00hrs on 23/01/2025**
The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.
Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer,
NRANVP

S-42719/1

पेयजल के लिए तीन शहरों में पहुंचेगा खुड़िया जलाशय का पानी, योजना के लिए 202.84 करोड़ मंजूर

लोरमी, मुंगेली और तखतपुर के लिए मील का पत्थर साबित होगी योजना: अरुण साव

बिलासपुर/नवप्रदेश। मिशन अमृत 2.0 के तहत तीन शहरों लोरमी, मुंगेली और तखतपुर में पेयजल के लिए खुड़िया जलाशय का पानी पहुंचाया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण ने इसके लिए 202 करोड़ 84 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। यह छत्तीसगढ़ की पहली ऐसी योजना होगी जिसमें एक साथ तीन नगरीय निकायों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी। तीनों शहरों के कुल 17 हजार परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की पहल पर क्षेत्रवासियों की यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। उनके निर्देश पर लोरमी, मुंगेली और तखतपुर के लिए रॉ-वाटर तथा लोरमी शहर के लिए जल शोधन एवं वितरण व्यवस्था के लिए सुडा ने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत इस योजना की मंजूरी दी है। इस योजना से लोरमी नगर पालिका के नागरिकों को 24×7 शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। योजना को साकार करने पूरे नगर में विस्तृत एवं वृहद सर्वे जलप्रदाय सर्वे विशेषज्ञ एजेंसी द्वारा किया गया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि लोरमी, मुंगेली और तखतपुर के लोगों की बहुत पुरानी मांग थी कि उनके शहर के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इस योजना से उनकी बरसों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। शुद्ध पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इसे उपलब्ध कराना नगरीय निकायों का दायित्व भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना मिशन अमृत 2.0 के तहत यह योजना स्वीकृत की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह योजना लोरमी नगर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही मुंगेली और तखतपुर में भी इससे पेयजल आपूर्ति की समस्या खत्म हो जाएगी।

ग्रेविटी सिस्टम से 70 किलोमीटर दूरी तय होगी

लोरमी, मुंगेली और तखतपुर शहर में पानी पहुंचाने के लिए लोरमी विकासखंड के खुड़िया जलाशय से पंप के द्वारा पानी जलाशय से तीन किलोमीटर दूर कारीडोंगरी लाया जाएगा, जहां निर्मित जलागार में जल को एकत्रित किया जाएगा। जलागार से पानी गुरूत्वाकर्षण पद्धति (ग्रेविटी सिस्टम) से कुल 70 किलोमीटर की दूरी तय कर लोरमी, मुंगेली और तखतपुर पहुंचेगा, जहां से पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। इस पद्धति में किसी भी प्रकार की मशीनरी का उपयोग नहीं किया जाएगा। इससे मशीनों एवं अन्य यंत्रों की खरीदी, बिजली बिल एवं मशीनों के रखरखाव पर होने वाला व्यय बचेगा। तीनों शहरों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक स्कॉडा पद्धति से पेयजल व्यवस्था की मॉनीटरिंग की जाएगी।

75 किलोमीटर की बिछेगी पाइपलाइन

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने योजना के बारे में बताया कि खुड़िया जलाशय से लोरमी, मुंगेली और तखतपुर को रॉ-वाटर देने के लिए 75 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। लोरमी में पेयजल आर्वधन के लिए 8.5 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र स्थापित किया जाएगा। लोरमी शहर में शुद्ध पेयजल प्रदान करने के लिए आठ किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी। साथ ही हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए 80 किलोमीटर वितरण लाइन भी बिछाई जाएगी। योजना के तहत तीन नए उच्च स्तरीय जलागार का भी निर्माण किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

पी. आनंद राव तीसरी बार बने मिस्टर छत्तीसगढ़ 2025

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन एवं कबीरधाम जिला बॉडी बिल्डर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 23वीं सीनियर, स्पोर्ट्स फिजीक, दिव्यांग एवं मास्टर राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन कबीरधाम जिला में हुआ इसमें जिला रायपुर, दुर्ग ,बस्तर, कोरबा, कवर्धा, बालोद, धमतरी, राजनांदगांव, रायगढ़, सारंगढ़, मुंगेली, बेमेतरा एवं बिलासपुर के लगभग 200 खिलाड़ियों ने शरीर सौष्ठव की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बिलासपुर जिला से शरीर सौष्ठव का शानदार प्रदर्शन 80 किलो के कैटेगरी में पी. आनंद राव ने स्वर्ण पदक प्राप्त करते हुए किया एवं ओवरआल चैंपियन्स आफ चैंपियन का खिताब भी अपने नाम किया. यह खिताब उन्हें तीसरी बार मिला है।

स्वशासी समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

सिम्स अस्पताल में फर्नीचर, उपकरण व स्मार्ट क्लास की बढ़ेंगी सुविधाएं: संभागायुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त डॉ. महादेव कावरे की अध्यक्षता में आज यहां कमिश्नर कार्यालय में छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) की स्वशासी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सिम्स अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने संबंधी अनेक प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

इस अवसर पर सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, डिप्टी कमिश्नर डॉ. स्मृति तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी, सिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, चिकित्सा अधीक्षक सुपर स्पेशिलिटी चिकित्सालय डॉ. बी.पी. सिंह, रेडियोलॉजी विभाग की प्राध्यापक डॉ. अर्चना सिंह, प्राध्यापक पीसीएम डॉ. हेमलता ठाकुर, विभागाध्यक्ष दंत रोग डॉ. बी.पी. कश्यप, डॉ. मनोज गुप्ता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में संस्थान की शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय व्यवस्थागत मुद्दों पर चर्चा कर सुविधाएं विकसित करने के लिए अनेक प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। अनुमोदित प्रस्ताव के अनुसार संस्थान में रेडियोलॉजिस्ट की अनुपलब्धता को ध्यान में रखते हुए रेडियोडायग्नोसिस विभाग को रायपुर चिकित्सा महाविद्यालय से टेलीरेडियोलॉजी के माध्यम से रिपोर्टिंग कार्य प्रारंभ करने, सुपर स्पेशलिटी सिम्स कोनी में कार्यालयीन उपकरण, फर्नीचर और स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के स्मार्ट क्लास के लिए 14.92 लाख रूपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं सिम्स अस्पताल की विभिन्न शाखाओं हेतु कार्यालयीन फर्नीचर और उपकरण, भर्ती मरीज जो इलाज के दौरान आयुष्मान पंजीयन कराने काउंटर में पहुँचने में असक्षम हो उन तक आयुष्मान मित्र स्वयं पहुंचकर मरीज का पंजीयन कर सके इसके लिए लैपटॉप क्रय करने कुल प्रस्तावित राशि 23.85 लाख रूपए की वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया।

आयुष्मान मित्र स्वयं मरीजों के पास पहुंचेंगे

सिम्स में विभिन्न शाखाओं के लिए फर्नीचर व कार्यालयीन उपकरण और भर्ती मरीज जो इलाज के दौरान आयुष्मान पंजीयन कराने काउंटर में पहुंचने में असक्षम होने पर उन तक आयुष्मान मित्र स्वयं पहुंचकर मरीज की पंजीयन कर सके इसके लिए लैपटॉप क्रय हेतु कुल 23.85 लाख की वित्तीय स्वीकृति अनुमोदित किया गया है।

अमर अग्रवाल ने कर्मचारी संघ के कैलेंडर का किया विमोचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कर्मचारियों के कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर अमर अग्रवाल ने कर्मचारियों को बधाई संदेश दिया व नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने वर्ष 2025 को कर्मचारियों के लिए संघर्ष वर्ष घोषित करते हुवे कहा कि 2025 में हम लिपिकों के वेतन विसंगति सहित अनेक मुद्दों को पूर्ण कराने संघर्ष करेंगे, हम लड़ेंगे हम जीतेंगे नारे के साथ नाव वर्ष का आगाज किया। सुनील यादव प्रदेश महामंत्री ने इस अवसर पर कहा कि नव वर्ष सभी कर्मचारियों के लिए शुभ होगा, हम सभी साथी संघों के साथ मिलकर कर्मचारी हितों के विषय पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे, वेतन विसंगति, महंगाई भत्ता ,चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान के साथ स्थानीय मुद्दों जैसे बिलासपुर शहर को बी श्रेणी का दर्जा दिलाने आदि आदि विषयों पर हमारा संघर्ष जारी रहेगा। आज के कर्मचारियों में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी, प्रदेश महामंत्री सुनील कुमार यादव, हेमंत बघेल,सुनील नायडू, जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश कश्यप, मनीष मिश्रा, हितेश वैष्णव, मन्नू श्रीवास्तव, सुमन्त यादव, सौरभ मजूमदार, विजय यादव आदि मौजूद रहे।

---

105 लीटर महुआ शराब सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

■ पचपेड़ी पुलिस की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। पचपेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने की फिराक में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 105 लीटर कच्ची महुआ शराब व एक बाइक जब्त किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार एसपी रजनेश सिंह द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर जिले में हो रही अवैध शराब पर अंकूश लगाने एवं अवैध करोबार करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री के रोकथाम तथा आरोपियों के धरपकड़ हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बिलासपुर उदयन बेहार एवं सी.एस.पी. (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी पचपेड़ी उपनिरीक्षक श्रवण कुमार टंडन द्वारा टीम बनाकर कार्यवाही हेतु आज रवाना हुआ था, दौरान पेट्रोलिंग के मुखबीर से सूचना मिला कि अमित कुमार मनहर तथा उमेश कुमार मनहर दोनों निवासी बोड़सरा थाना चकरभाठा अवैध रूप से कच्ची महूवा शराब को ओखर नाला थाना पचपेड़ी के पास में खपा रहा है। उक्त सूचना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

चापड़ लहराने वाले आरोपी गिरफ्तार

सीपत पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम मड़ई, ग्राम पंचायत गेट के पास मेनरोड में एक व्यक्ति लोहे का बना धारदार चापड पकडा हुआ है और लहरा कर आम लोगों को डरा धमका कर भयभीत कर रहा है। इसके पूर्व भी लोगों को गाली गलौज कर डराता धमकाता है, इसके द्वारा गांव में भय का माहौल बनाया जाता है। कि सूचना पर तत्काल थाना सीपत टीम आरोपी को पकडने के लिए घटना स्थल रवाना किया गया मुखबिर के बताये अनुसार घेरा बंदी कर व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम राजकुमार सोनझरी पिता स्व मनोहर सोनझरी उम्र 54 साल निवासी मडई थाना सीपत निवासी को गिरफ्तार किया।

कबीर गुरुद्वारा स्थापना दिवस पर कार्यक्रम में बवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। सद्गुरु कबीर गुरुद्वारा समिति की ओर से गुरुद्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विवाद उत्पन्न हो गया। समिति द्वारा थाने में आवेदन देकर पुलिस कार्रवाई की मांग की गई है। कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर थाना क्षेत्र के शीतलपुरी इलाके में किया गया था, जिसमें आरती और अतिथियों के सम्मान के साथ प्रसाद वितरण जैसे आयोजन शामिल थे। इसी दौरान कथित तौर पर डॉ. उत्तर दास माणिकपुरी और उनके समर्थकों द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया गया।

आरपीएफ ने ट्रेनों में चोरी करने वाले 19 आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ आपरेशन यात्री सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वर्ष 2025 में यात्री संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन यात्री सुरक्षा शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत यात्री सामानों की चोरी करने वाले अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर को मुख्यालय से विशेष निर्देश दिए गए हैं। वर्ष 2024 में महत्वपूर्ण स्टेशनों पर हुए यात्री संबंधित अपराधों का विश्लेषण कर अपराधियों की धरपकड़ के लिए तीनों मंडलों में स्पेशल टास्क टीम बनाई गई है। साथ ही, प्रत्येक रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट स्तर पर टीम और अपराध गुप्तचर शाखाओं को भी सक्रिय किया गया है।

इस अभियान के तहत बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और गोंदिया जैसे बड़े स्टेशनों पर पिछले एक सप्ताह में यात्रियों से जुड़े अपराधों में शामिल 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी मुख्य रूप से मोबाइल चोरी और पाकेटमारी जैसे अपराधों में लिप्त पाए गए। सभी आरोपियों को शासकीय रेलवे पुलिस को आगे की कार्यवाही के लिए सुपुर्द कर दिया गया है। यह अभियान यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार जारी रहेगा।

कृषकों को प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह

डीईएस ने कृषि विज्ञान केन्द्र का किया निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। निर्देशक विस्तार सेवाएं डॉ एस एस टुटेजा ने कृषि विज्ञान केन्द्र का औचक निरीक्षण किया तथा कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर की विभिन्न गतिविधियों को सराहा। केन्द्र की केंचुआ उत्पादन इकाई का निरीक्षण करने के उपरान्त ग्राम बहतराई खमतराई में आयोजित ग्रामीण युवाओं हेतु कौशल प्रशिक्षण में कृषकों को संबोधित कर कृषकों को बर्मीबेड,केंचुआ, केंचुआ खाद वितरित कर प्रशिक्षण की सराहना की और कृषकों को प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी। इसके बाद कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर के समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन ग्राम ढेका का निरीक्षण कर कृषकों से सरसों फसल प्रदर्शन की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने कृषकों द्वारा लगाए प्रदर्शन की सराहना की। प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन में ग्राम के कृषक माधो सिंह,विक्रम सिंह, राजेन्द्र मिश्रा एवं लगभग 45 कृषकों ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण का लाभ उठाया । इस अवसर पर डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में केंद्र के सभी वैज्ञानिकों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और ग्रामीण मौजूद रहे। डीईएस ने आसपास के ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण करके स्थिति का जायजा लिया और गंभीरता के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि निश्चित ही वैज्ञानिकों के संरक्षण में बेहतर काम हो रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बैमा नगोई उपार्जन केंद्र से 200 बोरी धान जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। ऊर्तम में भौतिक सत्यापन के भ्रमण के दौरान अवैध रूप से बिना पर्ची के के धान को दर्री घाट समिति में बेचने ले जाया जा रहा था। दोनों ट्रैक्टर को रुकवाकर पूछताछ करने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। नाबालिग से ट्रैक्टर चलवाया जा रहा था। दर्रीघाट उपार्जन केंद्र में कर्रा के किसान चंद्रिका वैष्णव के खाते में विक्रय हेतु बैमा नगोई से लगभग 200 बोरी 80 क्विंटल धान के जाते हुए पकड़ा गया बेईमा नगोई का कोई भी रकबा दर्रीघाट में पंजीकृत नहीं है। अतः यहां के धान को वहां खपने की आशंका में धान को ट्रैक्टर सहित जब्त कर ऊर्तम उपार्जन केंद्र में रखा गया है एवं मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

कार्यशाला

सीवीआरयू में डिजाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ सेल्फ लर्निंग मैटेरियल एंड मॉक्स का ओडीएल एजुकेशन का हुआ वर्कशाप

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समझना और इसी दृष्टिकोण से कार्य करना होगा: जोशी

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में डिजाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ़ सेल्फ लर्निंग मैटेरियल एंड माक्स का ओडीएल एजुकेशन विषय पर पांच दिवसी वर्कशॉप का समापन हो गया। इन पांच दिनों में देश भर के विषय विशेषज्ञ विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों को प्रशिक्षण दिया। इसमें मुख्य रूप से प्रो. अरूण आर. जोशी, प्रोफेसर पूजा चतुर्वेदी रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल, डॉ. आशुतोष भट्ट उत्तराखंड ओपन विश्वविद्यालय, डॉ सुमित प्रसाद उत्तराखंड ओपन विश्वविद्यालय, डॉ पुष्कर दुबे विभाग अध्यक्ष मैनेजमेंट पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय ने सभी से जानकारी साझा की। यह आयोजन सीआईक्यूए और इंस्टीट्यूट आफ ओपन एंड डिस्टेंस एजुकेशन द्वारा आयोजित

किया किया जा रहा है। इसके समापन अवसर पर डॉ.सी.वी.रमन विश्वविद्यालय खंडवा के कुलपति प्रोफेसर अरूण आर. जोशी एसएलएम और कंटेट राईटिंग में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने से देश में शिक्षा के बहुआयामी दृष्टिकोण सामने आए हैं। इसे हम सभी को समझना होगा और इसी दृष्टिकोण से कार्य भी करना होगा। ऐसे में यह 5 दिवसीय कार्यशाला महत्वपूर्ण है। उन्होंने एसएलएम, कंटेंट राईटिंग, रिसर्च मैथडलॉजी, एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विस्तार से अपनी बात रखी। डॉ आशुतोष भट्ट उत्तराखंड ओपन विश्वविद्यालय ने एआई से तेजी से बदलते स्वरूप एवं ओईआर विषय पर अपनी बात रखी। डॉ सुमित प्रसाद उत्तराखंड ओपन विश्वविद्यालय ने मॉक्स स्वयं एवं वीडियो लेक्चर सहित विभिन्न विषयों में अपनी बात रखी।

एकेडमिक आडिट किया गया

डॉ आशुतोष भट्ट उत्तराखंड ओपन विश्वविद्यालय, डॉ सुमित प्रसाद उत्तराखंड ओपन विश्वविद्यालय ने सीवीआरयू के इंस्टीट्यूट आफ ओपन एंड डिस्टेंस एजुकेशन का एकेडमिक आडिट भी किया। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधा को जाना। इसी तरह मटेरियल एवं पब्लिकेशन डिजीजन के कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी ली। इसी तरह दोनों सदस्यों ने लर्नर सपोर्ट डिजीजन, एकेडमिक एक्टिविटी, इंस्टीट्यूशन सिस्टम का आडिट किया। उन्होंने मानव संसाधन सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कोर्स मटेरियल, ओपन डिस्टेंस एजुकेशन की अधोसंरचना की सराहना की। विवि के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की प्रशंसा की।

मुंगेली, लोरमी और पथरिया जनपद अध्यक्ष एवं जिपं सदस्य एवं जपं सदस्यों का पंचायत के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी

आरक्षण की प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से हुई पूरी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के मुंगेली, लोरमी और पथरिया जनपद अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद सदस्यों का पंचायत चुनावों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। जनपद अध्यक्ष आरक्षण में मुंगेली जनपद अध्यक्ष सामान्य मुक्त, लोरमी जनपद अध्यक्ष सामान्य महिला एवं पथरिया जनपद अध्यक्ष अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित की गई।

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद अध्यक्ष तथा सदस्यों का निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ की गई। कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, पीओ भूमिका देसाई, अधीक्षक अशोक सोनी, आशीष राजपूत, मनीष तंबोली, विनायक गुप्ता एवं जनप्रतिनिधियों में पूर्व जनपद अध्यक्ष तरूण खाण्डेकर, उपाध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, जागेश्वरी वर्मा, डॉ. रामकुमार साहू सहित जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में आरक्षण की प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से पूर्ण की गई। जिसमें मुंगेली जनपद अध्यक्ष सामान्य मुक्त, लोरमी जनपद अध्यक्ष सामान्य महिला, पथरिया जनपद अध्यक्ष अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित की गई। वहीं जिला पंचायत के 12 सदस्यों के पदों का आरक्षण प्रवर्गवार किया गया। जिसमें

डिंडौरी अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, कोदवामहंत अनुसूचित जनजाति महिला, बोड़तराकला अनुसूचित जाति महिला, मनोहरपुर अनुसूचित जाति महिला, औराबांधा अनारक्षित महिला, दशरंगपुर अनारक्षित मुक्त, धरमपुरा अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, सेतगंगा अनुसूचित जाति मुक्त, पण्डरभट्ठा अनारक्षित मुक्त, लौदा अनारक्षित महिला, जुनवानी अनारक्षित महिला, मोहभट्ठा अनारक्षित मुक्त के लिए आरक्षित किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत मुंगेली के 25 जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र के आरक्षण में सेतगंगा अनुसूचित जाति महिला, छटन अनारक्षित महिला, नागोपहरी अनुसूचित जाति महिला, सिल्ली अनुसूचित जाति मुक्त, पौनी अनुसूचित जाति महिला, टेढ़ाधौरा अनुसूचित जाति महिला, निरजाम अनारक्षित मुक्त, चकरभठा अनारक्षित महिला, पुरान अनारक्षित मुक्त, पण्डरभट्ठा अनारक्षित मुक्त, नवागांव चि. अनारक्षित मुक्त, फंदवानी अनुसूचित जाति मुक्त, कंतेली अनुसूचित जाति मुक्त, जमकोर अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, सुरदा अनारक्षित महिला, खेढ़ा अनारक्षित महिला, रोहराखुर्द अनारक्षित महिला, कोदवाबानी अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, धरमपुरा अनारक्षित महिला, धनगांव गो. अनारक्षित मुक्त, दशरंगपुर अनुसूचित जाति महिला, छतौना अनारक्षित महिला, पदमपुर अनुसूचित जाति मुक्त, भथरी अनारक्षित मुक्त, ठकुरीकापा अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित किया गया। जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत चुनाव में आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात ग्रामीण राजनीति में उबाल आनी शुरू हो गई है। चुनाव के लिए जनपद एवं जिला पंचायत क्षेत्र का आरक्षण की प्रक्रिया आज पूरी हो गई। आरक्षण को लेकर चुनाव में रूचि लेने वाले ग्रामीण जनप्रतिनिधि मोबाईल से संपर्क कर क्षेत्र में आरक्षण की स्थिति की जानकारी लेते रहे। जिला पंचायत एवं जनपद सदस्यों के आरक्षण के चलते कई धुरंधर नेताओं के लिए ऐसी स्थिति निर्मित हो गई है कि वे दूसरे अन्य सुरक्षित क्षेत्र की तलाश में जुटे हुए है।

न्यूज गैलरी

नर्सिंग होम एक्ट के तहत दवाई दुकान संचालन करने के निर्देश

बलरामपुर। जिले में कलेक्टर के द्वारा नर्सिंग होम एक्ट के तहत अवैध संचालित संस्थाओं पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिले में वर्तमान में कुल 289 दवाई दुकान संचालित है। जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि यदि उनके कार्य क्षेत्र में संचालित दवा दुकान में यदि किसी प्रकार की जांच या मेडिकल प्रैक्टिस बिना नर्सिंग होम एक्ट के पालन के अवैध रूप से किया जा रहा है तो तत्काल क्षेत्र के उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दें। उन्होंने दवा दुकान संचालकों को नर्सिंग होम एक्ट के तहत दुकान का संचालन करने को कहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने यह भी बताया कि डिण्डो क्षेत्र दवाई दुकानों में जांच व उपचार करने के सम्बंध में शिकायत प्राप्त हुआ है। जिसे संज्ञान लेते हुए जांच दल गठन कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

संस्कार भारती के तीन दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन

बलरामपुर रामानुजगंज। कला और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती जिला इकाई बलरामपुर रामानुजगंज के द्वारा स्थानीय रामानुजगंज के आमंत्रण धर्मशाला में तीन दिवसीय थिएटर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बच्चों और युवाओं में अभिनय की अपार संभावनाएं होती है, उन्हें मंच प्रदान करने के लिए संस्कार भारती की रामानुजगंज - बलरामपुर इकाई के द्वारा तीन दिवसीय नाटक की कार्यशाला का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि बजरंग और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता सुनील गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैयालाल अग्रवाल, संस्कार भारती के पवन कुमार पाण्डेय,महामंत्री मनोज तिवारी, जिला सह महामंत्री दिवाकर मुखर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष अंजय मेहता, कोषाध्यक्ष उज्जवल तिवारी, उपाध्यक्ष राजदेव यादव ,प्रशिक्षक डॉ. आनंद कुमार एवं अधिक संख्या में छात्र, युवा और अभिभावक उपस्थित रहे।

एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश 15 जनवरी तक आवेदन

अम्बिकापुर। शिक्षण सत्र 2025-26 में छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का 6वीं में प्रवेश हेतु नियमावली एवं प्रवेश सूचना में जारी करते हुए वर्तमान शिक्षण सत्र में कक्षा 5वीं अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को आवेदन करने आमंत्रित किए गए थे।

मकर संक्रांति पर ऐतिहासिक तातापानी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

तातापानी महोत्सव- छत्तीसगढ़ में साल का पहला धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव की पहचान

बलरामपुर/नवप्रदेश। गर्म पानी के कुंड और सांस्कृतिक धरोहर से समृद्ध तातापानी में मकर संक्रांति पर लगने वाले ऐतिहासिक तातापानी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले का यह महोत्सव न केवल स्थानीय लोगों के लिए आस्था और उत्सव का प्रतीक है, बल्कि पड़ोसी राज्यों झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी आकर्षित करता है। तातापानी महोत्सव छत्तीसगढ़ मे साल का पहला बड़ा उत्सव के रूप में अपनी पहचान बना चुका है, जो न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से भी राज्य की समृद्ध धरोहर को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा यहां महोत्सव के दौरान विभागीय स्टॉलों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी, स्थानीय हस्तशिल्प, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक खानपान का अनूठा अनुभव मिलता है। जिला

प्रशासन इसे भव्य बनाने के लिए तैयारियों में जुटा हुआ है।तातापानी अपनी प्राकृतिक गर्म पानी के कुण्ड के लिए प्राचीन काल से ही प्रसिद्ध है। इन कुंडों में सल्फर पाई जाती है, जो इन्हें औषधीय गुण प्रदान करती है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इन कुंडों से निकलने वाला गर्म जल न केवल शारीरिक रोगों से मुक्ति दिलाते हैं, बल्कि आत्मिक शांति का अनुभव भी कराते हैं। ऐतिहासिक रूप से तातापानी का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों और लोक कथाओं में भी मिलता है, जहां इसे स्वास्थ्य लाभ और आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र के रूप में माना गया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार जब भगवान राम को अपने वनवास के दौरान रघुकुल के आदेश से वनवास पर जाना पड़ा, तो उन्होंने तातापानी में कुछ समय बिताया था। यही कारण है कि तातापानी का धार्मिक महत्व और भी गहरा हो गया, और इसे एक पवित्र स्थान के रूप में पूजा जाता है। इसके अलावा मकर संक्रांति हिंदू पंचांग का पहला बड़ा पर्व है स्थानीय जनश्रुतियों के अनुसार तातापानी मेले की शुरुआत लगभग सौ वर्ष पूर्व हुई थी, जब स्थानीय ग्रामीण और श्रद्धालु मकर संक्रांति के दिन तातापानी के गर्म कुंडों में स्नान के लिए जुटते थे। समय के साथ यह धार्मिक परंपरा एक भव्य सांस्कृतिक और सामाजिक उत्सव में परिवर्तित हो गई। तातापानी महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन ही नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता का एक जीवंत मंच भी है। मेले में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा हितग्राही योजनाओं पर आधारित स्टॉल लगाए जाते हैं, जहां स्थानीय लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है और उन्हें लाभ प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त, मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, और स्थानीय व्यंजन विशेष आकर्षण का केन्द्र होता है। बच्चों और युवाओं के लिए खेलकूद, झूले, और मनोरंजन की भरपूर व्यवस्था होती है, जो इसे हर आयु वर्ग के लिए एक अनोखा अनुभव बनाती है। मकर संक्रांति, जो फसल कटाई का प्रतीक है।

मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद 1 जनवरी की स्थिति में अंतिम प्रकाशन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के सम्बंध में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों एवं सेवा निर्वाचकों से सम्बंधित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। 29 अक्टूबर 2024 को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कराया गया, जिसके पश्चात् 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक दावा-आपत्ति प्राप्त किये गये। 09 एवं 10 नवम्बर 2024 तथा 16 एवं 17 नवम्बर 2024 को विशेष शिविर आयोजित किया गया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण किये जाने पश्चात् 06 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 की स्थिति में जिले में कुल 659913 मतदाता थे जिनमें 325993 पुरूष, 333902 महिलाए एवं 18 थर्ड जेण्डर मतदाता थे। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा में कुल 197142 मतदाता थे, जिनमें 97987 पुरूष, 99151 महिला और 04 थर्ड जेण्डर मतदाता थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर में कुल 259556 मतदाता जिनमें 128073 पुरूष, 131471 महिला एवं 12 थर्ड जेण्डर मतदाता थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर में कुल 203215 मतदाता जिनमें 99933 पुरूष, 103280 महिला और 02 थर्ड जेण्डर मतदाता थे। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 की स्थिति में जिले में कुल 671619 मतदाता हैं जिनमें 331264 पुरूष, 340337 महिला एवं 18 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा में कुल 201168 मतदाता हैं जिनमें 99777 पुरूष, 101387 महिला और 04 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर में कुल 264259 मतदाता जिनमें 130237 पुरूष, 134010 महिला एवं 12 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर में कुल 206192 मतदाता जिनमें 101250 पुरूष, 104940 महिला और 02 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। वहीं वर्तमान में कुल 170139 युवा मतदाता हैं, जिसमें 18 से 19 आयुवर्ग के 14751 एवं 20 से 29 आयुवर्ग के कुल 155388 मतदाता शामिल हैं।

ग्रामीण महिला के बोन ट्यूमर का किया सफल ऑपरेशन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय मुंगेली में पिछले 6 माह से पैर दर्द से परेशान ग्रामीण महिला के बोन ट्यूमर बीमारी का सफल ऑपरेशन किया गया। जटिल हाईरिस्क सर्जरी के सफलतापूर्वक ईलाज होने पर महिला एवं उसके परिजनों ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

ग्रामीण महिला को स्वास्थ्य लाभ के लिए रेडक्रॉस और जन औषधि के माध्यम से 5 हजार रुपए का चेक भी प्रदान किया गया। अत्याधुनिक सुविधाओं एवं बेहतर डॉक्टरों की टीम के साथ मुंगेली जिला अस्पताल मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लाक के ग्राम भदौरा निवासी सत्यवती चतुर्वेदी के बोन ट्यूमर बीमारी का सफल ऑपरेशन किया गया। सत्यवती पिछले 06 माह से बाएं पैर की एड़ी के ऊपर सूजन और दर्द के कारण काफी परेशान थी। उन्होंने आस-पास ईलाज कराया, पर कोई समाधान नहीं मिला। आर्थिक तंगी के कारण महंगे निजी अस्पतालों में इलाज करना संभव नहीं था। ऐसे में उन्होंने जिला चिकित्सालय मुंगेली में संपर्क किया। यहां पर अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. नारायण देव साहू द्वारा जांच एवं एक्सरे किया गया और उनके बाएं पैर की फीबुला हड्डी में बोन ट्यूमर बीमारी का होना पाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर ने बताया कि सिविल सर्जन डॉ. एम.के.राय के नेतृत्व में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नारायण देव साहू एवं उनकी टीम द्वारा पूरी संवेदनशीलता एवं कुशलतापूर्वक सत्यवती के इस जटिल हाईरिस्क सर्जरी का सफलतापूर्वक ईलाज किया गया। सत्यवती ने बताया कि पहले चलने में काफी परेशानी होती थी, पैर में दर्द रहता था। निजी अस्पताल में इलाज कराने से लाखों रुपए खर्च होते, लेकिन जिला चिकित्सालय में उनका बिना पैर काटे सफल ऑपरेशन हुआ है। इससे वह काफी खुश है। उन्होंने मुख्यमंत्री, कलेक्टर और जिला चिकित्सालय की पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि अब उन्हें कोई परेशानी नहीं है। वह अपने दैनिक कार्यो को आसानी से कर सकेगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि सत्यवती को स्वास्थ्य लाभ के लिए रेड क्रॉस और जन औषधि के माध्यम से 05 हजार रुपए का चेक भी प्रदान किया गया।

कलेक्टर सरगुजा ने प्रशासक के रूप में संभाला कार्यभार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के परिपालन में नगर पालिक निगम अंबिकापुर के वर्तमान परिषद के कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात कलेक्टर सरगुजा को पूर्वाह्न में नगर पालिक निगम अंबिकापुर में प्रशासक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त डीएन कश्यप सहित नगर निगम के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में सुचारू रूप हो रही धान की खरीदी

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के 49 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से किसानों से धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। धान खरीदी 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर के द्वारा प्रत्येक समिति केन्द्रों में धान खरीदी से जुड़े हर पहलू की विस्तृत समीक्षा कर शासन की मंशा के अनुरूप धान खरीदी के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में किसानों से सुचारू रूप से धान की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 49 समितियों में कुल 1811448 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। जिले के सहकारी समिति कपिलदेवपुर में 30996 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार बादा में 20193.60, कुसमी में 40806, जवाहरनगर में 20491.20, कामेश्वरनगर में 70879.20, कोदवा 12534.40, गोपालपुर में 25872.40, भेंडरी 17801.60, चांदो में 49466, जमड़ी में 83980.40, जिगड़ी में 20225.20, जोकापाट (भरतपुर) में 10752, डूमरपान में 37842.80, डिण्डो में 49442.40, डीपाडीह में 25452.80, डोंगरो में 25243.60, गांजर में 16201.20, त्रिकुण्डा में 49651.20, बगरा में 31427.20, तातापानी में 35883.20, धंधापुर में 48944.80, डौरा में 35240.40, पस्ता में 20734.40, बड़कागांव में 48916, बरतीकला में 50923.20, बरदर में 30737.60, आरा में 17246.40, बरियों में 444259.20, बलंगी में 29965.60, बलरामपुर में 54461.20, बसंतपुर में 45681.60, भुलसीकला में 17977.20, भंवरमाल में 51666.40, सेवारी में 45182 एवं सामरी में 13343.60 क्विंटल धान किसानों से खरीदी की गयी है। जिले में 50 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में अब तक 1811448 मीट्रिक टन गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। साथ ही अब तक 109734 मीट्रिक टन का डीओ जारी हो चुका है।

नशा मुक्ति सह पुनर्वास केन्द्र का हो रहा संचालन

बलरामपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक चन्द्रमा यादव ने बताया है कि विखं बलरामपुर मुख्यालय के मिशन रोड में समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त नशा मुक्ति सह पुनर्वास केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। इस नशामुक्ति सह पुनर्वास केन्द्र में जिले के नशा पीडित व्यक्तियों को रख कर उनकी काउन्सलिंग की जाती है तथा केन्द्र में योग प्रणायाम आवश्यकता अनुसार दवाईयां आदि भोजन रहने की सुविधा सभी निःशुल्क है। केन्द्र में विशेषज्ञ काउन्सलर के माध्यम से नशा पीड़ित व्यक्ति की काउन्सलिंग की जाती है तथा उन्हें नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के सबंध में जागरूक किया जाता है। इस प्रकार किसी भी प्रकार के नशा से पीडित व्यक्तियों को नशा मुक्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र में निःशुल्क आवास, पौष्टिक भोजन, उपचार, काउंसिलिंग, नशे के प्रति जागरूक, जीवन कौशल की शिक्षा, योग के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। इस केन्द्र में नशा पीड़ित स्वयं या परिवार के सदस्यों द्वारा, पुलिस द्वारा या अन्य अधिकारियों तथा आमजनों द्वारा नशा से पीड़ित व्यक्ति को प्रवेश दिलाया सकता है। प्रवेश हेतु कोई शुल्क नहीं लगता है। सभी सेवायें निःशुल्क है। अतः जो भी नशा के आदी हो उसकी सहायता हेतु केन्द्र में प्रवेश दिलाया जा सकता है।

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान सामूहिक दवा सेवन गतिविधि 28 फरवरी तक

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सामूहिक दवा सेवन गतिविधि 10 से 28 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस अभियान की तैयारियों के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में मंगलवार को जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो मच्छर के काटने से फैलती है।भारत सरकार ने इस बीमारी के उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत 10 फरवरी से सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
Email : cmo.mungelii@rediffmail.com

// ईश्तहार//

ज.गृ.प्र.क./../108/2024-25
ग्राम मुंगेली प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अल्का पाण्डेय पति भूपेश पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली के द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 19 तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन कराने हेतु, रजिस्ट्रार जन्म नगर पालिका परिषद मुंगेली के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो यह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 09.01.25 समय 11.00 बजे दिन को नगर पालिका परिषद मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

कार्यालय नगर पालिका परिषद् मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
Email : cmo.mungelii@rediffmail.com

// ईश्तहार//

ज.मृ.प्र.क./ 33 /2024-25
ग्राम मुंगेली प.ह.नं 19

एतद द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अल्का पाण्डेय पति भूपेश पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगली के द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 19 तहसील मुंगेली जिला द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन कराने हेतु रजिस्ट्रार जन्म नगर पालिका परिषद मुंगेली के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 09.01.25 समय 1/100 बजे दिन को नगर पालिका परिषद मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी

सील

सुविधा

सैर-सपाटे के शौकीनों के लिए घुनघुट्टा जलाशय में बोटिंग है अच्छा विकल्प

बिहान से जुड़ी महिलाएं कर रही नौका संचालन, कमा रही आजीविका

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर स्थित घुनघुट्टा जलाशय सैर-सपाटे के शौकीन लोगों के मनपसंद जगहों में से एक है। यहां बोटिंग की सुविधा लोगों के लिए विशेष आकर्षण है। शहर के पास होने की वजह से छुट्टियों के दिनों में लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। घुनघुट्टा जलाशय लोगों का फेवरेट पिकनिक स्पॉट होने के साथ ही जय माँ दुर्गा स्व सहायता समूह की महिलाओं की आजीविका का जरिया भी है। सरगुजा जिले में ऐसी कई महिलाएं हैं, जिन्होंने बिहान की मदद से सफलता की इबारतें लिखीं हैं। इन्हीं में से एक हैं जय दुर्गा महिला समूह जिन्होंने एनआरएलएम से प्रशिक्षण एवं सहायता प्राप्त कर घुनघुट्टा जलाशय में नौका संचालन का कार्य शुरू किया। समूह की महिला सुमिता दीदी ने बताया कि बिहान से जुड़ने के बाद हमें कई तरह के आजीविका गतिविधियों के बारे में बताया गया, जिसमें से नौका संचालन का काम हमें रोचक लगा, हम सब महिलाओं ने उत्सुकता के साथ कार्य करने का निर्णय लिया। प्रशासन की मदद से समूह को बोट मिली जिससे हमने जलाशय में घूमने आने वाले लोगों के लिए बोटिंग का काम शुरू किया। अम्बिकापुर शहर के पास सुकून के साथ घूमने के लिए घुनघुट्टा जलाशय एक अच्छा विकल्प है। सुमिता दीदी बताती हैं कि हमारे पास अभी 8 सीटर एक

बोट है। वयस्कों हेतु किराया 100 रुपए एवं बच्चों के लिए 50 रुपए निर्धारित है, जिससे सीजन में प्रतिदिन 7 से 8 हजार तक की आय हो जाती है। छुट्टी के दिनों, त्योहार, और रविवार जैसे दिनों में ज्यादा चहल पहल रहती है, तो कमाई भी अच्छी होती है। उन्होंने बताया कि मौसम के अनुसार समय तय कर बोटिंग कराई जाती है। महिलाओं ने बताया कि नौकायन हेतु आने वाले लोगों को सुरक्षा की नजर से बोट में बैठने से लाइफ जैकेट पहनाया जाता है। बोट के मशीन की लगातार जांच, फ्यूल आदि का पूरा ध्यान रखा जाता है, इसमें चप्पू भी रखा गया है। बोट चलाने के लिए समूह द्वारा एक ड्राइवर रखा गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मिली सहायता से इन महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। वहीं परिवार, समाज में भी मान-सम्मान बढ़ा है। महिलाओं ने बताया कि बिहान से जुड़ने से पूर्व हम घरेलू कार्य में ही व्यस्त रहतीं थीं, लेकिन इस काम ने हम महिलाओं को एक अलग पहचान दी है।

प्राचीन संस्कृति और पर्यटन का संगम: पलारी का सिद्धेश्वर शिव मंदिर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बलौदाबाजार - भाटापारा जिले के नगर पंचायत पलारी स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है।जनपद पंचायत मुख्यालय पलारी स्थित यह प्राचीन मंदिर जिले का सबसे बड़ा तालाब बालसमुंद तालाब के तटबंध पर स्थित है और 7वीं-8वीं शताब्दी ईस्वी में निर्मित है।

इतिहास और वास्तुशिल्प की अद्वितीयता

मंदिर की संरचना लाल ईंटों से की गई है और यह पश्चिमाभिमुखी है। इसके द्वार पर नदी देवियां गंगा और यमुना त्रिभंग मुद्रा में अंकित हैं, जबकि सिरदल पर त्रिदेवों और शिव विवाह का दृश्य उत्कृष्ट शिल्पकला का प्रतीक है। गर्भगृह में सिद्धेश्वर शिवलिंग प्रतिष्ठित है और शिखर भाग कीर्तिमुख, गजमुख, और व्याल की अलंकृत आकृतियों से सजा हुआ है। राज्य शासन के मंशानुरूप जिला पप्रशासन स्त्र2ड्डह्ड्डपर्यटन



को बढ़ावा देने के लिए इस मंदिर को पर्यटन स्थल के रुप मे विकसित की जा रही है।

बिहान समूह द्वारा नौका विहार का संचालन-

सिद्धेश्वर शिव मंदिर के समीप स्थित बालसमुंद तालाब में बिहान समूह की महिलाओं द्वारा नौका विहार सेवाएं संचालित की जा रही हैं। यह पहल न केवल स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक है बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन को भी प्रोत्साहित कर रही है। नौका विहार का संचालन पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने का अवसर प्रदान करता है साथ ही स्थानीय समुदाय की आय के स्रोतों को भी बढ़ावा देता है। यह प्रयास ग्रामीण पर्यटन और महिला सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रयास क्लस्टर संगठन की दीदियों के द्वारा नौका विहार का सप्ताह के सातों दिन संचालित किया जाता है। इन दीदियों ने साल भर में 8 से 10 लाख रुपए की आय इस नौका विहार से प्राप्त कर चुकी है। इस बाल समुन्द नौका विहार में मोटर बोट, पैडल बोट, बेबी बोट, वॉटर रोलर, कवास व ट्रैपोलिन के माध्यम से यहां आने वाले पर्यटक बोटिंग का आनन्द लेते है। प्रयास क्लस्टर संगठन की अध्यक्ष अनीता गोयल कहती है कि शासन ने इस बाल समुन्द नौका विहार को संचालित करने की जिम्मेदारी हम महिलाओं को दी है इसके लिए मैं शासन का धन्यवाद करती हूं। इसके जरिए हम महिलाएं बिहान समुह से जुड़कर

बालसमुंद जलाशय में पर्यटक उठा रहे बोटिंग का आनंद,समूह की महिलाओं ने संभाला बोटिंग का संचालन

अपनी आजीविका चला रहे है और आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्ध बन रहे है। यह हम महिलाओं के लिए बहुत ही सहयोगी सिद्ध हुआ है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का बहुत बहुत धन्यवाद करती हूं।

न्यूज गैलरी

धान उठाव नहीं करने वाले मिलरों पर लगेगा पेनाल्टी

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2024 - 25 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी जिले में द्रुत गति से जारी है। उपार्जन केंद्रों से नियमित रूप से धान उठाव हेतु मिलरों को डीओ जारी किये जा रहे हैं। अनेक निर्देश के बाद भी कुछ मिलरों द्वारा डीओ कटने के बाद धान उठाव में रूचि नहीं ली जा रही है जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने मिलर एवं परिवहनकर्ता द्वारा समय -सीमा में अपने दायित्व का निर्वहन करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर के निर्देश पर समिति के सदस्यों द्वारा ऐसे रईस मिलर जो डीओ कटने के 10 दिवस के पश्चात भी धान उठाव शुरू नहीं किये हैं उनके डीओ में पेनल्टी अधिरोपित करने का भी निर्णय लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 629394 मेट्रिक टन धान उपार्जन हुआ है जिसमें से परिवहनकर्ता द्वारा 145943मेट्रिक टन एवं जिला और अंतरजिला मिलर द्वारा 155897 मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। उपार्जन केंद्रों में 327554 मेट्रिक टन धान उठाव हेतु शेष है।जिले के मिलर को 195207 मेट्रिक टन हेतु डीओ जारी हुआ है जिसमें से 129843 मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है तथा 65364 मेट्रिक टन धान का उठाव शेष है जिसमें से 49 रईस मिलर का 490 डीओ में 12679 मेट्रिक टन धान का उठाव 10 दिवस के पश्चात् नहीं किया गया है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना : 27 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत गायत्री मंदिर बलौदाबाजार में विवाह का आयोजन किया गया। एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार एवं लवन अंतर्गत कुल 27 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे जिसमें विवाहित जोड़ों को 35 हजार रूपए प्रति जोड़े के मान से आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई । उपस्थित जनप्रतिधियों ने नवविवाहित जोड़ो को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें व आशीर्वाद दिए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव, जनपद सदस्य, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा, परियोजना अधिकारी बलौदाबाजार सरस्वती चंद्रवंशी तथा बलौदाबाजार एवं लवन के समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

विलंब : 65 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने

आज सुबह 10 बजे संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्य, श्रम, योजना एवं सांख्यिकी, खनिज विभाग, निर्वाचन शाखा, पीएमजीएसवाय, शिक्षा, आबकारी, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय के शाखाओं में जाकर अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति, स्थापना, फाइलों का भंडारण एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित शासकीय कर्मियों की जानकारी ली।

जिले के 78 ग्राम पंचायतों के 85 ग्रामों के 9402 हितग्राहियों को वितरित किया गया अधिकार अभिलेख

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों 16 हितग्राहियों ने प्राप्त किया स्वामित्व कार्ड

- **ग्रामीण आबादी भूमि में मालिकाना हक पाकर छबिराम, रामकुमार, श्यामचरण खुश होकर मुख्यमंत्री का किया धन्यवाद ज्ञापन**

धमतरी/नवप्रदेश। सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के तहत स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी के एकलव्य खेल परिसर में आयोजित स्वामित्व कार्ड, आबादी के अधिकार अभिलेख वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के ग्रामीण आबादी भूमि में निवासरत हितग्राहियों को मालिकाना हक प्रदाय करने के उद्देश्य से स्वामित्व कार्ड का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने 16 हितग्राहियों को प्रतीकात्मक तौर पर यह कार्ड प्रदाय किया। कुरूद के सिंधौरीकला के छबिराम साहू कहते हैं कि स्वामित्व कार्ड मिल जाने से उन्हें उनके परिवार को काफी खुशी है। इस कार्ड के जरिए उन्हें किसी तरह के लोन इत्यादि का फायदा मिलता है, तो वह इसका लाभ जरूर उठाएंगे। वहीं सोनपुर के

रामकुमार बंजारे कहते हैं कि अब वे निश्चिंत होकर अपने परिवार के साथ अपने जमीन पर रह सकेंगे, उन्हें उनकी जमीन का मालिकाना हक मिल गया, इसके लिए वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते हैं। इसी तरह भखारा तहसील के ग्राम देवरी निवासी श्यामचरण बताते हैं कि मुख्यमंत्री साय के हाथों मुझे स्वामित्व कार्ड प्राप्त हुआ, इससे उन्हें काफी खुशी हुई।

बता दें कि धमतरी जिले के 644 ग्रामों में से 501 ग्रामीण राजस्व ग्रामों में ड्रोन के माध्यम से सर्वे (सर्वे ऑफ इंडिया से) कराया गया है। इन 501 ग्रामों के 1319 नक्शा शीटों का राजस्व अमला से भौतिक सत्यापन कराया जाकर 266 ग्रामों का प्रथम प्रकाशन कर दावा-आपत्तियों का निराकरण किया गया। साथ ही 85 ग्रामों के अभिलेखों का अंतिम प्रकाशन कर 85 ग्रामों, 78 ग्राम पंचायतों के 9402 अधिकार अभिलेख सॉफ्टवेयर में अपलोड किया गया। इसमें से आज 9402 अधिकार अभिलेखों का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री साय द्वारा प्रतीकात्मक तौर पर 16 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख (स्वामित्व कार्ड) वितरित किया गया। शेष अधिकार अभिलेखों का वितरण संबंधित ग्राम पंचायतों/तहसीलों के जरिए हितग्राहियों को किया जाएगा।

वितरित स्वामित्व कार्ड की विशेषता है कि यह डिजीटल प्रणाली के रूप में तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक भूखण्डों का पृथक-पृथक यू.एल.पिन नं. जेनेरेट हो रहा है, साथ में क्यू-आर कोड अधिकार अभिलेख में प्रिंट किया गया है। हितग्राही द्वारा क्यू आर कोड का स्कैन कराकर कहीं भी कभी भी प्रिंट कराकर उपयोग किया जा सकेगा। अधिकार अभिलेख की प्राप्ति हेतु किसी भी हितग्राही को किसी भी विभाग में जाने की आवश्यकता नहीं होगी और ग्रामीण आबादी भूमिधारकों के हितों के संरक्षण व संवर्धन के लिए शासन व प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। बता दें कि स्वामित्व योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण आबादी भूमि में निवासरत हितग्राहियों को मालिकाना हक प्रदाय करना, ग्रामीण आबादी स्थित स्थायी परिसंपत्ति के आधार पर बैंकों से ऋण और अन्य वित्तीय लाभ लेने हेतु सक्षम बनाएगी। इसके साथ ही शासकीय स्थायी परिसंपत्तियों का उचित पर्यवेक्षण किया जा सकेगा।

बिलाईगढ़ ब्लॉक श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक

सरसीवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ ब्लॉक श्रमजीवी पत्रकार संघ की एक अहम बैठक भटगांव पत्रकार भवन में आयोजित की गई। बैठक का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अब्बास अली सैफी और जिलाध्यक्ष गोल्डी नायक के नेतृत्व में किया गया।

इस बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने सक्रिय भूमिका निभाई। बैठक के दौरान जिले के जनसंपर्क अधिकारी देवराम यादव के अड़ियल रवैये और पत्रकारों के सम्मान के साथ किए गए दुर्व्यवहार पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही, दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में निम्नलिखित पत्रकारों ने भाग लिया:

अब्बास अली सैफी (प्रदेश उपाध्यक्ष) गोल्डी नायक (जिलाध्यक्ष) कमलकांत चौहान (जिला सचिव) कैज़ार अली (जिला कोषाध्यक्ष) सहदेव सिंह सिदार (ब्लॉक अध्यक्ष) धर्मेंद्र साहू (तहसील अध्यक्ष, भटगांव) शैलेन्द्र देवांगन (तहसील अध्यक्ष, बिलाईगढ़) राहुल पांडे (तहसील अध्यक्ष, सरसीवा) रूपनारायण ठाकुर (जिला सहसचिव) दरस टंडन (वरिष्ठ पत्रकार) धनेश यादव रमेश साहू प्रकाशधर दिवान रमेश मनहर योगेश केशरवानी रामदुलार साहू सुरेश रघु उमाशंकर धीवर बसंत सोनी गनपत बंजारे गोपी अजय के.पी. पटेल युवराज निराला धनीराम निराला सतीश रात्रे सोनू साहू देव नारायण साहू गुलाब दीवान, संजय यादवबैठक में ब्लड डोनेशन कैंप और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, सभी सदस्यों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई। बैठक में श्रमजीवी पत्रकार संघ के उद्देश्यों और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई।

नव वर्ष के अवसर पर केशरवानी महिला समिति ने किया आनंद उत्सव का आयोजन

सरसीवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। केशरवानी महिला समिति ने नव वर्ष के आगमन पर रविवार को सुमेधा इंग्लिश मिडियम प्ले स्कूल में उत्साहपूर्वक आनंद उत्सव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में समिति की नई पदाधिकारियों ने जिम्मेदारी संभालते हुए इसे सफल बनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजन की शुरुआत कश्यप मुनि जी की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद केशरवानी महिला समिति की प्रदेश प्रभार मंत्री अंजू केशरवानी, सभी संरक्षकगण और पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

खेलों और मनोरंजन से सजी शाम कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। बच्चों और महिलाओं ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ अपनी भागीदारी निभाई। इस आयोजन ने सभी उपस्थित लोगों को एकजुटता और खुशी का अनुभव कराया।

समिति की प्रतिबद्धता-

कार्यक्रम के दौरान केशरवानी महिला समिति के पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि समिति को और मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा। आगे भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे, जो न केवल सदस्यों को एकजुट करेंगे बल्कि जनहित के कार्यों में भी समिति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

उत्सव में सहभागिता-

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में केशरवानी महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। सभी ने नए वर्ष के आगमन पर हर्षोल्लास के साथ आयोजन का आनंद लिया।

यह कार्यक्रम समिति के सदस्यों की एकजुटता और सक्रियता का उदाहरण प्रस्तुत करता है। आयोजन ने न केवल मनोरंजन का अवसर प्रदान किया बल्कि सामूहिक शक्ति का भी प्रदर्शन किया।

गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय तरीके से मनाने अधिकारियों की ली बैठक

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह की तैयारी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह की सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभाग प्रमुखों को सौंपे जाने वाले दायित्वों के बारे में सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में बताया कि समारोह में परेड, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागों के झांकी प्रदर्शनी जैसे अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

बालोद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जुंगेरा में आयोजित बालोद जिले के विकास कार्यों के भूमिपूजन लोकार्पण एवं हितग्राही सम्मान कार्यक्रम में पहुँचने के पश्चात् सर्वप्रथम विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में पहुँचकर वहाँ पर लगाए गए विकास कार्यों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने जिले के गुरूर विकासखण्ड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल ग्राम ओनाकोना के पर्यटन समिति के सदस्यों को कैंपिंग टेंट एवं कारपेट प्रदान कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव

साय को जिले के पर्यटन स्थल ओनाकोना के विशेषताओं तथा इसके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया एवं फोटो प्रदर्शनी के संबंध में जानकारी दी।

घर की चाबी पाकर खुशी के मारे फूली नहीं समाई पीलोबाई, अमेरिका बाई

- **मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पीएम जनमन के तहत आवास हितग्राहियों को सौंपी चाबी**

धमतरी/नवप्रदेश। प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के हाथों से अपने पक्के घर की चाबी पाकर आज पीलोबाई और अमेरिका बाई खुशी के मारे फूली नहीं समा रही हैं। वे कहतीं हैं कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनका खुद का कोई पक्का मकान होगा और उसमें वे अपने परिवार के साथ हंसी-खुशी रहेंगी। आज उनका यह सपना साकार हो गया। दरअसल प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से

लाभान्वित किया जा रहा है। इन्ही योजनाओं में से एक है प्रधानमंत्री आवास योजना। इस योजना के तहत लाभान्वित जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड के सिहावा निवासी विशेष पिछड़ी जनजाति कमार हितग्राही पीलोबाई और अमेरिका बाई आज स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय स्कूल के एकलव्य खेल मैदान में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में पहुंची थीं। जहां उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा उनके पक्के मकान का चाबी वितरित किया गया। चाबी को पाकर वे काफी खुश होकर मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करतीं हैं।

खेलकूद प्रतियोगिता... कलेक्टर दन्तेवाड़ा मंयक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत दन्तेवाड़ा जयंत नाहटा ने विजेताओं अग्रिम को बधाई दी

युवा उत्सव 12 से 14 जनवरी तक, दमखम दिखाएंगे खिलाड़ी

दंतेवाडा/नवप्रदेश। जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला का हुआ आयोजन राज्य स्तरीय 12 से 14 जनवरी तक राजधानी रायपुर में जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में प्रथम विजेता सामूहिक लोक नृत्य में वि. ख. दन्तेवाड़ा, जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता मे सीनियर वर्ग में प्रथम विजेता 100 मीटर दौड में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग दन्तेवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 07 जनवरी 2025 को जिला स्तरीय

युवा उत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शा.उ.मा.वि. दन्तेवाड़ा के खेल मैदान एवं इंडोर स्टेडियम दन्तेवाड़ा में किया गया। सामूहिक लोग गीत में वि.ख.गीदम, विज्ञान मेला (सामूहिक) में वि.ख.गीदम, लोक नृत्य (एकल) में वि.ख.दन्तेवाड़ा, लोक गीत (एकल) में वि.ख.गीदम, कहानी लेखन में वि.ख.दन्तेवाड़ा, चित्रकला में वि. ख. दन्तेवाड़ा, तात्कालिक भाषण में वि.ख. कुआकोण्डा, कविता में वि.ख.गीदम, विज्ञान मेला एकल) मे गीदम, हस्तशिल्प में वि.ख.गीदम, कृषि उत्पाद में वि. ख. कुआकोण्डा, टेक्सटाईल्स में वि.ख.गीदम ने स्थान प्राप्त किया। दलीय विधा में विजेताओं को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय 10000/-, 7000/-, 5000/- रूपये नगद पुरस्कार विभाग द्वारा प्रदान किया गया। जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता मे जूनियर वर्ग में प्रथम विजेता 100 एवं 400 मीटर दौड में वि.ख.गीदम, तवा फेक में वि.ख. दन्तेवाड़ा, खो-खो में वि.ख. कुआकोण्डा, बैडमिंटन में वि.ख. दन्तेवाड़ा, व्हालीबाल में वि.ख. गीदम, कुश्ती में वि.ख.गीदम, वेटलिफ्टिग में वि.ख.दन्तेवाड़ा, रस्साकसी में वि.ख.दन्तेवाड़ा ने स्थान प्राप्त किया। वि.ख. दन्तेवाड़ा, 400 मीटर दौड में वि. ख.गीदम, तवा फेक में वि.ख. कुआकोण्डा, खो-खो में वि.ख. दन्तेवाड़ा, बैडमिंटन में वि. ख. गीदम एवं कटेकल्याण, व्हालीबाल में वि.ख. गीदम, कुश्ती में वि. ख. दन्तेवाड़ा, वेटलिफ्टिग में वि.ख. दन्तेवाडा, रस्साकसी में वि.ख. दन्तेवाडा ने स्थान प्राप्त किया। युवा उत्सव राज्य स्तरीय आयोजन छत्तीसगढ की राजधानी रायपुर में दिनांक 12 से 14 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमे जिले के प्रथम विजेता प्रतिभागी दल सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर मंयक चतुर्वेदी कलेक्टर दन्तेवाड़ा एवं जयंत नाहटा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दन्तेवाड़ा ने विजेताओं को बधाई दी एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।

राजिम मेला स्थल में होगा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम मेला स्थल मे विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया जाना है। पंजीयन की अंतिम तिथि 05 फरवरी 2025 है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा। इच्छुक माता-पिता 05 फरवरी तक अपने बेटे व बेटी की शादी के लिए संबंधित क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय के माध्यम से विवाह का पंजीयन करा सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा। विवाह हेतु लड़की का उम्र 05 फरवरी 2025 की स्थिति मे 18 वर्ष तथा लड़के का उम्र 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है।

लड़की मूलतः छत्तीसगढ़ की निवासी होनी चाहिये, विवाह पंजीयन हेतु लड़के लड़की की शैक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, एवं माता पिता की सहमति अनिवार्य होगी। पूर्व मे योजनान्तर्गत 21 हजार रूपये का चेक प्रदाय किया जाता था जिसे बढ़ाकर वधु को अब 35 हजार रूपये का चेक प्रदाय किया जायेगा।

न्यूज गैलरी

एसबीआई का दावा, चालू वित्त वर्ष में 6.3 प्रतिशत रहेगी वृद्धि दर

नई दिल्ली। एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' में कहा, आरबीआई और एनएसओ के अनुमानों के बीच का अंतर हमेशा ही 0.20-0.30 फीसदी की सीमा में रहता आया है। लिहाजा, चालू वित्त वर्ष के लिए 6.4 फीसदी का अनुमान उचित है। हालांकि, इस अवधि में वृद्धि दर नीचे की ओर झुकाव के साथ 6.3 फीसदी रह सकती है। एसबीआई का दावा है कि आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुमान से भी कम करीब 6.3 फीसदी रह सकती है। एनएसओ ने एक दिन पहले ही 2024-25 में जीडीपी की वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर 6.4 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया है। एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' में कहा, आरबीआई और एनएसओ के अनुमानों के बीच का अंतर हमेशा ही 0.20-0.30 फीसदी की सीमा में रहता आया है। लिहाजा, चालू वित्त वर्ष के लिए 6.4 फीसदी का अनुमान उचित है। हालांकि, इस अवधि में वृद्धि दर नीचे की ओर झुकाव के साथ 6.3 फीसदी रह सकती है। आरबीआई ने विकास दर 6.6त्न रहने का अनुमान जताया है। बजट अनुमान के अनुरूप कर प्राप्तियां बढ़ीं और सरकारी खर्च कम हुआ, तो चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 4.9 फीसदी रहेगा। सरकार 16.1 लाख करोड़ के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य पर कायम रहती है तो यह पांच फीसदी पर रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीडीपी का पहला अग्रिम अनुमान 2024-25 में समग्र मांग में सुस्ती को दर्शाता है। हालांकि, सकारात्मक योगदान देने वाले घटकों में सरकारी खपत शामिल है, जिसमें मौजूदा कीमतों के संदर्भ में 8.5 फीसदी वृद्धि हुई है। निर्यात में भी आठ फीसदी की तेजी रही है।

बिजली उत्पादन की रफ्तार कोरोना के बाद सबसे धीमी

नई दिल्ली। आंकड़ों के अनुसार, बिजली उत्पादन में कमी अर्थव्यवस्था में नरमी के अनुरूप थी, जो 30 सितंबर को समाप्त तिमाही के दौरान लगभग दो वर्षों में सबसे धीमी गति से बढ़ी। कमजोर मांग के बीच दिसंबर में विनिर्माण गतिविधि साल में सबसे कमजोर गति से बढ़ी है। अर्थव्यवस्था में सुस्ती के चलते देश का बिजली उत्पादन 2024 में कोरोना के बाद सबसे धीमी गति से बढ़ा है। आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में बिजली उत्पादन सालाना 5.8त्न बढ़कर 1,824.13 अरब किलोवाट घंटे हो गया है। वर्ष की दूसरी छमाही में उत्पादन में वृद्धि औसतन 2.3 फीसदी रही, जो पहली छमाही की 9.6 फीसदी की वृद्धि का लगभग एक चौथाई है। आंकड़ों के अनुसार, बिजली उत्पादन में कमी अर्थव्यवस्था में नरमी के अनुरूप थी, जो 30 सितंबर को समाप्त तिमाही के दौरान लगभग दो वर्षों में सबसे धीमी गति से बढ़ी। कमजोर मांग के बीच दिसंबर में विनिर्माण गतिविधि साल में सबसे कमजोर गति से बढ़ी है। हालांकि, विश्लेषकों को उम्मीद है कि विपरीत मौसम के कारण औद्योगिक गतिविधि व आवासीय बिजली के उपयोग में बढ़ोतरी से 2025 में खपत 6 से 7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। दिसंबर में पारा का स्तर गिरने और गरमी वाले उपकरणों के उपयोग में वृद्धि के साथ मांग पहले ही बढ़ गई है। बिजली की मांग में धीमी वृद्धि और उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में रिकॉर्ड 12.1 फीसदी की वृद्धि ने दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक को कोयले की हिस्सेदारी में तीन साल की बढ़त हासिल करने में मदद की। विश्लेषकों को उम्मीद है कि इस साल प्राकृतिक गैस से चलने वाली बिजली की कीमत पर कोयले और नवीकरणीय ऊर्जा दोनों की हिस्सेदारी बढ़ेगी, जो पिछले साल 17.3 फीसदी बढ़ी थी। इस वर्ष नवीकरणीय क्षेत्र में भी धीमी वृद्धि देखी गई।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा-देश की प्रत्येक पंचायत को कम से कम एक बीमा सखी से कवर करना

बीमा सखी योजना में एक महीने के भीतर 50 हजार से अधिक पंजीकरण

■ एलआईसी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में 2 लाख बीमा सखियों की भर्ती करना

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। एलआईसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उद्घाटन के एक महीने बाद बीमा सखियों के लिए कुल 52,511 पंजीकरण हुए हैं। कंपनी के अनुसार 27,695 बीमा सखियों को पॉलिसी बेचने के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं और 14,583 बीमा सखियों ने पॉलिसी बेचना शुरू कर दिया है।

बीमा कंपनी ने और क्या कहा, आइए जानें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिला सशक्तिकरण जरिए विकसित भारत की पहल के तहत भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बीमा सखी योजना की शुरुआत की है इसमें महीने के भीतर 50,000 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं।

14,583 बीमा सखियों ने पॉलिसी बेचना किया शुरू

एलआईसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उद्घाटन के एक महीने बाद बीमा सखियों के लिए कुल 52,511 पंजीकरण हुए हैं। कंपनी के अनुसार 27,695 बीमा सखियों को पॉलिसी बेचने के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं और 14,583 बीमा सखियों ने पॉलिसी बेचना शुरू कर दिया है। इस अवसर पर एलआईसी के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, हमारा उद्देश्य एक वर्ष के भीतर देश की प्रत्येक पंचायत को कम से कम एक बीमा सखी से कवर करना है।

डिजिटल उपकरणों से सशक्त हो रही बीमा सखी

उन्होंने कहा कि एलआईसी महिलाओं को उचित कौशल प्रदान करके और उन्हें मजबूत डिजिटल उपकरणों से सशक्त बनाकर बीमा सखी धारा को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना में व्यवसाय पर अर्जित कमीशन के अलावा तीन साल के लिए मासिक भुगतान का लाभ भी शामिल है। योजना के अनुसार, प्रत्येक बीमा सखी को पहले वर्ष 7,000 रुपये, दूसरे वर्ष 6,000 रुपये तथा तीसरे वर्ष 5,000 रुपये मासिक वजीफा (भुगतान) दिया जाएगा।

आवेदन करने के लिए पात्र

यह वजीफा एक बुनियादी सहायता भत्ते के रूप में काम करता है। इसके अतिरिक्त, महिला एजेंट अपनी बीमा पॉलिसियों के आधार पर कमीशन कमा सकती हैं, और उनकी कमाई उनके लाए गए व्यवसाय के अनुपात में बढ़ती है। एलआईसी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में 2 लाख बीमा सखियों की भर्ती करना है। 18 से 70 वर्ष की आयु की वे महिलाएं जो 10वीं कक्षा तक की शिक्षा प्राप्त कर चुकी हैं, आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

भारत के उलट वैश्विक स्तर पर स्टील की मांग में इस साल देखने को मिल सकता है मंदी

भारत में स्टील की मांग 2025 में 9 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान : रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत में स्टील की मांग कैलेंडर वर्ष 2025 में 8 से 9 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। इसकी वजह हाउसिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंजीनियरिंग, पैकेजिंग और अन्य सेगमेंट्स में स्टील की मांग बढ़ना है। यह जानकारी रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट में बुधवार को दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के उलट वैश्विक स्तर पर स्टील की मांग में इस साल धीमापन देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत में स्टील की मांग बढ़कर 11 प्रतिशत और ब्राजील में 5.6 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। वहीं, ग्लोबल स्तर पर स्टील की मांग में लगभग 1 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। चीन, जो सबसे बड़ा स्टील उत्पादक और उपभोक्ता भी है, में मांग में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसकी वजह अनुकूल नीतिगत बदलावों और सहायता पैकेज जारी होने के बावजूद रियल एस्टेट क्षेत्र में स्टील की मांग में गिरावट होना है। यूरोप, जापान और अमेरिका से भी स्टील की मांग में 2-3 प्रतिशत की अनुमानित गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और ब्राजील जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में मांग में वृद्धि ने वैश्विक स्तर पर स्टील की मांग में भारी गिरावट को रोका है। रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में सभी प्रमुख निर्यातकों से तैयार स्टील के आयात में काफी वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, 2022 और 2024 के बीच चीन से तैयार स्टील के आयात में 2.4 गुना वृद्धि हुई है। वहीं, हॉट रोल्ड कॉइल्स के आयात में 28 गुना का इजाफा हुआ है। इसी तरह जापान से तैयार स्टील के कुल आयात में 2022 के आधार से 2024 में 2.8 गुना वृद्धि हुई, जबकि एचआरसी आयात में 16.6 गुना वृद्धि हुई और वियतनाम से तैयार स्टील के आयात में आठ गुना वृद्धि हुई।

आम बजट 2025 होगा अहम फैक्टर!

वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में ग्रोथ ने पकड़ी रफ्तार

मुंबई। भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में वृद्धि के मजबूत संकेत मिले हैं। इसकी वजह अच्छे मानसून के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था में रिकवरी होना है। यह जानकारी बुधवार को एक रिपोर्ट में दी गई। पिछले वर्ष के मानसून सीजन में लंबी अवधि के औसत से 8 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज (एमओएलएल) की रिपोर्ट में बताया गया कि हाल में हुए राज्य स्तर के चुनावों और उपचुनावों में जीत के कारण एनडीए के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को मजबूती मिली है। इस कारण सरकार का फोकस फिर से विकास से जुड़ी पहलों को आगे बढ़ाने पर है और इससे आने वाले समय में पूंजीगत व्यय में वृद्धि होगी। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही की आय दूसरी तिमाही की आय के समान ही रहने की उम्मीद है। इस अर्निंग सीजन में फोकस बीएफएसआई, कैपिटल गुड्स, टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर और रियल एस्टेट पर होगा। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में बीएफएसआई सेक्टर की आय 8 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इस दौरान कैपिटल सेक्टर की आय सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 25 एक चुनावी वर्ष था। ऑर्डर इनफ्लो इस दौरान कमजोर रहा था, लेकिन वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में ऑर्डर बढ़ने की उम्मीद है।

इमामी ने पुरूषों की ग्रुमिंग को दी बोल्ड और नई पहचान: स्मार्ट एण्ड हैण्डसम

कोलकाता। इमामी लिमिटेड ने पुरूषों के लिए अपने जाने-माने ब्राण्ड 'फेयर एण्ड हैण्डसम' को नई पहचान देते हुए इसे 'स्मार्ट एण्ड हैण्डसम' के रूप में रीब्राण्ड किया है। इसके साथ ही कंपनी ने बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर कार्तिक आर्यन को अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर बना लिया है। यह रीब्रांडिंग बहुत अधिक मायने रखती है, ब्राण्ड तकरीबन दो दशकों से मेल ग्रूमिंग मार्केट में अपनी स्थिति को मजबूत बनाए हुए है और उपभोक्ताओं की बदलती पंसद के साथ अपने आप में बदलाव लाता रहा है। आज के युवा पुरूष अपनी त्वचा की देखभाल एवं ग्रूमिंग को प्राथमिकता देते हैं और स्मार्ट एण्ड हैण्डसम उनकी बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
'हर रोज़ हैण्डसम कोड' पुरूषों को ऐसे ग्रूमिंग समाधान उपलब्ध कराने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व में निखार लेकर आएगा। ब्राण्ड के लिए युवाओं का सिर्फ अच्छा दिखना ही मायने नहीं रखता, बल्कि यह भी ज़रूरी है कि वे रोज़ाना अपने आप में भरपूर आत्मविश्वास महसूस करें। यह नई पहचान मेल ग्रूमिंग के लिए ब्राण्ड के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो उनकी सम्पूर्ण देखभाल के लिए आधुनिक समाधान लेकर आता है। रीब्रांडिंग के साथ नई पैकेजिंग पर एक खास स्टेटमेन्ट दिखाई देता है ''फेयर एण्ड हैण्डसम इज़ नाओ स्मार्ट एण्ड हैण्डसम' जिससे उपभोक्ताओं में ब्राण्ड की पहचान और इसके प्रति भरोसा और मजबूत होगा। ब्राण्ड की इस यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, सुपरस्टार कार्तिक आर्यन जो कि स्मार्ट एण्ड हैण्डसम का नया चेहरा बन गए हैं।

यूके का प्रतिष्ठित रिवर साइड स्टूडियोज़ अब होगा अनिल अग्रवाल रिवरसाइड स्टूडियोज़ ट्रस्ट

जयपुर। विभिन्न महाद्वीपों में कला, संस्कृति और इनोवेशन को एक दूसरे के साथ जोड़ने के प्रयास में वेदांता ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन अनिल अग्रवाल अब आइकॉनिक रिवरसाईड स्टूडियोज़ का नेतृत्व करेंगे। लंदन की थेम्स नदी के उत्तरी किनारे पर स्थित 100 साल पुराना स्टुडियो, जिसे कला के विश्वस्तरीय केन्द्र के रूप में जाना जाता है।

अब इसका संचालन 'अनिल अग्रवाल रिवरसाईड स्टुडियोज़ ट्रस्ट' के नाम से होगा। अपने गौरवशाली इतिहास में रिवरसाईड स्टुडियोज़ ने दुनिया भर से कई जाने-माने कलाकारों की मेजबानी की है, जिसमें बीटल्स द्वारा गीत की रिकॉर्डिंग, डेविड बॉवी की परफॉर्मेंस, डारिओ फो का कार्य तथा डेविड हॉकनी द्वारा प्रदर्शित कार्य शामिल हैं। यह शुरूआत रचनात्मकता एवं विश्वस्तर पर सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की अग्रवाल की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अपने दृष्टिकोण के तहत रुआर्ट इन एवरी हार्ट पहल के ज़रिए वे कला को सार्वजनिक रूप से सुलभ बनाने तथा भारत एवं दुनियाभर के बीच समृद्ध सांस्कृतिक संबंधों पर ज़ोर देने के लिए तत्पर हैं। रिवरसाईड स्टूडियोज़ के साथ अग्रवाल ऐसे स्थानों को बढ़ावा देना चाहते हैं, जहां इनोवेशन और सांस्कृतिक विविधता एक साथ फले-फूलें, जो विश्वस्तरीय सीमाओं को दूर करने वाली कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए जीवंत हब की भूमिका निभाएं। कला एवं संस्कृति के केन्द्र के रूप में रिवर साइड स्टूडियोज़ कलात्मक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक विविधता का पर्याय बन गया है। आज स्टूडियो गर्व के साथ थिएटर्स, परफॉर्मेंस, रिकॉर्डिंग स्टूडियो, प्रदर्शनी स्थल तथा शानदार कैफे के साथ सिनेमा की भूमिका निभाता है। वेदांता ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, ''मेरा हमेशा से मानना रहा है कि कला में सीमाओं को पार करने, लोगों को एकजुट करने तथा मनुष्य के अनुभव को बेहतर बनाने की अद्भुत क्षमता है। रिवर साईड स्टूडियोज़ भारतीय एवं विश्वस्तरीय कला और संस्कृति के प्रदर्शन के लिए प्रमुख विश्वस्तरीय गंतव्य बन चुका है। मैं भारतीय कलाकारों और फिल्म समुदायों को इस विश्वविख्यात स्थल पर अपनी कलात्मक प्रतिभा को दर्शाने के लिए आमंत्रित करता हूं। अब विभिन्न क्षेत्रों के ग्लोबल लीडर्स अपने वास्तविक जीवन की यात्रा एवं अनुभवों के साथ दर्शकों को रोमांचित कर सकते हैं।

खेल

अरावली एरोज ने पलानी टस्कर्स को हराया; मुरथल मैग्नेट्स को डिवीजन 1 में पहली जीत

कोयंबटूर। कोयंबटूर के कर्पगाम अकादमी ऑफ हायर एजुकेशन में आयोजित युवा कबड्डी सीरीज - डिवीजन 1 में कई आश्चर्यजनक दिन देखने को मिले, जिसमें पलानी टस्कर्स को अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा और मुरथल मैग्नेट्स ने अंततः अपनी जीत का सिलसिला तोड़ दिया।

दिन की शुरुआत मुरथल मैग्नेट्स द्वारा कर्पागम रेडर्स को 40-32 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज करने के साथ हुई। विनय ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 15 रेड पॉइंट और तीन टैकल पॉइंट का योगदान दिया। रेडर्स के लिए आर. गौतम के 14 रेड पॉइंट के बावजूद, उनके साथियों से समर्थन की कमी के कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा।दूसरे मैच में सोनीपत स्पार्टन्स ने जयपुर थंडर्स को 45-33 से हराकर लगातार पांचवीं हार का सामना किया। अंकित सहरवा ने 12 रेड पॉइंट के साथ स्पार्टन्स की अगुआई की, जबकि नवीन शर्मा और पंकज ने छह-छह टैकल पॉइंट दिए। जयपुर के लिए प्रवीण के हाई 5 और मोहित गुर्जर के ऑलराउंड प्रयास जीत की दिशा बदलने के लिए पर्याप्त नहीं थे। तीसरे गेम में अरावली एरोज ने पहले अजेय पलानी टस्कर्स को 35-28 से हराकर चौंका दिया। अंकित जाट ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नौ टैकल पॉइंट हासिल किए, जबकि चेतन चौधरी ने हाई-5 अर्जित किया।

टस्कर्स के लिए एम. एसाकीराजा के हाई 5 के बावजूद, उनकी रेडिंग यूनिट कमज़ोर रही, जिससे उन्हें पहली हार का सामना करना पड़ा।दिन के अंतिम मैच में कुरुक्षेत्र वारियर्स और चेन्नई तमीज़हंस के बीच काफ़ी करीबी मुक़ाबला हुआ, जिसमें वारियर्स ने 32-30 से जीत हासिल की। सचिन जगबीर ने 14 रेड पॉइंट्स के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जबकि सचिन ने वारियर्स के स्कोर में हाई-5 जोड़ा। चेन्नई के लिए, स्टेनली पैकियाराज ने सुपर 10 दर्ज किया और शक्तिवेल आर ने हाई 5 अर्जित किया, लेकिन उनके प्रयास थोड़े कम रहे।

आईओए कोषाध्यक्ष ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए लंबित खेल आवंटन शुल्क पर चिंता जताई

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए खेल आवंटन शुल्क को लेकर चिंता जताई है। उत्तराखंड की मेजबानी में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक खेल होने हैं। यादव ने कहा कि मेजबान राज्य ने 5 करोड़ रुपये की पूरी राशि का भुगतान नहीं किया है, जो 2023 में एजीएम के दौरान तय की गई थी।

आईओए प्रमुख पीटी उषा को लिखे पत्र में यादव ने कहा कि खेल आवंटन शुल्क की प्राप्ति के बारे में पूछताछ करने पर राज्य से केवल 2.5 करोड़ रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ है। पत्र में कहा गया है, 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए उत्तराखंड से खेल आवंटन शुल्क की प्राप्ति के बारे में पूछताछ करने पर मुझे पता चला कि प्राप्त राशि केवल 2.5 करोड़ रुपये है। चूंकि 11 मार्च 2023 को आयोजित आईओए की एजीएम में यह निर्णय लिया गया था कि खेल आवंटन शुल्क के रूप में 5 करोड़ रुपये की राशि एकत्र की जाएगी। इसमें आगे कहा गया है, 36वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए गुजरात सरकार से तथा 37वें राष्ट्रीय खेलों के लिए गोवा सरकार से खेल आवंटन शुल्क के रूप में 5 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए उत्तराखंड सरकार से भी यही राशि प्राप्त की जानी है। आईओए कोषाध्यक्ष ने पीटी उषा से कहा है कि वह उत्तराखंड सरकार के साथ इस मामले को सुलझाएं और यह सुनिश्चित करें कि खेलों के शुरू होने से पहले 2.5 करोड़ रुपये की शेष राशि प्राप्त हो जाए। उन्होंने एक पत्र में कहा, आपसे अनुरोध है कि खेलों के शुरू होने से ठीक पहले 2.5 करोड़ रुपये की शेष राशि प्राप्त करने के लिए उत्तराखंड सरकार के साथ मामला उठाएं।

उत्तराखंड सरकार ने 2023 में सभी 34 सहमत खेलों के साथ राष्ट्रीय खेलों की मेज़बानी करने की अपनी तत्परता की पुष्टि की है, साथ ही बुनियादी ढांचे का विकास सुचारू रूप से चल रहा है। आईओए अध्यक्ष और खेल तकनीकी आचरण समिति (जीटीसीसी) ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए 32 खेल विधाओं और चार प्रदर्शन खेल आयोजनों को मंजूरी दी थी।

पेंगोलिन तस्करों पर शिकंजा तीन पकड़ाए, 43 किलो स्केल्स किया बरामद

वनमंडल बस्तर, राज्यस्तरीय वन दस्ता रायपुर और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की संयुक्त टीम ने की बड़ी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वन विभाग ने एक बार फिर से वन्यजीव तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता हालिस की है। वनमंडल बस्तर, राज्यस्तरीय वन उडऩदस्ता रायपुर और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई में 43 किलो पेंगोलिन स्केल्स (साल खपरी का छाल) जब्त किए हैं।

वन्य तस्करों की धरपकड़ का यह अभियान वन मंत्री केदार कश्यप और प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्रीनिवास राव के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

गुप्त सूचना के आधार पर 7 जनवरी को किए गए छापों में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से पहला आरोपी, जेम्स मैथ्यू, जगदलपुर रेंज के ग्राम तेली मारेंगा का निवासी है, जिसके घर से 32 किलोग्राम पेंगोलिन स्केल्स बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी ने लॉकडाउन के दौरान बीजापुर के अंदरूनी इलाकों से इन स्केल्स को एकत्र किया था और खरीदार की तलाश में था। दूसरी कार्रवाई चित्रकोट रेंज के मारडूम-बारसूर मार्ग पर हुई, जहां चुन्नीलाल बघेल और राजकुमार कुशवाहा को 11 किलो पेंगोलिन स्केल्स के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया।

हालांकि, इनके दो साथी जंगल का सहारा लेकर भागने में कामयाब रहे। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। तस्करी में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उक्त कार्यवाही में उप वनमण्डलाधिकारी जगदलपुर देवलाल दुग्गा, उप वनमण्डलाधिकारी चित्रकोट योगेश कुमार रात्रे, वन परिक्षेत्र अधिकारी चित्रकोट प्रकाश ठाकुर, वन परिक्षेत्र अधिकारी जगदलपुर देवेन्द्र वर्मा, परिक्षेत्र अधिकारी कोलेंग बुधराम साहू, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी चित्रकोट बुधरू राम कश्यप, सहायक परिक्षेत्र अधकिारी जगदलपुर (ग्रामीण) लल्लन जी तिवारी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जगदलपुर (शहर) श्रीधर नाथ स्नेही, परिसर रक्षक चौतन सिंह कश्यप, कु. शारदा मण्डावी, शंकर सिंह बघेल, गोपाल नाग, राम सिंह बघेल,कैलाश नागेश, कु. कविता ठाकुर, कुन्ती कश्यप, जया नेताम, सोनमती, चंद्रीका राणा, दीपा पटेल, उमर देव कोर्राम,कमल ठाकुर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

खबरों के गलियारे से...

दूसरे के जमीन को अपना बताकर 38 लाख में बेचा, मामला दर्ज

__रायपुर/नवप्रदेश।__ शासकीय भूमि को स्वयं का बताकर इकरारनामा तैयार करवाकर 38 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विवेक अग्रवाल 44 वर्ष वीआईपी रोड श्रीराम मंदिर के पास रहता है। प्रार्थी ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि आरोपी अखिलेश चोपड़ा, परविन, ओमप्रकाश, मनोज वर्मा व अन्य ने दूसरे की जमीन को अपना बताकर इकरारनामा तैयार कर प्रार्थी से 38 लाख रुपए ले लिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

छत्तीसगढ़ के तापमान में उतार-चढ़ाव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी, जिससे लोगों को रात के समय ठंड परेशान करने वाली है। मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। जिसके बाद तापमान बढऩा शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग ने 9 जनवरी को तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना जताई है। प्रदेश में 9.4 डिग्री के साथ अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक प्रदेश में आज न्यूनतम तापमान नहीं गिरावट होगी। इसके बाद कल से यह बढ़ते क्रम में आ जाएगा इस दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। उत्तरी क्षेत्र में सुबह के वक्त कोर छाए रहने की संभावना है। वहीं 10 जनवरी से एक नए पश्चिमी विक्षोभ द्वारा उत्तर- पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है।

सूने मकान से नकदी पार

__रायपुर/नवप्रदेश।__ अन्ना चौक गुढिय़ारी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 12 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढिय़ारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रशेखर प्रसाद सिन्हा 59 वर्ष अन्ना चौक गुढिय़ारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने गुढिय़ारी थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 12 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढिय़ारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

__रायपुर/नवप्रदेश।__ न्यू शांति नगर सिविल लाइन में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी त्रिभुवन संगेवार 52 वर्ष न्यू शांतिनगर सिविल लाइन का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमवी 3868 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

__रायपुर/नवप्रदेश।__ तेलीबांधा और सिविल लाइन थाना पुलिस के टीम ने गांजा बेचते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 3 किलो 350 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने लाभांडी स्थित पुराना शराब दुकान के पास गांजा बेचते आरोपी दीपक बबलानी 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 3 किलो 10 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आक्सीजोन गार्डन के पास आरोपी सूरज बंजारे 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 250 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

तीन जुआरियों से 22 हजार रुपए जब्त

सिमगा/नवप्रदेश। थाना सिमगा पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 08.01.2025 को थाना सिमगा पुलिस द्वारा ग्राम चौरेंगा में जुआ खेलते हुए 03 जुआरियो को गिरफ्तार किया गया है। जुआरियों से नगदी रुपए 22,000 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना सिमगा में छ.ग. जुआ अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

कैंसर के इलाज में कर्ज का बोझ, राम प्यारे को दीर्घायु वार्ड में मिला निःशुल्क उपचार

कैंसर के उपचार के लिए अब नहीं करना पड़ता मीलों का सफर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से छत्तीसगढ़ के शासकीय अस्पतालों की सुविधाओं में लगातार विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से राज्य के मरीजों का विश्वास सरकारी अस्पतालों के प्रति मजबूत हुआ है। जशपुर के रामप्यारे और दीनदयाल स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर अपनी कहानी बयान कर रहे हैं।

राम प्यारे को दीर्घायु वार्ड में मिला निःशुल्क उपचार

कैंसर का उपचार कराने में मेरी पूरी जमा पूंजी खत्म हो गयी घर बेचने तक की नौबत आ गयी, ऐसे में जिला अस्पताल का दीर्घायु वार्ड मेरे लिए संकटमोचक बना जहां मुझे निःशुल्क उपचार के साथ दवाइयां भी मिल रहीं हैं। ये कहना है राजापारा निवासी 60 वर्षीय रामप्यारे राम का। राम प्यारे शासकीय मॉडल स्कूल में भृत्य के पद पर कार्यरत हैं। कई सालों से उनके पेट में दर्द एवं जलन की शिकायत थी। प्रारम्भ में जब राम प्यारे ने अम्बिकापुर में निजी अस्पताल में जांच कराई तो पेट में अल्सर होने की बात कह कर चिकित्सकों ने ईलाज प्रारम्भ किया। दो साल तक उपचार होने के बाद आराम ना मिलने पर उन्होंने रायपुर के निजी अस्पताल में अपने ईलाज कराया। जांच में पता चला कि उन्हें अमाशय का कैंसर है। वहां से दूसरे निजी अस्पताल रेफर किया गया। जहां उनका एक साल तक उपचार चला। इस ईलाज में उनकी घर की सारी जमा पूँजी खत्म हो गयी। स्थिति ऐसी बनी कि उन्हें अपना घर बेचने तक की नौबत आ गयी थी। वे कर्ज के बोझ तले दबते चले गए। बच्चों ने जहां से बन पड़ा कर्ज लेकर ईलाज कराने की कोशिश की। ऐसे में उन्हें जिला अस्पताल में निःशुल्क उपचार के संबंध में जानकारी मिली। उन्होंने यहां पर अपना उपचार कराना प्रारम्भ किया। अब उन्हें ईलाज के लिए बार बार रायपुर के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। राम प्यारे बताते हैं कि उनके ईलाज में प्रति माह 90 हज़ार से 1 लाख तक हो जाते थे। ऊपर से आने जाने और अन्य खर्चें अलग से करना पड़ता था। यहां पर उपचार निःशुल्क हो जाता है और कहीं जाने के खर्च की भी जरूरत नहीं पड़ती। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं शासन का धन्यवाद दिया।

घर में राजमिस्त्री का कार्य कर पूरे घर की जिम्मेदारी अपने ऊपर उठाने वाले दीनदयाल की इस हालत से पूरे परिवार में डर का माहौल फैल गया था, पर डॉक्टरों ने समझाया की उन्हें आर्थिक बोझ ना हो इसके लिए वे अपने जिले में ही इसका उपचार करा सकते हैं। जब वे जशपुर आये तो दीर्घायु वार्ड में उनका निःशुल्क उपचार आयुष्मान कार्ड योजना द्वारा प्रारम्भ हुआ। दीनदयाल का जहां बिस्तर से उठना बोलना भी दूभर हो गया था। अब धीरे-धीरे वह ठीक होने लगे हैं वे अब खुद उठ कर बैठने की अवस्था में आ गए हैं।

दीनदयाल असल बीमारी का पता चला

कांसाबेल के कैंसर पीड़ित मरीज दीनदयाल यादव ने बताया कि उन्हें सितम्बर 2023 से कई शारीरिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पहले जब जांच कराई तो हैड्रोसिल की समस्या का पहचान कर उसका ईलाज किया गया। पर शारीरिक व्याधि फिर भी बढ़ती रही पेट में सूजन हो गया। एक दिन वे घर पर काम करते हुए बेहोश हो गए तो 2-3 दिनों तक बेहोशी की हालत में कुनकुरी में ईलाज चलता रहा। जहां बीमारी का ज्ञान ना होने पर अम्बिकापुर में भी जांच हुई तो चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रायपुर जाने की सलाह दी। जहां पर चिकित्सकों की जांच में किडनी का कैंसर होने की बात सामने आई।

मरीजों के खून जांच के लिए मेकाहारा में नई सुविधा हुई शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीज के परिजनों को खून की जांच कराने के लिए सैंपल लेकर पैथोलॉजी लैब नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल में भर्ती अंतः रोगी मरीजों के लिए प्रबंधन ने बड़ा फैसला लिया है। अब वार्ड में भर्ती सभी मरीजों के पैथोलॉजिकल जांच के लिए उनका ब्लड सैंपल वार्ड में एकत्रित कर वार्ड बॉय द्वारा पैथोलैब तक पहुंचाया जाएगा और जांच पश्चात् ब्लड रिपोर्ट एकत्रित करके उसे संबंधित वार्ड में ऑन ड्यूटी नर्स को दिया जाएगा। अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर मेडिसिन मेल वार्ड क्र. 8 एवं 9 तथा मेडिसिन फीमेल वार्ड क्रं. 10 एवं 11 में भर्ती मरीजों के लिए यह व्यवस्था शुरू की गई है। धीरे-धीरे सभी वार्डों में सैंपल कलेक्शन सिस्टम की यह व्यवस्था लागू हो जाने के बाद मरीजों को सबसे बड़ी राहत मिलेगी और उनके अटेंडर को भी जांच के लिए ब्लड सैंपल को लेकर पैथोलॉजी लैब तक नहीं जाना पड़ेगा। रिपोर्ट भी उनको समय पर मिल जायेगा। विदित हो कि 1340 बेड के अम्बेडकर अस्पताल में रोजाना 950 से भी अधिक मरीज भर्ती रहते हैं।

▸▸ वार्ड में भर्ती मरीजों के ब्लड सैम्पल को वार्ड बॉय लेकर जाएगा पैथोलॉजी लैब, रिपोर्ट कलेक्ट कर सीधे पहुंचायेगा वार्डों में

▸▸ मरीज के परिजनों को मिलेगी बड़ी राहत, अटेंडर को ब्लड सैंपल लेकर नहीं जाना पड़ेगा पैथोलॉजी लैब

नालंदा की सौगात, युवा शिक्षा की दिशा में भरेंगे उड़ान

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। अब उन्हें उच्च शिक्षा के लिए भटकने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि जिले में नालंदा परिसर का निर्माण होने जा रहा है। यह परिसर जिले के युवाओं को शिक्षा की दिशा में एक नई उड़ान भरने का अवसर प्रदान करेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि उन्होंने हमारी लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार करते हुए धमतरी में नालंदा परिसर की घोषणा की। साथ ही, प्रदेश के मंत्री ओ.पी. चौधरी जी का भी आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने प्रदेश के 22 स्थानों पर नालंदा परिसर बनाने की घोषणा की, जिससे प्रदेश भर के युवाओं में शिक्षा के प्रति नया जोश उत्पन्न हुआ है। नालंदा परिसर के निर्माण से अब युवाओं को आगे पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आएगी। यह परिसर हर वर्ग के युवाओं को अपनी शिक्षा पूरी करने का अवसर प्रदान करेगा। अब जिले के विद्यार्थी अपनी हर परीक्षा की तैयारी यहां करेंगे और अपने सपनों को साकार करने में सफल होंगे। इससे न केवल जिले का नाम रोशन होगा, बल्कि युवा समाज का भी नाम सम्मानित होगा। जिले में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिलने की उम्मीद भी जताई गई है, जिससे अन्य जिलों के विद्यार्थियों को भी फायदा होगा। पॉलिटेक्निक कॉलेज का उन्नयन भी किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक छात्र इसका लाभ उठा सकेंगे। हम विश्वास रखते हैं कि यह परिसर जिले के युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा और हम पुनः वर्तमान सरकार का आभार व्यक्त करते हैं जो धमतरी की शिक्षा को नई दिशा दे रही है।

तरोताजा कर देगी हरी-भरी वादियों में बहने वाली नरहरा जलप्रपात

धमतरी/नवप्रदेश। घने जंगल में 22 फिट ऊँचे चट्टानों के बीच से गिरता दुधिया रंग के पानी का खूबसूरत नजारा धमतरी जिले में मौजूद नरहरा धाम का है। इसे ऋषि मारकंडे की तपोभूमि के नाम से भी जाना जाता है। नगरी विकासखण्ड के ग्राम झूरातराई-कोटरवाही के समीप स्थित नरहरा धाम प्राकृतिक जलप्रपात को पर्यटन के दृष्टिकोण से उभारा गया है। नरहरा धाम को पर्यटन क्षेत्र के तौर पर विकसित करने के साथ-साथ इसमें ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है, जिससे उन्हें निश्चित आय और रोजगार मुहैया हो। नरहरा धाम को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर उसका प्रबंधन एवं नियंत्रण का प्राधिकार ग्राम समिति अथवा ग्रामसभा ग्राम कोटरवाही एवं झूरातराई के ग्रामीणों को दिया गया है। नरहरा धाम पहुंचने के लिए पहुंच मार्ग तैयार किया गया है। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया गया है। पर्यटन क्षेत्र में सामुदायिक शौचालय, स्वच्छता, वाहन पार्किंग, टुरिस्ट गाइड आदि का संचालन स्थानीय ग्रामीण महिलाओं और पुरूषों के समूह द्वारा की जा रही है। धमतरी जिला मुख्यालय से तकरीबन 35 किलोमीटर दूर यह नरहरा धाम कुकरेल से बिरझुली जाने वाली पक्की सड़क के बाद कोटरवाही से 5 किलोमीटर है। जलप्रपात का स्वरूप पूरी तरह से प्राकृतिक है और आसपास का पूरा पानी बहकर आगे बढ़ने के दौरान नरहरा धाम में जलप्रपात का स्वरूप लेता है। चट्टानों के ऊपर से पानी का बहाव साफ जाहिर करता है कि पानी के तेज बहाव में चट्टानों को काटकर प्राकृतिक सौंदर्य का रूप दिया है। महानदी में जाकर मिलता है। नरहरा धाम पर्यटन की दृष्टि से ऐतिहासिक स्थल होने के साथ-साथ धार्मिक आस्था का केंद्र भी है। यहां कभी ऋषि मारकंडे तप किया करते थे और यह जगह उनका तपस्थली हुआ करता था। इसी जगह पर माता नारेश्वरी देवी का मंदिर भी स्थापित किया गया है। रोजाना यहां सैकड़ों लोग पिकनिक मनाने पहुंचते है।

छत्तीसगढ़ का लोक पर्व छेर-छेरा पुन्नी 13 को

रायपुर/नवप्रदेश। इस वर्ष छत्तीसगढ़ का लोक पर्व छेर-छेरा पुन्नी 13 जनवरी सोमवार को है। इसे छेर-छेरा तिहार भी कहा जाता है। यह पर्व विशेषकर छत्तीसगढ़ के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मनाया जाता है।

धान की नई फसल के दान से जुड़ी इस परंपरा को बच्चों की टोली घर-घर जाकर छेर-छेरा माई कोठी के धान ला हेर-हेरा किसानों के इस महत्वपूर्ण पर्व के दिन माता शाकम्भरी का प्रकटोत्सव भी है। धान लेने के रिवाज के पिछे मान्यता है कि दान करने से घरों में धन-धान्य की कमी नहीं होती। युवा इस दिन डंडा नृत्य करते हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शासन ने इस सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

सेल ने महाकुंभ मेला के लिए 45,000 टन स्टील की आपूर्ति की

नई दिल्ली/ भिलाई/नवप्रदेश। भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी स्टील उत्पादक महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने प्रयागराज में आयोजित होने वाले आगामी महाकुंभ मेला 2025 के लिए लगभग 45,000 टन स्टील की आपूर्ति की है। कंपनी द्वारा आपूर्ति की गई स्टील की कुल मात्रा में चेकर्ड प्लेट, हॉट स्ट्रिप मिल प्लेट, माइल्ड स्टील प्लेट, एंगल और जॉइस्ट शामिल हैं। सेल ने इससे पहले भी 2013 के प्रयागराज महाकुंभ मेले के दौरान भी स्टील की आपूर्ति की थी, जो इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक आयोजन के लिए कंपनी के निरंतर योगदान को दर्शाता है। सेल द्वारा आपूर्ति की गई स्टील महाकुंभ मेला - 2025 के सुचारू और सफल संचालन के लिए आवश्यक विभिन्न अस्थायी संरचनाओं के निर्माण में किया गया है। इनमें पोंटून पुल, आवागमन मार्ग, अस्थायी स्टील पुल, सबस्टेशन और फ्लाईओवर शामिल हैं। इस स्टील आपूर्ति के प्रमुख कस्टमर्स में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), उत्तर प्रदेश राज्य पुल निगम, विद्युत बोर्ड और उनके आपूर्तिकर्ता शामिल हैं।

सेल इस तरह के विशाल आयोजन में स्टील का योगदान करने पर गौरवान्वित है, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। कंपनी राष्ट्रीय परियोजनाओं में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करती है और इसकी सांस्कृतिक और सामाजिक बुनियाद को समृद्ध करती है।

कामकाज की समीक्षा *मंत्री केदार कश्यप बोले- कार्यों में लेट लतीफी और लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त*

गोदावरी-कावेरी लिंक परियोजना में शामिल करने एनडब्ल्यूडीए को भेजेंगे प्रस्ताव

विभागीय कामकाज की समीक्षा की

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में जल संसाधन विभाग के विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही निविदा की प्रक्रिया शुरू करने की सख्त हिदायत दी।

मंत्री कश्यप ने बैठक में सभी मुख्य अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद समय-सीमा के भीतर टेंडर लग जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लेट लतीफी व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आचार संहिता के पूर्व संपन्न हो कार्य

बैठक में जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में स्वीकृत कार्यों की निविदा की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त स्वीकृत कार्यों की निविदा प्रक्रिया को पूर्व बैठक में दिए गए निर्देश के अनुरूप लक्ष्य लेकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर 2024 तक के निविदा कार्य आदेशों को स्थानीय निकाय चुनाव आचार संहिता के पूर्व संपन्न किया जाए, साथ ही उन्होंने समय-समय पर कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में मंत्री केदार कश्यप ने पुनरक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हो पाने के कारण लंबे समय से अपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति हेतु मंत्री परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव तत्काल शासन को प्रस्तुत करने कहा है ताकि समय में योजनाओं को स्वीकृति प्राप्त कर संबंधित कार्यों को पूर्ण किया जा सके।

डीपीआर शासन को प्रेषित करने निर्देश

मंत्री कश्यप ने कहा कि नदी जोड़ो अभियान केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। महानदी से इंद्रावती नदी को जोडऩे वाली परियोजना को गोदावरी कावेरी लिंक परियोजना में शामिल करने के लिए एनडब्ल्यूडीए को प्रस्ताव भेजने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बांध सुरक्षा अधिनियम से संबंधित कार्यों एवं भूजल स्मार्ट मीटर लगाने के लिए ईओआई बुलाने का कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ करें। उन्होंने सिकासर बांध से कोडार बांध को जोडऩे के कार्य सर्वेक्षण एक माह के भीतर पूर्ण करने के लिए डीपीआर शासन को प्रेषित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

स्टेट वॉटर इनफॉर्मेशन सेंटर बनेगा

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जगदलपुर में मुख्य अभियंता कार्यालय के लिए वित्त विभाग से अनुमोदन हो चुका है। तत्काल आवश्यक औपचारिकता पूर्ण कर बस्तर वासियों को मुख्य अभियंता कार्यालय प्राप्त होगा। अधिकारियों ने बताया कि राज्य जल सूचना केंद्र (स्टेट वॉटर इनफॉर्मेशन सेंटर) की स्थापना की जाएगी। जिसके लिए 22 पदों की सहमति वित्त विभाग से प्राप्त हो चुकी हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654